सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-148 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 05 नवम्बर 2023
20 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा

www.avadhnama.com




# रेप मामले में विजय मिश्रा को पंद्रह साल की जेल

- चुनाव के दौरान महिला सिंगर से किया था रेप
- चेंजिंग रूम में की दरिंदगी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के पूर्व विधायक व बाहुबली नेता विजय मिश्रा को दुष्कर्म के मामले में 15 साल की सजा सुनाई गई है।

पूर्व विधायक को भदोही जिले की एमपी/एमएलए कोर्ट ने यह सजा सुनाई है। कोर्ट ने चार बार के पूर्व विधायक विजय मिश्रा को वाराणसी की सिंगर से बलात्कार के मामले में 15 साल की जेल और 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने बाहुबली विजय मिश्रा को धमकी देने के आरोप में 2 साल की अतिरिक्त सजा का ऐलान किया है। वहीं, कोर्ट ने बेटे विष्णु और नाती को दुष्कर्म के आरोप में सबूतों के आधार पर बरी कर दिया है। बता दें कि ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर 2020 में गोपीगंज कोतवाली में वाराणसी की महिला सिंगर ने सामूहिक बलात्कार का केस दर्ज कराया था। पीड़िता द्वारा बताया गया की 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के दौरान बलात्कार किया गया, जिसमें पहले पूर्व विधायक विजय मिश्रा ने धनापुर आवास में जबरन रेप किया।

### धमकाने के मामले में दो साल की अतिरिक्त सजा



इस पूरे मामले पर सरकारी वकील दिनेश पाण्डेय ने बताया की लगभग 9 साल पहले हुई दुष्कर्म की वारदात में भदोही जिले कि एमपी/एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक विजय मिश्रा की पेशी हुई। जहां कोर्ट ने सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर लगे गैंगरेप की धारा को हटाकर 376 (2)(एन) के तहत 15 साल सश्रम कारावास की सजा का सुनाई है। साथ ही साथ 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

80 करोड़ लोगों को पीएम मोदी ने दिया दिवाली का बड़ा तोहफा

# पांच साल तक फ्री में मिलेगा राशन

- छत्तीसगढ़ में पीएम ने किया ऐलान
- जो कहते हैं, वह करते हैं
- मैं गारंटी देता हूं छत्तीसगढ़ में बनेगी भाजपा सरकार



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों गरीब लोगों को शनिवार को दिवाली का तोहफा दे दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की फ्री राशन योजना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया।

इस योजना के तहत देश के करोड़ों गरीब लोगों को सरकार की ओर से राशन मुहैया कराया जाता है। योजना के विस्तार का ऐलान ऐसे समय किया गया है, जब एक सप्ताह बाद दिवाली का त्योहार है। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा, बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं वो करते हैं। मै आपको गारंटी देता हूं कि बीजेपी छत्तीसगढ़ बनाएगी, लेकिन कांग्रेस पार्टी का झूठ का पुलिंदा है बीजेपी के संकल्प पत्र के सामने खड़ी हूं। कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता भ्रष्टाचार के जरिए अपना खजाना भरना है। उन्होंने कहा, मैं छत्तीसगढ़ भाजपा की पूरी टीम को बधाई दूंगा कि उन्होंने आपके सपनों को सच बनाने वाला संकल्प पत्र कल ही जारी किया है। इस संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें, यहां के युवा और यहां के किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की प्राथमिकता है अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। आप यहां सरकारी दफ्तरों में जाते हैं, तो एक ही बात बोलते हैं - 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है, इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है - अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो।

### तीन दिसंबर को कांग्रेस की असली पिक्चर दिखेगी

**रतलाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के दो बड़े नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच चल रहे मनमुटाव पर तंज कसा। उन्होंने रतलाम की सभा में कहा कि यहां कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने की कम्पीटिशन चल रही है। अभी तो यह फिल्म का ट्रेलर है। तीन दिसंबर को भाजपा की जीत के बाद यहां कांग्रेस की असली पिक्चर दिखेगी। कांग्रेस की असली सिर फुटव्वल होगी। अभी तो प्रैक्टिस चल रही है। यह दोनों कपड़ा फाड़ नेता तो अपने-अपने बेटों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। लड़ाई इस बात की है कि किसका बेटा मध्य प्रदेश कांग्रेस पर कब्जा करेगा।

# भूकंप से हिला नेपाल, 157 की मौत

- शुक्रवार देर रात आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप में कई इमारतें ढही
- राहत व बचाव का कार्य जारी
- वित्तीय पैकेज की घोषणा



**काठमांडू।** भारत के कई राज्यों में शुक्रवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसी क्रम में नेपाल की धरती भी कांपी, यहां इसके भयावह परिणाम देखे गए। शनिवार तक इस आपदा में मृतकों की संख्या 157 पहुंच गई है। आपदा को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने भूकंप से हुई मानवीय और भौतिक क्षति पर दुख व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी से भूकंप में घायल हुए लोगों को बचाने और उन्हें मुफ्त और प्रभावी उपचार प्रदान करने की अपील की है. आयोग के प्रवक्ता टीकाराम पोखरेल ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आयोग सरकार और राजनीतिक दलों सहित सभी संबंधित पक्षों से भूकंप में घायल हुए लोगों को मुफ्त और प्रभावी उपचार प्रदान करने और बचाव और राहत कार्यों में शामिल होने का आग्रह करता है।

नेपाल में 2015 में आए भूकंप के बाद से इस आपदा में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक है. 2015 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आए झटकों से लगभग 9,000 लोग मारे गए थे।

नेपाल पुलिस के अनुसार, करनाली प्रांत के जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिलों में आएभूकंप के कारण 166 लोग घायल हैं। नेपाल में भूकंप के कारण जाजरकोट और रुकुम में कई सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। कई पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं. ऐसे में स्थानीय राहत और बचाव कर्मियों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है. काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों का इलाज सुरखेत जिला अस्पताल में जारी है।

### हर संभव मदद के लिए भारत तैयारः मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ एकजुटता से खड़ा है और उसे हर संभव मुहैया कराने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान को लेकर बहुत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए तैयार है। हम शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

### अंबानी को धमकाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुकेश अंबानी को धमकी भरे ई-मेल भेजने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक शख्स को तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 19 साल के गणेश रमेश वनपारधी के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया और 8 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, दूसरे आरोपी को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुजरात के गांधीनगर से अरेस्ट किया है, जिसका नाम शादाब खान है। फिलहाल पुलिस शादाब से मामले में पूछताछ कर रही है। मुकेश अंबानी को 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक जान से मारने की धमकी भरे पांच ई-मेल भेजे गए थे। इसमें 400 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। पुलिस ने बताया कि ये धमकियां दो अलग-अलग मेल ढ्ढष्ठ से की गई थीं। अंबानी को धमकी भरा पहला मेल 27 अक्टूबर को मिला था। इसमें 20 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। अगले दिन 28 अक्टूबर को फिर एक मेल मिला। इसमें रकम बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए कर दी गई।

# मध्य प्रदेश में खिलेगा कांग्रेस का कमल, सत्ता में आएंगे नाथ

- विधानसभा चुनाव से पहले सर्वे रिपोर्ट
- राज्य में एक ही चरण में होंगे चुनाव
- बीजेपी और कांग्रेस के बीच है टक्कर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी-कांग्रेस ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। प्रचार के लिए दोनों ही पार्टियों के राष्ट्रीय स्तर के नेता यहां पहुंच रहे हैं। राज्य में इस बार दोनों दलों के बीच कांटे की टक्कर है। बीजेपी जहां सरकार में है वहीं, कांग्रेस सत्ता में वापसी के दावे कर रही है। दोनों पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

शनिवार को एक नए ओपिनियन पोल की रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट से कांग्रेस खेमे में खुशी हो सकती है। वहीं बीजेपी के हाथ मायूसी लग सकती है। एबीपी और सी वोटर्स के सर्वे के अनुसार, मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर है। सरकार विरोधी लहर के बीच बीजेपी को झटका लग सकता है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से बीजेपी को 99 से 111 सीटें मिल सकती हैं। वहीं कांग्रेस 118 से 130 सीटें जीतकर राज्य की सत्ता में वापसी कर सकती है। जबकि अन्य के खाते में 0-2 सीट जाने का अनुमान है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश के चबंल इलाके में बीजेपी को नुकसान हो सकता है। चंबल क्षेत्र की 34 सीटों में से सत्ताधारी बीजेपी 4 से 8 सीट मिलने का अनुमान है। जबकि कांग्रेस के खाते में 26 से 30 सीटें जा सकती हैं। वहीं अन्य के खाते में 0-2 सीटें जा सकती हैं। बात करें बघेलखंड रीजन की तो यहां भी कांग्रेस आगे दिखाई देती है।

# अयोध्या में दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

- 24 लाख दीपों से रोशन होगी रामनगरी



**अयोध्या।** दीपोत्सव समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या सज-संवर रही है। इस आयोजन को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूर्वाभ्यास भी माना जा रहा है। दीपोत्सव में मंदिर निर्माण का उत्साह दिखाने की कोशिश है। समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

दीपोत्सव के दूसरे दिन 12 नवंबर को कारसेवक पुरम में वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। रामलला के अस्थायी मंदिर के आखिरी दीपोत्सव को यादगार बनाने का प्रयास हो रहा है। पूरी अयोध्या को 24 लाख दीपों से रोशन किया जाएगा। वहीं दीपोत्सव के साथ-साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां भी चल रही हैं। शनिवार को कारसेवकपुरम में निर्माणाधीन टेंट सिटी की प्रगति देखने अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता भी पहुंचे।

### अयोध्या में अक्षत पूजन पांच नवंबर को

पांच नवंबर को अयोध्या में होने वाले अक्षत पूजन के बाद पूजित अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी देश के पांच लाख गांवों में भेजा जाएगा। इसके माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामभक्तों से 22 जनवरी को सुबह 11 से 01 बजे के बीच अपने-अपने स्थानों पर अनुष्ठान करने व शाम को दीपोत्सव मनाने की अपील करेगा। पत्रक में भक्तों को राममंदिर की संरचना व सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 300 लोगों की समस्याएं, दिए दिशा-निर्देश

# कब्जामुक्त कराएंगे दबंगों से जमीनः योगी

अवधनामा संवाददाता

- अफसरों को दिए निर्देश, जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ करें कठोर कार्रवाई



**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन कब्जा किए जाने से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ऐसी ही एक शिकायत लेकर पहुंची महिला को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनकी जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ ही आवास भी बनवाया जाएगा।

शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में जुटे करीब 300 लोगों से मिले। उन्होंने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में एक महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उसके पास पक्का आवास नहीं है, साथ ही जमीन पर दबंग ने कब्जा कर लिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द जमीन कब्जा से मुक्त कराकर महिला को वापस दिलाने का आदेश दिया। सीएम योगी ने महिला से कहा, परेशान मत हों। जमीन खाली कराकर वापस तो दिलाएंगे ही, उस पर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना से पक्का आवास भी बनवाएंगे। जमीन पर कब्जा संबंधी सभी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाकर जमीनों को कब्जे से मुक्त कराएं। हर बार की तरह शनिवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे।

### आजम खान को गवाही के लिए पेश न करने पर कोर्ट नाराज

**रामपुर।** सरकारी लेटर पैड एवं मोहर का गलत इस्तेमाल कर वैमनस्यता फैलाने के मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आजम खां को गवाही दर्ज कराने के लिए पेश न किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने डीजीपी को पत्र लिखकर कहा है कि वह अगली तारीख पर आजम खां को पेश करना सुनिश्चित करें। मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी। कोर्ट ने पत्र में कहा कि इस मामले में अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है और आजम खां के बयान दर्ज किया जाना बाकी है। कोर्ट ने कहा कि सीतापुर जेल में बंद आजम खां को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया, लेकिन सीतापुर जेल के अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों के चलते उन्हें कोर्ट में पेश करने से इन्कार कर दिया है।

मुकाबला — जयशंकर और इस्राइली समकक्ष की बात

# आतंक से लड़ाई पर है साथः जयशंकर

- फलस्तीन में टू-स्टेट समाधान पर जोर
- इस्राइल के साथ खड़ा है भारत



**रोम।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अपने इस्राइली समकक्ष एली कोहेन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। गाजा में आतंकी समूह हमास के खिलाफ इस्राइली सेना की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच, जयशंकर ने आतंकवाद का मुकाबला करने, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने पर भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि फलस्तीन मुद्दे पर भारत दो-देश समाधान के प्रति भी प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, आज दोपहर इस्राइल के विदेश मंत्री एली कोहेन से बात की। विदेश मंत्री ने बताया कि कोहेन के साथ बातचीत के दौरान इस्राइल मौजूदा हालात का आकलन कैसे करता है, इस पर सूचनाएं साझा की गईं। दोनों के बीच चर्चा फलस्तीन मुद्दा, गाजा में मौजूदा स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता और शांति सुनिश्चित करने वाले समाधान खोजने के महत्व पर केंद्रित रही। आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने इस खतरे का मुकाबला करने के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि युद्धग्रस्त इलाकों में नागरिकों का जीवन सुरक्षित रहे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, भारत ने हमेशा इस्राइल के साथ शांति से सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर रहने वाले फलस्तीन के एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य देश की स्थापना के लिए सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत की है।

> "इस्राइली विदेश मंत्री के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने दशकों पुराने इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष और दो-देश समाधान पर भारत के दृढ़ समर्थन को भी व्यक्त किया। बता दें कि विदेश मंत्री शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम के दौरे पर थे। सीनेट के विदेश मामलों और रक्षा आयोग के संयुक्त सचिव सत्र में जयशंकर ने बातचीत के माध्यम से संघर्ष को हल करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### इसरो चीफ सोमनाथ ने अपनी ऑटोबायोग्राफी की पब्लिशिंग रोकी

**बेंगलुरु।** इसरो चीफ एस सोमनाथ ने शनिवार 4 नवंबर को कहा कि वे अपनी ऑटोबायोग्राफी (आत्मकथा) निलावु कुडिचा सिम्हंगल (शेर जो चांदनी निगल गए) की पब्लिशिंग वापस ले रहे हैं। ऑनमनोरमा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बुक में सोमनाथ ने जिक्र किया था कि उनका प्रमोशन भारतीय स्पेस एजेंसी के पूर्व चीफ के सिवन ने रोका था। वे नहीं चाहते थे कि मैं संस्था का चीफ बनूं। इस पर विवाद शुरू हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमनाथ ने अपनी किताब में चंद्रयान-2 की नाकामी का भी जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है कि चंद्रयान-2 जल्दबाजी के कारण फेल हुआ था। मिशन से पहले किए जाने वाले सभी टेस्ट नहीं हुए थे। हालांकि, शनिवार 4 नवंबर को सोमनाथ ने इस बारे में बात की। उन्होंने कहा कि किताब में मैंने अपनी इसरो चीफ बनने तक की यात्रा बताई है।

# 25 इलाकों में 400 के पार एक्यूआई

## गंभीर श्रेणी में दिल्ली की हवा, ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित

- मंगलवार तक खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकती है हवा




**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है। हालांकि, वायु सूचकांक में कमी देखने को मिली। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 415 दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार के मुकाबले वायु सूचकांक में 53 अंक की गिरावट दर्ज की गई। शादीपुर व आनंद विहार समेत 25 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में रही।

सुबह से ही स्मॉग की चादर छाई नजर आई, दोपहर में धूप निकलने के बाद भी इससे कोई राहत नहीं मिली। ऐसे में लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत व गले में खराश होने लगी है। दिल्ली में समग्र रूप से हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा सर्वाधिक प्रदूषित रहा। विशेषज्ञों के अनुसार हवा की गति कम होने, हवा में पड़ोसी राज्यों में जलने वाली पराली का धुआं घुलने साथ स्थानीय कारक है जो प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में शनिवार को 25 इलाकों में गंभीर श्रेणी हवा दर्ज की गई। वहीं, 9 इलाकों में हवा बेहद खराब रही। इसमें शादीपुर में 475, अलीपुर व आनंद विहार में 473 एक्यूआई दर्ज किया गया। साथ ही, वजीरपुर में 460, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 452, पंजाबी बाग में 448 समेत कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी दर्ज किया गया। वहीं, आईटीओ में 387, डीटीयू में 383, नजफगढ़ में 393, जेएलएन में 398 समेत 9 इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शनिवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम से उत्तर दिशा की ओर से चली।

# मतदाता पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत तहसील से निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता मतदाता पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत आज सुबह आठ बजे तहसील से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र और छात्राएं शामिल हुई । रैली को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी रवाना किया।मतदाता जागरूकता की साइकिल रैली तहसील से बरबर रोड से बाजार गज से नाथू चौराहा चौराहा से पीडी कालेज से अशोक चौराहा से हनुमान मंदिर होते हुऐ तहसील मे समाप्त हुई।रैली मे लगभग दस विद्यालय के छात्र और छात्राऐ शामिल हुई।रैली को समबोन्धित करते हुऐ उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने सभी का आभार जताते हुऐ कहा कि इस रैली का मकसद कि आम जन मानस मे जागरूकता लाना है। ज़ो छात्र और छात्राऐ जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयू पूरी कर चुके है वो अपना वोट बनवा ले। हर बूथ पर बीएलओ शनिवार और रविवार बैठेंगे। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जेपी प्रधानाचार्य के मनोज खरे,राजवीर सिह, मो.दिलशाद, हरी नन्द,पीडी कालेज, मोहम्मदी महाविद्यालय, कृष्णा महाविद्यालय, राजकीय कालेज सहित अन्य कालेज शामिल रहे कार्यक्रम मे विशेष रुप से क्राइम इंस्पेक्टर अश्विनी विश्वकर्मा ,सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह, नगर पुलिस मौजद रही, वही तहसील से सीआरसी पुनीत अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, अर्पित कुमार का विशेष योगदान रहा।

# भ्रमण के दौरान एक मिट्टी से भारे वाहन को पकड़ा

**लखीमपुर खीरी।** अवैध खनन का कार्य करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक मिट्टी से भारे वाहन को पकड़ा। वाहन चालक के पास अभिलेख ना होने की सूरत में एसडीएम ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ट्रैक्टर चालक से मिट्टी से संबंधित अभिलेख मांगे गए तो वह मौके पर कोई अभिलेख नहीं दे सका जिसके चलते एसडीएम ने पुलिस को फोन कर मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ मिल रही शिकायतों के आधार पर उनके द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब पकड़ कर चालक से अभिलेख मांगे गए तो वह अभिलेख नहीं दे सका जिसके चलते उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों को दिए टिप्स



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** शुक्रवार को पिसावां बाल विकास परियोजना के प्रभारी डाक्टर अनूप कुमार सिंह ने क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों की बैठक की। उन्होंने बताया कि पहले कार्यकत्री समय केंद्रो का संचालन करें । राशन वितरण पात्र लाभार्थी को वितरण करें।

उन्होंने बताया जो समूह के लोग समय से राशन न दें ता उसकी तत्काल सूचना दें। पोषण टेकर पर समस्त लाभार्थी को अपलोड किया जाए। पोषण टेकर पर नियमित व समय से वजन, गृह भृमण तथा प्राप्त राशन भरा जाए। उन्होंने बच्चों शारीरीक व मानसिक वृद्धि के लिये पूर्व मे आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों दी गयी सामग्री यथा पहल पुस्तका आईएलए माड्इ आदि खेल खेल के माध्यम से बच्चों का विकास कराएं। उन्होंने बताया आगनबाडी कार्य कत्रियों का अच्छा कार्य करने पर प्रोत्साहित कर पुरूकृत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो कार्यकत्री कार्य मे शिथिलता वरतेगी तो कार्यवायी कर सेवा समाप्त भी की जा सकती है। बैठक में आयुषी मिश्रा, राजन बाजपेयी, सुनीता राठौर, नीलू देवी, शोभा मिश्रा, ऊमा मिश्रा आदि मौजूद रही।

# अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों की दुकानों पर चली प्रशासन की जेसीबी



**लखीमपुर खीरी।** नहर पटरी रोड पर आवास विकास कालोनी वाली क्रासिंग के समीप कच्चा पक्का अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों की दुकानों पर चली प्रशासन की जेसीबी कई टीन शेड और चबूतरे तोड़े गये अवैध रूप से लगे कई होर्डिंग्स भी हटाये गये।

## 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण 1.रामबहादुर पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम ऐरा थाना खमरिया खीरी ( वारंट वाद संख्या 1229/20 वसूली प्रा0पत्र) व 2. लक्ष्मी पुत्र सीताराम निवासी ग्राम चिकवनपुरवा मजरा समरदाहरि थाना खमरिया खीरी (वारंट वाद संख्या 159/95 धारा 25 आर्म्स एक्ट )को गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है।

## सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, अराजकतत्वों ने आरोपी की दुकान में की तोड़फोड़

**लखीमपुर खीरी।** संपूर्णानगर में आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से आहत किशोरी की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है परिजनों ने ग्रामीणों को साथ लेकर शनिवार सुबह सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। इस बीच कुछ अराजकतत्वों ने आरोपी की दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद भड़की भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। कस्बे की दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई घटना से कस्बे में तनाव के हालात बन गए हैं पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

## आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली भाईदूज को ध्यान में रखते पीस कमेटी बैठक का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली भाईदूज को ध्यान में रखते हुए थाना मैलानी की संसारपुर पुलिस चौकी पर पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस क्षेत्राचिकारी प्रवीण कुमार यादव ने त्यौहारों पर जनसहयोग की अपील कर शरारती तत्वों के अराजकता फैलाने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीओ प्रवीण कुमार यादव ने त्यौहार में किसी प्रकार का खलल ना पड़े इसके लिए कस्बे सहित आसपास के सभी धर्मगुरुओं व साक्रान्त व्यक्ति व प्रधानों से संवाद स्थापित किया और सभी से शान्तिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की । सीओ प्रवीण कुमार यादव ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष मैलानी देवेन्द गंगवार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की असुविधा ना हो, किसी भी त्यौहार में कोई नई परम्परा नहीं डाली जाएगी। इस मौके पर रामप्रसाद देवल, प्रदीप दीक्षित, मनोज गुप्ता, प्रधान कन्धई लाल, मौलाना साजिद, इंसाफ खान, मुकर्रब अली, मुनीश वर्मा, हेड कॉन्स्टेबल ब्रजेश यादव, आरक्षी जगेंद सिंह, राजकुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र सैनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक ही प्लेटफार्म पर अधिक से अधिक सुविधाओं हेतु सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया गया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कामगार एवं श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के उद्देश्यों की क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर कौशल प्राप्त युवाओं को सेवामित्र पोर्टल sewamitra.up.gov.in के माध्यम से समस्त सरकारी / अर्द्ध सरकारी विभागों में एवं उनके अधीनस्थ संस्थाओं में विभिन्न प्रकार की सेवायें प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

वर्तमान में सेवामित्र पोर्टल पर टैक्सी, इलेक्ट्रीशियन, ए0सी0सर्विस मेकैनिक, रंगाई तथा पुताई विभिन्न सर्विस इत्यादि की सेवायें उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश सरकार श्रम अनुभाग-5 द्वारा भारत के समस्त नागरिकों को एक ही प्लेटफार्म पर अधिक से अधिक सुविधाओं हेतु सेवामित्र पोर्टल का संचालन किया गया है।

सेवामित्र पोर्टल की अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 155330 एवं जिला सेवायोजन अधिकारी श्री संतोष कुमार सिंह के मोबाइल नम्बर- 9773665097 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## नियमों को पूरा करने वालों का ही निशुल्क रिफिल होगा सिलेंडर

**सीतापुर।** जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने है। इसके तहत शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन दिशा-निर्देश मिले हैं।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर 2023 से दिसम्बर 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही योजना हेतु पात्र होंगे। उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत तीनों ऑयल कंपनियों इण्डियन आयल कार्पोरेशन लि, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि व हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि के जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणन पाया गया है, उन्हीं लाभार्थियों को सर्वप्रथम योजना का लाभ दिया जाएगा। लाभार्थियों के आधार प्रमाणित खातों में सब्सिडी हस्तांतरित किए जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ऑयल कम्पनियों का होगा।

## 21 नवंबर से 27 नवंबर तक होगी रामकथा

**सीतापुर।** अखिल भारत वर्षीय श्री रामचरित मानस समिति द्वारा 21नवम्बर से 27 नवम्बर तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा। रामकथा के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक की गई।

बैठक के दौरान पहले दिन कथाव्यास ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में नगर भ्रमण शोभा यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष विश्वम्भर तिवारी ने सभी से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आयोजन दिव्य व भव्य तरीके से किया जाएगा। इस दौरान विश्वम्भर तिवारी, महिपाल सिंह, जूही जयसवाल, भानुप्रकाश चतुर्वेदी, कमलेश कुमार पाण्डे, आकाश राय, अवधेश कुमार मिश्र, पूनम चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## कथा सुनने जुटे श्रद्धालु



**सीतापुर।** महोली क्षेत्र के बिहट गौड में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है और भागवत महापुराण का नियमित अध्ययन करता है। उसके समस्त पाप दूर हो जाते। उन्होंने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन श्रद्धालुओं को सुनाया। प्रसंग सुनकर श्रोता झूम उठे। कथा समापन पर आरती और प्रसाद का वितरण किया गया।

# चोरी की योजना बनाते हुए 3 गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तीन अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है।



बिसवां कोतवाली पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला झज्झ में छापेमारी की। यहां पर पुलिस टीम ने झज्जर निवासी सलमान पुत्र सलीम, .राहुल पुत्र रामलाल व संकटू पुत्र जोखेलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर चोर हैं। तीनों चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 सरिया, 2 आरी ब्लेड, 1 प्लास,1 अदद चाभी का गुच्छा तथा 3 अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किए हैं। पुलिस ने इस संबंध में आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अतुल कुमार वर्मा, पुलिसकर्मी धर्मराज सिंह यादव, गौरव, पियूष सिंह, निखिल ढाका, आकाश चौधरी, तरूण पटेल, नदीम अली शामिल हैं।

# डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, किया निस्तारण

## जिले की सभी तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए, जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से



लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर करें। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी वसीयत हो रही हो, जिसमे कोई भी वृद्ध व्यक्ति आ रहा है। उस वृद्ध व्यक्ति की अलग काउंसलिंग करवा के ही वसीयत करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, सीओ अभिषेक प्रताप आदि अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 149 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी तरह से तहसील सिधौली में प्राप्त 95 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील लहरपुर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील सदर में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील महोली में प्राप्त 39 प्रार्थना-पत्रों में से 1 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# 5 से 15 नवम्बर तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

## जिलाधिकारी ने अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 5 से 15 नवम्बर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त पाये जाने पर आवश्यकतानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाये। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबो, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच करायी जाये। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाये। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाये। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये।

## संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ

**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ जिसमें कुल 36 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही। बता दे की राजस्व विभाग से संबंधित 17 शिकायतें पुलिस से संबंधित 15 विकास से 3 वहीं अन्य 1 शिकायतें आई जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की नेतृत्व वाली टीम एडीएम द्वारा गठित की गई हैं। एडीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए कहीं भी किसी मामले में कोताही ना बरती जाए इस मौके पर एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह एसडीएम राजित राम गुप्ता, तहसीलदार जीपी सिंह, नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश गुप्ता,बीडीओ वर्षा सिंह बीडीओ बछरावां एसबी सिंह राजस्व निरीक्षक चन्द्र प्रकाश दीक्षित लेखपाल राजीव मिश्र, राहुल त्रिवेदी, शैलेंद्र कुमार सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## समस्याओं का हो गुणवत्तापरक निस्तारणः डीएम 122 मामले में से 11 का मौके पर ही हुआ समाधान

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सलोन में लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निर्देशित किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, पेंशन और भूमि विवाद से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मामले की जांच कर समस्या का निस्तारण करें। भूमि संबंधी वादों में दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने भी पुलिस विभाग से संबंधित लोगों की समस्याएं सुनीं। तहसील दिवस में राजस्व के 82, पुलिस विभाग के 17,विद्युत विभाग के 9 विकास के पांच, नगर पंचायत के 4, समाज कल्याण के दो ,पूर्ति विभाग के दो और लोक निर्माण विभाग के एक मामले आए। कुल 122 मामले आए,जिनमें से 11 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम सालोन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा विधायक सलोन भी उपस्थित रहे।

# फागिंग व सफाई शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** महोली विकासखंड अधिकारी प्रतीक सिंह ने गत दिवस गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने और छिड़काव व फागिंग के निर्देश सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिकेश शुक्ला को दिए थे। जिसके चलते परसेहरा और मल्हपुर गांव में सफाई कर्मियों द्वारा सफाई की गई। गांव मे नाली नाला सफाई के बाद यहां पर फॉगिंग भी करवाई गई है। अगर नियमित सफाई और फॉगिंग होती रही तो कुछ हद तक संचारी रोग नियंत्रण पर काबू पाया जा सकता है। गांवो में सफाई होना शुरू हो गई है तथा कई गांव में सफाई कर्मियों द्वारा फागिंग भी प्रारंभ की गई है।

# दक्षिण भारत में परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति "Varmam" का उत्तर भारत में प्रथम कार्यशाला

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतम बुद्ध नगर।** कोविड के समय पूरे विश्व ने यह अनुभव किया है कि मानव जीवन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता स्वास्थ्य है। आयुर्वेद में भी दीर्घायु के साथ सुखायु एवं हितायु का उल्लेख है जिसका अभिप्रायः हैं कि मानव शरीर को जीवनकाल में स्वस्थ रहने का अवसर मिले तथा जब तक जीवित रहे स्वयं सुखी रहे और अपनी आयु काल के समय दूसरों के हित के लिए भी समय लगाने का अवसर मिल सके। 13 वर्ष पूर्व सिनेतारिका सुश्री प्रियंका चोपड़ा द्वारा विजन मिशन फाउण्डेशन का उद्घाटन किया गया। स्वयं के अनुभव के आधार पर सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा मानवता के कल्याण के लिए विजन मिशन फाउण्डेशन की स्थापना का बीज बोया गया जिसके द्वारा नोएडा में लगभग एक लाख व्यक्तियों का निःशुल्क परीक्षण डायबिटीज के लिए किया गया। गत एक वर्ष में 5 हजार व्यक्तियों का परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत व्यक्तियों को डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित पाया गया। सामान्यतः आम व्यक्ति एलोपैथिक चिकित्सा पर निर्भर रहता है तथा जब बीमार पड़ता है तो डॉक्टर के पास उपचार हेतु जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय परम्परागत चिकित्सा व्यवस्था का उल्लेख हजारों वर्ष वेदकालीन समय विशेषकर चरक एवं सुश्रुता संहिता एवं तमिल ग्रन्थों में विस्तृत रूप में वर्णित है। आयुर्वेद, योग, मर्म चिकित्सा प्रणायाम, कलारी, सिद्ध, आहार, पंचकर्मा, गायन एवं नृत्य थैरेपी, होमा एवं अस्ट्रो थैरेपी एवं वनस्पति विज्ञान के माध्यम से प्रिवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट की विद्या आम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पायी। एलोपैथिक चिकित्सा से कोई लाभ प्राप्त न होने पर हाल ही में केन्या के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री रायला ओडिन्गा की सुपुत्री रोजगैरी ओडिन्गा ने एरनाकुलम में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से डॉ. नारायण नाम्बुधरी के प्रयास से खोई हुई आँखों की रोशनी वापिस पाया। यह महसूस किया गया है कि अब उपयुक्त समय है कि भारत में वर्तमान एलोपैथिक चिकित्सा तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक साथ जोड़ते हुए AAYUSH (एलोपैथिक तथा आयुष पद्धति) को एकीकृत करते हुए चिकित्सा व्यवस्था विकसित की जाये। इस क्रम में आयुर्वेदिक तथा अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों से सम्पर्क किया गया तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु में लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व प्रचलित चिकित्सा पद्धति वरमन जिसका क्रिया आदि का उपचार (शरीर में उपलब्ध 8 हजार से अधिक बिन्दुओं में से 108 बिन्दुओं को स्वयं की अंगुलियों एवं अगूठे के द्वारा बीमारी के अनुसार दबाकर ) किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विश्व अनेकों सभ्यागत संकटों जैसे कि वैश्विक अशान्ति, आतंकवाद, स्वास्थ्य, पर्यावरण-इकोलॉजी डिस्टर्बन्स आदि चुनौतियों से गुजर रहा है।

पिछले एक वर्ष के सतत् एवं कठिन परिश्रम के उपरान्त प्रोफेसर कपिल कपूर जी के नेतृत्व में 200 से अधिक प्रोफेसरों के सक्रिय बौद्धिक सहयोग के माध्यम से 70 देशों की यात्रा करते हुए तथा 500 पुस्तकों का संदर्भ लेते हुए भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को गठित हुई। वैश्विक प्रसन्नता, स्वास्थ्य, मानवता, शान्ति, समृद्धि और जीव-अनुकूल इकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग करते हुए जनोपयोगी भाषा में वैश्विक समकालीन सभ्यतागत संकटों का समाधान, जन सहयोग के माध्यम से करते हुए सामान्यजन तक पहुँचाने के लक्ष्य हेतु यह न्यास एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 153 शिकायतें, मात्र 5 का हो सका निस्तारण

## डीएम रहे मौजूद, शिकायतों में अव्वल रहा राजस्व विभाग

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** तहसील रामनगर के सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई 153 शिकायतों में से 5 का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी रामनगर व जिला तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 76, पुलिस के 33, विकास विभाग के 19, विद्युत के 05, पूर्ति निरीक्षक के 02, जिला कृषि विभाग के 03, समाज कल्याण के 03, चिकित्साधिकारी का 01, प्रोवेशन विभाग के 03, गन्ना विभाग का 01 प्रकरण, नगर पंचायत रामनगर का 01 प्रकरण, इस प्रकार कुल 153 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमे 04 राजस्व विभाग, 01 पुलिस विभाग कुल 05 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समस्त उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक करते हुये जांच आख्या ससमय उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अन्य उपस्थित शिकायतकर्ता को कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए देह दूरी बनाये रखने तथा मास्क एवं बार-बार साबुन से हाथ धोने के सुझाव दिये गये।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार पवन कुमार उप जिलाधिकारी फतेहपुर की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग 73, पुलिस विभाग 19 विकास विभाग 12, खाद्य एवं रसद विभाग 11, विद्युत विभाग 11, नगर निकाय 02, लोक निर्माण विभाग 2, चकबन्दी विभाग 02, जलनिगम एक कुल 133 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से सम्बन्धित 13 प्रकरण प्रकरणो का तत्काल निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम, अवर अभियन्ता नलकूप, सहायक अभियन्ता, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियन्ता विद्युत, चबन्दी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर, निन्दूरा, सूरतगंज एव नायब तहसीलदार, कुर्सी, फतेहपुर एवं अन्य विभाग उपस्थित रहे।

## झोपड़ी में सो रहे बुजुर्ग की ईंटो से कूचकर हत्या, पुरानी रंजिश में चार नामजद

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सराय का स्थान मे 80 वर्षीय बुजुर्ग की ईट से कुचल कर हत्या कर दी गयी। मृतक काफी समय से खेत मे झोपडी बना कर खेतो मे ही रहता था। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों ने डॉग स्क्वाड एव फोरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना किया। मृतक के पुत्र ने पुरानी रंजिश मे चार लोगो को नामजद करते हुए थाने पर तहरीर दी है।

बताते चले कि जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर मजरे कडेरा निवासी 80 वर्षीय वृद्ध बहादुर पुत्र मंगरे काफी समय से सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सराय का स्थान मे स्थित अपनी बाग़ मे झोपडी बनाकर रहते थे। नित की भांति शुक्रवार की देर शाम घर से आये खाना खाने के बाद वृद्ध अपनी झोपडी मे सो गये शनिवार की सुबह खेत पहुंचे लोगो ने देखा कि वृद्ध बहादुर का बगल मे ही स्थित बाग़ मे पड़ा हुआ है ईंट से कुचल कर की गयी हत्या के कारण शरीर पर कई गहरी चोटो के निशान बने हुए है। वृद्ध की हुई हत्या की सूचना मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नरायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी ने डॉग स्क्वाड एव फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लेते हुए सभी विन्दुओ पर जाँच शुरु कर दी है।

मृतक के पुत्र संतराम ने थाना सफदरगंज मे तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पिता की हत्या पुरानी रंजिश के कारण हुई है जिसमे जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टाडपुरवा निवासी विट्टू उर्फ़ बब्लू व सरवन पुत्रगण श्रीकेशन व कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम् अकनपुर संग्राम सिंह पुत्र फूलचंद, व गुलरिहा जैदपुर विपिन विपीन चंद्र हरीनाथ पर हत्या की अशंका जताते हुए तहरीर दी है. पुलिस ने तहरीर सहित हत्या के अन्य कारणों का पता लगाकर जाँच मे जुटी हुई है।

# अदालत के आदेशों की अवमानना बन गया शगल, कर्मियों की करतूत से खाकी शर्मसार


*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** मकान पर कब्जा हो गया होता, पीड़ित गली गली खाक छान रहा होता और खाकी भी गलत का साथ देकर दूसरे मामले सम्भाल रही होती बशर्ते उच्च न्यायालय की फटकार न होती तो। निचली अदालत में मामला विचाराधीन था पर गम्भीर आरोप यह कि पुलिस ने दूसरे पक्ष से मोटी रकम लेकर पीड़ित की दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया। खाकी की इस करतूत को हाई कोर्ट ने बेहद गंभीरता से लिया। हालांकि मान न मान मैं तेरा मेहमान बनने की खाकी के यह पैंतरे नए नही है। आये दिन कोर्ट के आदेशों को न मान कर अपना फैसला सुनाने के मामले प्रकाश में आया करते हैं। अदालत की अवमानना में सलाखों के पीछे भेजने के आदेश का प्रकरण बहुत पुराना नही है। बहरहाल इस मामले ने खाकी पर जो बदनुमा दाग लगाया है वह जल्दी मिटने वाला नही है। बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नानपजान के इमामबाड़ा बाजार में बड़ापुरा निवासी फजरूल रहमान की ओर से वर्ष 1975 में एक भवन व चार दुकानें बनाई गई थीं। इसी में बड़ापुरा के जलील अहमद कई साल से कपड़े की दुकान संचालित कर रहे थे। इसे लेकर दुकान के मालिकानों से उसका दुकान खाली करने को लेकर केस चल रहा था। जलील के अनुसार सिविल कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला किया था। सितंबर में फतेहपुर में जर्जर मकान गिरने की घटना के बाद जैदपुर पुलिस ने अपने स्तर से कस्बे में सर्वे कर इमामबाड़ा बाजार में स्थित इस भवन व दुकानों को जर्जर बताया था। 14 अक्तूबर को पुलिस ने जेसीबी से भवन व दुकानों को ध्वस्त करा दिया। इसी को लेकर दुकानदार जलील अहमद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिसे लेकर गत दिनों हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग की अनुपस्थिति में बुलडोजर चलवाने को लेकर पुलिस को फटकार लगाई। बृहस्पतिवार को मामला गंभीर होते देख एसपी ने जैदपुर के कोतवाल अनिल पांडेय, कस्बा चौकी प्रभारी सतीश कुमार दीक्षित, सिपाही जितेंद्र कुमार राय व प्रमोद कुमार गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं कोतवाल, चौकी प्रभारी, दो पुलिस कर्मियों व अतीकुर्रहमान व फसीउर्रहमान के खिलाफ डकैती व षडयंत्र रचने का केस दर्ज किया गया है। याद दिला दें कि अदालत के आदेश की अवमानना जैसे कि बार बार बुलाने पर भी कोर्ट पर हाजिर न होने वाले बाराबंकी के एक थाने पर तैनात एसओ को न सिर्फ कटघरे में खड़ा होना पड़ा बल्कि सजा के तौर पर उन्हें एक दिन की सजा भी सुनाई गई। यही नहीं कोर्ट के आदेश खासकर स्थगनादेश की अवमानना करना खाकी का शगल बन गया है। चंद रुपयों के लालच में खाकी की गरिमा का सौदा करना मंहगा पड़ गया। हाई कोर्ट का सख्त रुख स्वाभाविक था क्योंकि जैदपुर थाना पुलिस ने निचली अदालत में मामला विचाराधीन होने के बावजूद खुद जज बनने की हिमाकत जो कर डाली।

## नेशनल चैंपियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे सीएम योगी

**अयोध्या।** अखिल भारतीय सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता का अयोध्या में हो रहा आयोजन जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 25 नवम्बर 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगंज अयोध्या में होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहेंगे तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सीएम योगी के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी है। तथा इसके सचिव अजय गुप्ता व संयुक्त सचिव योगेन्द्र राणा है। सभी लोगों की पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर आदि के साथ सर्किट हाउस में बैठक हुई। इस बैठक में आगामी होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के आवश्यक तैयारियों पर समीक्षा की गयी।

## दीपोत्सव प्रबंधन के क्षेत्र की एक बड़ी मिशाल: जिलाधिकारी




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की सफलता के लिए शनिवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में घाट समन्वयकों, घाट प्रभारी एवं स्वयंसेवकों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि एक एक दीए जलाकर दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बनायेंगे। हम सभी को गर्व है कि विश्वविद्यालय फिर से स्वयंसेवकों की मदद से विश्व कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या का दीपोत्सव विश्व का एक बड़ा आयोजन बना गया है। 21 लाख से अधिक दीए 25 हजार से स्वयंसेवक अनुशासन में रहते हुए दीए प्रज्ज्वलित करेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय 2017 से दीपोत्सव का विचार निकाला जो आज पूरे विश्व फलक पर दीपोत्सव की चर्चा का केन्द विन्दु है। इसे सभी के सहयोग से पुनः दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बनेगा।जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक प्रत्येक वर्ष दीपोत्सव में इतिहास बना रहे है। प्रबंधन के क्षेत्र में इसकी बड़ी उपयोगिता है। अनुशासन में रहकर स्वयंसेवक दीए प्रज्ज्वलित करेंगे। उत्साह के साथ दीपोत्सव में सहभागिता करनी है पौराणिक नगरी अयोध्या सजधज रही है। इसमें सभी नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि विवि के स्वयंसेवकों ने अयोध्या के दीपोत्सव को अन्तरराट्रीय पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के दीपोत्सव में राम की पैड़ी विश्व का सबसे बड़ा स्क्रीन लगाया गया है।

## नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए कहा महिला वा पुरूषों के लिए अलग 2 व्यवस्था करें

*अवधनामा संवाददाता*
*अहमद रज़ा*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने आज सुबह जनमंच परिसर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया और रैन बसेरे में निर्धन लोगों के लिए निगम द्वारा उपलब्ध सुविधाओं व सफाई व्यवस्था पर अपना संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाये कर्मठ और कुशल नगर आयुक्त मैडम ग़ज़ल। भारद्वाज ने इंतज़ाम के सम्बंध में अधिकारियों को अनेक सुझाव भी दिए उन्होंने महिला और पुरुषों के लिए अलग अलग रैन बसेरा बनाने के भी निर्देश दिए।



जनमंच परिसर स्थित रैन बसेरे में हाल ही में रात्रि विश्राम करने वाले लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देने के लिए उसके सौंदर्यीकरण सहित अनेक कदम उठाए गए हैं। शनिवार की सुबह नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने रैन बसेरा पहुंची। अपर नगरायुक्त राजेश यादव व लेखाधिकारी राजीव कुशवाहा भी मौजूद रहे। नगरायुक्त ने रैन बसेरे में साफ सुथरे बिस्तरों, कमरों व शौचालयों की सफाई देखकर रख रखाव पर संतोष व्यक्त किया। नगरायुक्त ने कमरों में वेंटिलेशन के लिए खिड़कियों को खुला रखने और मच्छरों की रोकथाम के लिए उन पर जालियां लगवाने तथा बैड की चादरों, तकिये के कवर व रजाईयों के कवर हमेशा साफ सुथरे रहे इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वायु कमरों में रहे, इसका ध्यान रखना जरुरी है। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे की छत की भी नियमित साफ सफाई होती रहे ताकि वहां कूड़ा जमा होकर पानी छत को कमजोर न करें। उन्होंने दीवारों पर प्रेरक स्लोगन लिखवाने, रैन बसेरे के गेट को और सुदृढ़ व सुंदर बनवाने तथा रैन बसेरा परिसर की नियमित सफाई के भी निर्देश दिए।

## स्कूल बस कार में हुई टक्कर में 4 घायल, बच्चे सहमे

**बाराबंकी।** शनिवार सुबह लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफदरगंज चौराहे के पास एक स्कूल बस और कार में टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। बस में बच्चे कम ही थे। जिनमे अफरातफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार शहर के पायनियर मोंटेसरी की स्कूल बस बाराबंकी चलकर सफदरगंज चौराहे पर पहुंची और तेज गति में बदोसराय जाने वाली सड़क पर मुड़ने लगी, इस दौरान लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार बस में जा टकराई। बस में करीब चार-पांच बच्चे सवार थे। टक्कर लगते ही वह चीख पड़े।

अफरातफरी के बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को मार्ग से हटाया। कार में सवार देवरिया के तीन युवक कुनाल, अंकुश व अभिषेक घायल हुए हैं। युवकों ने बताया कि देवरिया में उनके पिता अस्पताल में भर्ती है। उन्हें देखने के लिए दिल्ली से जा रहे थे। वहीं स्कूल बस का परिचालक राजेश कुमार भी घायल हो गया है।

## एसडीएम के निर्देश पर ढहाया गया अवैध अतिक्रमण

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** शनिवार को राजस्व व पुलिस टीम ने देवीगंज चौराहा स्थित दुग्ध समिति देवीगंज के सचिव द्वारा किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी से ढहवा दिया।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के सूर्यपुर गांव पंचायत में देवीगंज चौराहे के निकट ग्राम पंचायत की भूमि कई वर्ष पूर्व दुग्ध उत्पादकों को दूध क्रय विक्रय करने के लिए दुग्ध समिति का संचालन किया जा रहा था। विगत दिनों दुग्ध समिति के सचिव जयप्रकाश तिवारी द्वारा दुग्ध समिति के सामने बाउंड्री वॉल करवाकर ऊपर टीन शेड का निर्माण करवा लिया गया। गांव के लोगों ने दुग्ध उत्पादक संघ अयोध्या को पत्र भेज कर उक्त निर्माण सचिव द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों की शिकायत पर संघ द्वारा उक्त निर्माण को हटाने के लिए डीएम और एसडीएम को पत्र भेजा गया था। इस पत्र को एसडीएम रामआसरे वर्मा ने गंभीरता से लेते हुए सचिव को तलब करके अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद निर्माण न हटाए जाने पर शनिवार को राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल धनंजय पांडे सहित कई लेखपाल तथा पुलिस बल को जेसीबी के साथ मौके पर भेज कर अवैध निर्माण गिरवा दिया।

## भूकम्प के 3 झटकों ने उड़ा दी रातों की नींद

**बाराबंकी।** शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे के बाद लोगों की रूह कांप गई। वजह बना हिलता हुआ घर। घबराहट के मारे बाहर निकले तो वहां भी जमीन डोलती महसूस हुई। थोड़ी देर बाद कम्पन्न रुका तब सांस में सांस आई। पता चला यह भूकम्प था। एक के बाद एक भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। जो लोग जग रहे थे वह चिल्ला कर बाहर की ओर भागे और सो रहे बच्चों को जगाकर उन्हें भी बाहर लाया गया। शहर में लोग सड़कों व मैदान में आ गए। देवा मेला के लिए जा रहे जायरीन बाराबंकी देवा मार्ग पर सहम गए। डर के मारे रात12:00 के बाद भी लोग घरों के बाहर मौजूद रहे। अफरातफरी को देखते हुए पुलिस भी सतर्क हो गई। लोग नींद में थे मगर भूकंप के डर से पूरी तरह जाग गए। शनिवार की सुबह होते ही रात के एहसास की चर्चा शुरू हो गई।

## एसडीएम ने किया आतिशबाज़ी दुकान का निरीक्षण

**बेलहरा बाराबंकी।** दीपावली त्योहार को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। शनिवार को उपजिलाधिकारी फतेहपुर पवन कुमार ने अतिरिक्त एसडीएम अवनीश कुमार के साथ मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा में स्थित रईस अहमद आतिशबाज़ की दुकान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान फायर सिलेंडर, पानी, बालू के साथ स्टाक रजिस्टर देखा। उन्होंने कहा कि दुकान पर नाबालिग लड़को को न बैठाया जाए। निर्धारित मात्रा में ही आतिशबाजी रखे। दुकान के आस पास कोई बीड़ी सीक्रेट न पीने पाए नो स्मोकिंग का बोर्ड अवशय लगाए। एसडीएम ने लाइसेंस धारक को पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के चारों स्तंभों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो: अनुप्रिया पटेल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोकतंत्र जितना समावेशी होगा, उतना ही शक्तिशाली होगा। लोकतंत्र के समावेशी का मतलब लोकतंत्र के चारों स्तंभों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो।÷ अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के स्थापना दिवस पर अयोध्या के राजपूत पैलेस में आयोजित समारोह के दौरान यह बात कही। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों की मेहनत की बदौलत आज हमारी पार्टी प्रदेश की तीसरे नंबर की पार्टी का गौरव हासिल कर चुकी है। लेकिन हमें तीसरे स्थान से संतुष्ट होने की जरूरत नहीं। हमें पार्टी को नंबर वन बनाना है। समारोह में कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़ देखकर गदगद हुईं केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि तमाम झंझावतों का सामना करते हुए



अपना दल निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज पीडीए का राग अलापने वाली समाजवादी पार्टी ने सदैव हमारी पार्टी को तोड़ने का कार्य किया है। वर्ष 2002 में समाजवादी पार्टी ने हमारे तीन विधायकों को तोड़ लिया। दूसरी तरफ, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने सदैव दलित-पिछड़ों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री ने यशःकायी डॉ.सोनेलाल पटेल जी के नाम पर प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दिलाया। मेडिकल की परीक्षा नीट में ओबीसी आरक्षण लागू करने का सराहनीय कार्य किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यदि नियत साफ हो और मछली की आंख लक्ष्य हो तो सफलता तय है। उन्होंने आह्वान किया कि आज स्थापना दिवस के अवसर पर हमें संकल्प लेना है कि पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाना है। इसके लिए हमें जन-जन तक पार्टी के विचारों व सिद्धांतों को लेकर जाना है, उसकी चर्चा करनी है।

**हमारी पार्टी जाति जनगणना की पक्षधर**

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज पार्टी का जन्मोत्सव है। आज पार्टी की दशा-दिशा तय करने का दिन है। अपना दल के लिए राजसत्ता महज एक साधन है। व्यवस्था परिवर्तन हमारा मुख्य मकसद है। दलित-पिछड़ों को दमन चक्र से मुक्त कर लोकतंत्र के सभी स्तंभों में स्थापित करने के लिए अपना दल का जन्म हुआ। हमारी पार्टी अपने स्थापना काल से सामाजिक न्याय के लिए समर्पित है और दलित-पिछड़ों के हक-अधिकार के लिए काम करता आया है। पार्टी के स्थापना काल से जाति जनगणना की मांग रही है। आज आजादी के 75 साल बाद भी लोकतंत्र के सभी स्तंभों में दलित-पिछड़ों की भागीदारी पर्याप्त नहीं है।

## सभी कार्यकर्ता नेताओं को लोकसभा 2024 चुनाव के लिए अभी से लग जाए: पारसनाथ यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर समाजवादी पार्टी की जिला मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला कमेटी ने कठोर निर्णय लेते हुए जिला उपाध्यक्ष प्रभारी गोसाईगंज पद से रामसुंदर यादव को हटाकर उनके स्थान पर जिला उपाध्यक्ष गोसाईगंज प्रभारी के पद पर चंद्रभान वर्मा बनाए गए समाजवादी पार्टी मासिक बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता नेताओं को लोकसभा 2024 चुनाव के लिए अभी से लग जाए।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनिरीक्षण का काम चल रहा है इसमें जो भी मतदाता छूटे हैं वह फॉर्म नंबर 6 भर कर अपना वोट बनवा ले। इसके साथ ही श्री यादव ने कहा की विधानसभावार प्रदेश से प्रभारी की नियुक्ति की गई है जिसमें वह लोग जाकर हर विधानसभा में पार्टी के प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगे। श्री यादव ने आज की बैठक में मुख्य रूप से बूथ लेवल पर कमेटी को मजबूत करने वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने पर चर्चा किया।उन्होंने कहा है कि 2024 में समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के तहत PDA को साथ लेकर समाजवादी पार्टी सभी 80 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंदन के साथ चुनाव जीतने की रणनीति बना रही है जिससे केंद्र सरकार में इंडिया गठबंधन का ही प्रधानमंत्री बने।आज की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत हुआ जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव के पद पर मो.हलीम पप्पू व माखनलाल यादव सपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य के पद पर सदस्य के रूप में सिराज अहमद सपा प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी शहरयार समाजवादी प्रदेश शिक्षक सभा के सचिव डॉ.प्रशांत प्रजापति जिला उपाध्यक्ष प्रभारी गोसाईगंज चंद्रभान वर्मा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पंडित समरजीत जिला अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सुभाष पासी राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ राजन रावत का हुआ भव्य स्वागत।

## गैर इरादतन हत्या के आरोप में बेटे और दो रिश्तेदार को जेल




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** बीते बुधवार को कोठीभार थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़हरा चरगहा में हुए सुख्खल कुशवाहा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। मामले में गैर इरादतन हत्या के आरोपी मृतक के बड़े बेटे और उसके दो रिश्तेदारों को जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने प्रेस वार्ता में बताया की शुक्रवार की रात मुखबिर की सूचना पर कोठीभार पुलिस की टीम ने हनुमान गंज थाने के ग्राम धरनी पट्टी निवासी सुख्खल कुशवाहा हत्या कांड के मुख्य आरोपी मृतक का बड़ा बेटा श्रीराम उसके ससुर छोटेलाल व साले को मोती चौक बड़हरा चरगहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है।कुशीनगर धरनीपट्टी निवासी 55 वर्षीय सुख्खल कुशवाहा का अपने बड़े बेटे श्रीराम से जमीन को लेकर बहुत दिनों से विवाद चल रहा था। सुख्खल कोठीभार थाना क्षेत्र के बड़हरा चरगहा गांव के पकड़ियाहवा टोला में अपने एक रिश्तेदार के घर आये थे।बुधवार को सुबह आठ बजे स्कूटी से अपने घर के लिए निकला जिसका शव गांव के ही पास रमैता घाट तालाब में खरपतवार के बीच मिली थी। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय,उप निरीक्षक अखंड प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह,कांस्टेबल राहुल गौड़,राहुल गुप्ता,संदीप,शेषनाथ मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट आजादी का अमृत महोत्सव का शिलापट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विकासखंड मया बाजार की ग्राम पंचायत मया भीखी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकिशोर सिंह पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर सिंह का आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सिलापट लगाने में ग्राम पंचायत सचिव राम शंकर वर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है।

जन सूचना अधिकार के तहत तीन बिंदुओं पर सूचना कार्यालय खंड विकास अधिकारी मया बाजार से मांगी गई है,आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 9 अगस्त 2023 क्रांति दिवस पर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सिलापट लगवाया गया ।ग्राम पंचायत में किस स्थान पर किस मानक के अनुसार लगाने का निर्देश था उसे निर्देश की छाया प्रति दे।उपरोक्त सिलपत लगाने के लिए किन-किन मतों में कितना कितना धन राशि और मुक्त किया गया था और एस्टीमेट प्रमाणित छाया प्रति दे। सिलापट जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में अतिरिक्त कक्ष की दीवार से चश्पा कर दिया गया है। जैसे उनका सम्मान नहीं अपमानित करने के उद्देश्य लगाया गया है। अभी तक रंग-रोगन नहीं किया गया है, ना ही वहां पर किसी प्रकार का कोई कार्यक्रम ही आयोजित किया गया है। इसके लिए कौन अधिकारी, कर्मचारी या अन्य दोषी है, लिखित रूप में दें। आपको बताएं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकिशोर सिंह अंग्रेजों के जुल्मों से भारत कराह रहा था उसे समय थाना महाराजगंज को अवैध घोषित कर नए थाने का निर्माण किया था।

## ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में बच्चो को दिया गया विभिन्न दायित्व


**महराजगंज।** ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के चार हाउस के लिए चुने गए हाउस कैप्टन और हाउस वाइस कैप्टन। सभी कक्षाओं के मॉनिटर व स्टार ऑफ द मंथ छात्र-छात्राओं का हुआ चयन।

सभी बच्चों द्वारा अपने मत का प्रयोग करते हुए चारों हाउस के चुने गए कैप्टन इस प्रकार हैं रेड हाउस से पायल शर्मा, ब्लू हाउस से प्रतिभा शर्मा, येलो हाउस से मिथिलेश वर्मा और ग्रीन हाउस से नाजिया खातून है तथा सभी हाउस से चुने गए वाइस कैप्टन हैं रेड हाउस से देवेश त्रिपाठी, ब्लू हाउस से आमिर अली, येलो हाउस से बबीता साहनी और ग्रीन हाउस से अंकित शर्मा। जिन छात्र-छात्राओं का मासिक प्रदर्शन सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट रहा है उनको स्टार ऑफ द मंथ का बैज देकर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण रॉव और उप प्रधानाचार्य बलराम पटेल ने सम्मानित किया। चुने हुए बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण रॉव और उप प्रधानाचार्य बलराम पटेल ने बैज लगाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक गण अतुल त्रिपाठी, प्रतिभा त्रिपाठी, काजल मद्धेशिया, बलराम सिंह, वंदना प्रजापति, प्रेमलता गौड़, बंदना, गुलशन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाकियू के पदाधिकारियों ने उठाई किसानों और व्यापारियों की उठाई समस्या

**महराजगंज।** भारत किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पार्टी के कार्यों और। किसानों को समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया। राष्ट्रीय महासचिव डा नासिर खान ने कहा कि भारत किसान यूनियन किसानों के हितों की चर्चा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसानों के जमीनों का अधिग्रहण कर रही हैं तो सर्किल रेट से 6 गुणा अधिक पैसा उनके जमीन का दिया जाय। उन्होनें कहा कि पहले किसानों को जमीन औने पौने दाम पर ले लिया जाता था लेकिन सरकार ने कानून बना दिया कि चार गुना पैसा भुगतान करना पड़ेगा तभी से देश का किसान खुश हैं प्रदेश सचिव कयामुद्दीन ने कहा कि भारत किसान यूनियन के नेतृत्व से व्यापार मंडल की बातचीत हुई हैं। इस वक्त महराजगंज का व्यापारी एक बड़ी समस्या से जूझ रहा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि नगर के सक्सेना चौराहा से उनका अस्तित्व खतरे में हैं उन्होंने कहा कि व्यापारी आहत है केंद्र सरकार मामले का संज्ञान लेकर अधिग्रहण पर तत्काल रोक लगाएं।

## रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत बच्चों को भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाई गई। बच्चों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य भ्रष्टाचार के प्रति समस्त नागरिकों को सतर्क और जागरूक करना है, जिससे समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके। विद्यालय के उमेश यादव, अफजल खान, शिवशंकर शर्मा, अमित,सत्या उपाध्याय, सुबोध सिंह, शंभू, मनोज, रमेश, गौरी आदि शिक्षक एंव कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

**महराजगंज।** नगर के एक अस्पताल में ईलाज के दौरान एक महिला की मौत हो जाने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। परिजनों ने अस्पताल में लापरवाही का आरोप लगाया हैं। जानकारी के अनुसार नगर के एक अस्पताल में विगत कुछ दिनों से एक महिला का ईलाज चल रहा था। शनिवार के दिन महिला की मौत हो गई। जिसकी जानकारी होते ही परिजन उग्र हो गए और अस्पताल में हंगामा होने लगा। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और मामले को किसी तरह शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक आनन्द गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 05 नवम्बर, 2023



## बायर अराईज ने किया किसान संगोष्ठी का आयोजन




**छावनी अवधनामा संवाददाता।** छावनी क्षेत्र के चरथी भट्ट गांव शनिवार को प्रगतिशीत किसान दिनेश वर्मा के यहाँ बायर क्रॉप साइंस (कम्पनी) के तत्वाधान में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ बीपी सिंह ने किसानो को गोष्ठी में बताया धान की फसल में आने वाली मुख्य समस्या जैसे बीएलबी और भूरा माहू के प्रकोप और उससे उत्पादन में होने वाले नुकसान को देखते हुये धान की सीधी बिजाई छ्स्र्क्रविधि से करने के लिये किसानो को प्रदर्शन कर बताया जिससे कि अच्छे उत्पाद किये जाय तथा कहा कि भारत देश कृषि प्रधान देश है बायर अराईज कम्पनी उन्नत किस्म के अनेक हाइब्रिड बीज किसानो के लिये है इस मौके डॉ0 भानु प्रताप सिंह (कृषि शस्य बैज्ञानिक बायर क्रॉप साइंस ) अनिल कुशवाहा, प्रिंस यादव डीएसआर प्रतिनिधि, विशाल निषाद, विवेक कुमार सहित अनेक गांव देवखाल, रूपगढ़, कुदरही, पूरेवेद, बटौली, नदाये, निदूरी, अमोढ़ा, शेषपुर, कुँआगांव के किसान धन प्राप्त वर्मा, इद्र मोहन सिंह, लक्ष्मी भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में शनिवार को एक्सपर्ट टॉक का आयोजन प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल के उपस्थिति में देव बक्श सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर (डिपार्टमेंट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी) सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया। एक्सपर्ट टॉक का विषय सस्टेनेबल डेवलपमेंट था। इसके अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ देव बक्श सिंह, ने विद्यालय के बच्चो को सतत विकास संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि इसका उद्देश्य भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों की अनदेखी न करते हुए वर्तमान मांगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के बीच संतुलन लाना है। इस दौरान बच्चो ने बहुत ही उत्साह के साथ एक्सपर्ट की हर बात सुनी एवं अपने मन की जिज्ञासाओं को प्रश्न के माध्यम से शान्त किया।कार्यक्रम का समापन विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक अयाज फाजिल, पीजीटी (गणित) के द्वारा एक्सपर्ट को धन्यवाद देकर किया गया।

## भूकम्प से हिली धरती, दहशत के साए में हैं लोग



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल के सीमावर्ती जिला सिद्धार्थनगर भी बीती रात आए भूकंप की जद में रहा अचानक घरों की दीवार हिलने, टीवी और बेड के हिलने का आभास होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और फिर सारी रात डर के साए में रात्रि व्यतीत की। सीमावर्ती कस्बा बढ़नी समेत पूरे जनपद में लोगों को भूकंप का आभास होते ही लोग दहशत में आ गए और सपरिवार घर से बाहर निकल भागे। कहा जाता है कि बढ़नी कस्बे के अधिकांश लोग अपने अपने घरों से निकल कर लोग मालगोदाम तिराहे पर पहुंच गए और रात भर भूकम्प के फिर आने के खौफ से डर के साए में रात गुजारी। बताते है कि अक्टूबर माह से अब तक तीन बार भूकंप का अहसास लोगो ने किया है जिससे अब लोग रात में चैन की नींद नहीं सोएंगे। लोगों में भूकंप को लेकर चौक चौराहों पर तरह तरह की चर्चाएं और कयासबाजी की जा रही हैं।

## ई रिक्शा पलटने से दो महिला घायल



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मोहाना लोटन रोड पर अजान के पास आ रही एक ई रिक्शा के पलटने से दो महिला बुरी तरह से घायल हो गयी। घटना शनिवार के दिन के ग्यारह बजे की बताई जाती है। घटना के बाद चालक फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई रिक्शा ग्राम अजान से सन्धया त्रिपाठी पत्नी घनश्याम उम्र 50 वर्ष व सोनमती पत्नी स्व. छोटे लाल 60 वर्ष को लेकर मोहाना के तरफ से लोटन आ रहा था तेज रफ्तार से जा रही थी कि कर्मा गाँव के सामने विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को देखकर ई रिक्शा को बाये काटने के चक्कर मे गाडी पल्टी गयी खाई मे जा गिरी जहाँ सवार दोनों महिलाएं बुरी तरह घायल हो गयी। गाडी पल्टते ही ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पर लोटन पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन ले आये। जहाँ उपचार चल रहा है। वही गाडी मालिक घनश्याम ग्राम अजान का कहना है कि शुक्रवार को ही गाडी लिए है और आज दुर्घटना हो गया। यसओ यशवंत सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी है। मै तहसील दिवस मे हूँ। मौके पर हल्का दरोगा मौके मौजूद है। तहरीर मिलने के बाद कार्यावाही की जायेगी।

## बीसीसी ग्रुप और रंजीवन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के अंतर्गत सर्टिफिकेट एवं सेमिनार कार्यक्रम आयोजित



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के बीसीसी ग्रुप और रंजीवन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के अंतर्गत सर्टिफिकेट एवं सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर रवि सर और सेंटर मैनेजर हर्षित सर ने प्रतिभावान छात्रों को मंच पर बुलाकर अवार्ड एवं कैश प्राइज़ प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत ही अधिक थी। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण बाद प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संस्था के अंतर्गत फैशन डिज़ाइनिंग, ब्यूटी कल्चर, मेकअप आर्टिस्ट्री एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के विभिन्न छात्र सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम के संचालक सेंटर मैनेजर हर्षित सर ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना है और उन्हें सही दिशा दिखाना है ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन पूरे विश्व में कर सकें। इस कार्यक्रम में उपस्थित डायरेक्टर रवि सर ने कहा कि हर नारी के अंदर मां सरस्वती, दुर्गा, काली, लक्ष्मी कि शक्ति छिपी होती है और हर नारी को अपनी शक्ति का उपयोग करना चाहिए ।इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपने प्रतिभा के माध्यम से नारी शक्ति को भी जागरूक किया। इसी कार्यक्रम में उपस्थित रंजना अग्रहरि ने एक सुंदर गीत गाकर सभी लोगों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के अंतिम चरण पर हर्षित सर और रवि सर ने बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो कार्यक्रम को क्रियानंवित करने में चाँदनी, स्तुति, सिमरन, तालिब, राज संस्था सदस्य सहित साक्षी, रागिनी, सानिया, मुस्कान, प्रांजल, कामिनी, सायमा, सत्यम, आकिब, सुमित, अरुन, सत्यम आदि छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सपा के दिवंगत नेता स्व. मो. सईद भ्रमर की मनाई गई द्वितीय पुण्यतिथि

# संघर्ष की एक मुकम्मल किताब थे स्व. मो. सईद भ्रमरः माता प्रसाद पांडेय

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समाजवादी पुरोधा दिवंगत नेता स्वर्गीय मोहम्मद सईद भ्रमर की द्वितीय पुण्यतिथि नेता जी के सहयोगी केदारनाथ साहनी की अध्यक्षता में सदर तहसील प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा कर मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर उत्तर प्रदेश शासन विधायक इटवा माननीय माता प्रसाद पांडे जी रहे। कार्यक्रम के आयोजक सरफराज भ्रमर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। पूर्व स्पीकर माननीय माता प्रसाद पांडे ने स्वर्गीय मोहम्मद सईद भ्रमर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि भ्रमर जी का पूरा जीवन संघर्षमय रहा वह जनता में काफी लोकप्रिय नेता रहे उनकी संगठनात्मक क्षमता का कोई मुकाबला नहीं था वह जमीन से जुड़े हुए जमीनी नेता रहे क्षेत्रीय जनता और कार्यकर्ताओं में काफी लोकप्रिय थे क्षेत्र के विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। वह संघर्ष की एक मुकम्मल किताब थे।

अपने व्यक्तित्व विचारधारा सिद्धांत एवं संघर्ष के लिए सदैव राजनीति के क्षितिज पर एक उदीयमान सूर्य की तरह हमेशा चमकते रहेंगे उनके सिद्धांतों उनके आदर्शों पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाकर सत्ता में लाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को सपा के प्रदेश सचिव अजय चौधरी, विभा शुक्ला, पूर्व विधायक विजय पासवान, वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, अनूप यादव, कमाल अहमद खान, तौलेश्वर निषाद, मुरलीधर मिश्रा, कामता यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, चंद्रमणि यादव, चंद्रजीत जायसवाल, इंद्रजीत यादव, जोखन चौधरी, इरशाद भ्रमर, शहजाद भ्रमर, अयान भ्रमर, फिरोज आलम, तेज प्रताप सिंह, चंद्रभान पहलवान, मोहम्मद इब्राहिम, देवेंद्र अंबेडकर, रंजना मिश्रा, बृजभान यादव, राजेश यादव, विजय चौधरी, विजय यादव, रियाज एडवोकेट, चंद्रजीत यादव, शाहबाज आलम, विशंभर लाल श्रीवास्तव, परशुराम यादव व चंचल रावत आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

## भगवान को निषादराज ने कराया नदी पार

अवधनामा संवाददाता



11 दिवसीय श्री रामलीला मंचन समारोह के पांचवी रात्रि का मंचन देख श्रोता भावुक हो उठे

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नीचाफा के आदर्श श्रीरामलीला समिति बढ़नीचाफा के तत्वाधन में आयोजित 11दिवसीय श्री रामलीला मंचन समारोह के पांचवी रात्रि में रामलीला में राम-केवट संवाद का मंचन किया गया। मंचन इतना प्रभावी था कि दर्शक अंत तक मंच से जुड़े रहे। जीवों को संसार सागर से पार कराने वाले भगवान श्रीराम को केवट ने नदी पार कराया। इस दौरान केवट की चतुराई भरी बातों से राम ही नहीं दर्शक भी मुस्करा उठे। रामलीला की शुरुआत भगवान लक्ष्मीनारायण की आरती से हुई। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ। राज दरबार व अयोध्या नगरी दुख के माहौल में डूबी थी। महाराज दशरथ अचेत जैसी स्थिति में थे। नगरवासी नहीं चाहते थे कि उनके प्रिय राम वन को जाएं। सभी कैकेयी को कोस रहे थे। सुमंत के साथ राम, लक्ष्मण व सीता वन के लिए रवाना हुए। उन्हें छोड़ने नगरवासी भी गए। नदी तट पर पहुंचने के बाद निषाद राज से मुलाकात हुई। निषाद राज ने कहा कि प्रभु ! मैंने सुना है कि आपके पैरों में जादू है, आपके पैरों ने पत्थर को छुआ तो वह स्त्री हो गई। मेरी नौका तो काठ की है। उसकी इस चतुराई पर राम मुस्कराए और आंखों से इशारा किया चरण धोने का। भगवान के चरण धोकर केवट की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान भरत, माता कौशल्या संवाद, भरत का चित्रकूट प्रस्थान, श्री राम भरत मिलन एवं राम व भरत संवाद प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। राम-भरत संवाद प्रसंग का मंचन देख कर भक्त भावुक हो उठे। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील बांसी में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल व विधायक बांसी जयप्रताप सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछ्ले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया।

# बीती रात आये भूकंप के झटके से कांप उठे जनपदवासी

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विगत रात्रि लगभग 11:32 बजे जिले में आये भूकंप के झटके से पूरा जिला कांप उठा। 36 सेकेंड के इस झटके ने लगभग 31 लाख की आबादी भय से कांप उठी। लोग घरों से निकल कर बाहर सड़क या सीवान में आ गये। भूकंप का झटका रात 11बज कर 32 मिनट पर महसूस किया गया। विदित हो कि सिद्धार्थनगर भूकंप के नजरिये से जोन चार में चिन्हित है। जो दूसरा सबसे खतरनाक जोन बताया गया है।

रात्रि 11.32 बजे थे कि अचानक घरों के दरवाजे, पंखे, अलमीरे यहां तक कि कतिपय मकान आदि तक तेज गति से हिलने लगे। लोग जल्दी से घरों से निकल कर खुले में भागने लगे। लोग सीमा पार अपने नेपाली रिश्ते दारों से फोन पर बात करने लगे।

भूकंप का प्रभाव मात्र 36 सेकेंड, यदि 40 सेकेंड और बना रहता तो तय था विनाश

तब पता चला कि भूकंप का केन्द्र नेपाल का जाजरकोट क्षेत्र है। रात ही यह भी पता चल गया कि इस भूकंप की रिक्टर तीव्रता 6.4 है। यह तीव्रता घातक तो थी मगर सौभाग्य यह रहा कि सिद्धार्थनगर भूकंप केन्द्र से लगभग 4 सौ किमी दूर था। वर्ना नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र जाजरकोट की तरह यहां भी विध्वंस तय था। जानकार बताते है कि भूकंप का प्रभाव मात्र 36 सेकेंड ही रहा, यदि यह 40 सेकेंड और बना रहता तो विनाश तय था।

### सिद्धार्थनगर जनपद खतरनाक जोन 4 में

भूकंप के लिहाज से नेपाल को जोन 5 तथा उसे सटे प्रदेश के महाराजगंज, बलरामपुर,बहराइच आदि सभी तराई जिलों को जोन 4 में रखा गया है। जिसमें सिद्धार्थनगर भी शामिल है। यानी नेपाल के बाद यह खतरे के रूप में सबसे खतरनाक जोन में है। इसके लिए जिला आपदा प्रबंधन कमेटी में भूकंप के प्रति जागरूक करने के लिए तमाम कार्यक्रम चलाये जाते हैं। जिसके तहत नये मकानों को भूकंपरोधी बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। मगर जिले में बनने वाले नये मकानों में से एक प्रतिशत भवनों में भूकंपरोधी तकनीक का प्रयोग नहीं किया गया है।

## डीएम ने सुनी समस्याएं

**बस्ती।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हरैया में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी अंद्रा वामसी तथा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 159 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 17 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग के 63, पुलिस के 30, विकास के 37, विद्युत के 12, शिक्षा के 6 तथा अन्य के 11 मामलें आये। जिलाधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यो का पारदर्शी व शुद्धीकरण जॉचने हेतु अधिकारियों की टीम गठित करके अलग-अलग बूथों पर भेजा है और कहा कि टीम द्वारा यह निरीक्षण कर लिया जाय कि बीएलओ संबंधित बूथों पर उपस्थित हो और मतदाता फार्म 6, 7 व 8 ठीक प्रकार से भरा जा रहा हो और भरे गये फार्म को बीएलओ द्वारा समयान्तर्गत सेंण्टर पर जमा किया जाये।

## सेवानिवृत शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को सेवानिवृत शिक्षक संघ कल्याण परिषद की एक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र बांसी पर जिला अध्यक्ष राम शंकर यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन धनंजय मिश्रा ने किया। इस बैठक में 90 साल पूरा कर लेने वाले सेवानिवृत शिक्षको राम लखन पाठक, रामराज त्रिपाठी आदि शिक्षकों को साल एवं माल्यार्पण के द्वारा सम्मानित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम शंकर यादव ने कहा कि संगठन के बदौलत सेवानिवृत शिक्षकों को तमाम सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। यदि हम सब संगठित रहेंगे तो हमारी आवाज प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार तक पहुंचेगी तथा जो भी समस्याएं होंगी उनका आसानी से निराकरण कराया जा सकेगाद्य इस संगठन के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों को तमाम उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं जिसके बल पर आज सभी शिक्षक आराम का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सतीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा समय-समय पर सेवा निवृत शिक्षकों की बैठकें होती रहनी चाहिए इससे हम सभी की आपस में मुलाकात हो जाती है। सभी शिक्षकों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने के बाद संगठन के माध्यम से उसे शासन स्तर तक पहुंचने में आसानी हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस समय सेवा निवृत शिक्षकों, कर्मचारियों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने का समय है जो शिक्षक अपने घर से नहीं निकल पा रहे हैं, असमर्थ हैं। उनके जीवित प्रमाण पत्र को प्रमाणित करने हेतु शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ने बताया है की जानकारी होने पर बैंक कर्मी उनके घर पर जाकर के ही प्रमाण पत्र जारी कर देंगे। इसलिए उन्हें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है द्य बैठक को भुवन दुबे, क्रांति कुमार, रामदेव शुक्ल, ठाकुर प्रसाद त्रिपाठी, रामलोचन मिश्रा, जमशेद अली मीर आदि लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध नाथ, कैलाश चंद, जगर नाथ तिवारी, पृथ्वीराज ओझा, इंदल यादव, रामतेज, विद्या देवी, जयंती त्रिपाठी, राम नयन आदि तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने कस्बे के राजस्थान अतिथि भवन में बनाये गये मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शनिवार को बस्ती मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने रोल ऑब्जर्वर कॉमिसनर ने रूप में कस्बे के राजस्थान अतिथि भवन में बनाएं गये मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहाँ बीएलओ मीनू गुप्ता, माधुरी देवी, राकेश जायसवाल द्वारा फार्म संख्या 6, 7 व 8 पर कार्य किया जा रहा था।

निरीक्षण को लेकर पत्रकारों से बात करते हुये मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि रोल ऑब्जर्वर कॉमिसनर के रूप में मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया गया है, जहाँ बीएलओ द्वारा फार्म संख्या 6, 7 व 8 कलेक्ट कर उसका निदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विधानसभा में मतदान केंद्रों के निरीक्षण किया जा रहा है इटवा, डुमरियागंज के बाद शोहरतगढ़ में निरीक्षण के कार्य जारी है। मतदान केंद्र पर कर रहे सुपरवाइजर अनिरुद्ध चौधरी ने बताया कि 18 से 21 वर्ष के लोगों का फार्म 6 व 22 से 24 वर्ष से ऊपर लोगों का फार्म 7 व मृतक व विलुप्त व्यक्तियों का बिलोपन हेतु फार्म 8 भराया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा कि अगर सूची में किसी व्यक्ति का नाम दो स्थानों पर आ रहा तो उस व्यक्ति से यह पूछना जरुरी है कि वह नाम कहां रखवाना चाहता है। कहा कि समय रहते मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण में 3 बूथों पर 17 आवेदन प्राप्त हुए है। इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सीओ अरुण कान्त सिंह, अधिशाषी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, चैयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, इंस्पेक्टर राज कुमार पाण्डेय, बीडी गुप्ता, राजेश कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पीके चैरिटीबल ट्रस्ट की तरफ़ से सामूहिक विवाह कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**किछौछा अम्बेडकरनगर।** प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक तथा अध्यक्ष शरद यादव के द्वारा कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए 3 वर्ष पूर्व गरीब बेटियों की शादी शाही अंदाज में करने का उठाया गया बीड़ा आज प्रदेश स्तर पर अपनी रोशनी बिखेर रहा है। प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत कराई गई शादियों में जहां अब तक जनपद के ही गरीब बेटियों के हाथ पीले कराये रहे थे।

वहीं इस बार शुक्रवार को सम्पन्न हुए सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद साथ साथ प्रदेश के अन्य जनपदों से भी आई हुई बेटियों के हाथ पीले कराये गये। ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव व उनके पिता कैलाश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों,वरिष्ठ समाजसेवियों, पत्रकारो, बुद्धिजीवियों व ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने वैवाहिक जोड़ो के खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। शुक्रवार की शाम हिन्दुस्तान मैरिज हॉल से रथ व घोड़े पर सवार गरीब परिवार से संबंध रखने वाले 21 दूल्हो की बारात शाही अंदाज में बसखारी कस्बे का भ्रमण करते हुए अवध मैरिज लान पहुंची।

जहां पर मौजूद अतिथियों ने उनका स्वागत भी किया। इसके बाद शाही अंदाज में 20 दुल्हने भी मंच पर लाई गई और उनका वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच विवाह संपन्न कराया गया। जबकि एक मुस्लिम परिवार से संबंध रखने वाले जोड़े के निकाह की रस्म अदा की गई। विवाह की रस्म अदा होने के बाद सभी वैवाहिक जोड़ों को ट्रस्ट की तरफ से उपहार स्वरूप गृह उपयोग में आने वाली 21 वस्तुएं प्रदान की गई। जिसमें ट्रस्ट की महत्वाकांक्षी योजना महिला सशक्तिकरण में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके रोजगार साधन के रूप में सिलाई मशीन भी शामिल थी।

**ट्रस्ट के द्वारा किए गए स्वागत से अथिति अभिभूत, वर बधू को दिया आशीर्वाद :** ट्रस्ट के प्रयास से तीसरी बार कुशलपूर्वक संपन्न हुए सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के सांसद रितेश पांडे,श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा, ट्रस्ट के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी राम वचन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, पूर्व मंत्री विधायक टांडा राममूर्ति वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी हीरालाल यादव, पूर्व बसपा प्रत्याशी मनोज वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख बलिराम गौतम, पूर्व चेयरमैन चंद्रभान यादव,मो एबाद, फैजान अहमद, डॉ आर एस मौर्य,डॉक्टर अरविंद मौर्य, राजाराम यादव (लख्खू) आदि अतिथियों का ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जावेद राइन ,महासचिव गंगाराम गौतम ,महामंत्री कलम शाह, संजय पांडे, मो कैफ,अजय पांडे इरफान, नदीम खान ,राजेश मद्धेशिया, पंकज इलेक्ट्रॉनिक्स, सत्यम सिंघल,इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष अजीज अशरफ, खलिक अशरफ आदि लोगों ने माला पहनकर वह अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने वर वधू के सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें अपना स्नेह व आशीर्वाद दिया।

## बहन की शादी का सामान खरीदने निकला दूल्हा ग़ायब

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** निकाह से पूर्व बहन की शादी के लिए सामान खरीददारी करने निकला दूल्हा गायब हो गया। दूल्हा भाई के गायब होने से बहन की शादी टूटने के कगार पर पहुँच गई है। दूल्हा के घर से गायब होने पर परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। पिता और भाई खोज कर परेशान हो गये है। युवक का मोबाइल स्विच ऑफ मिल रहा है।

दूल्हा के गायब होने से लड़की पक्ष के घर मायूसी छा गया।बहन की शादी की खुशियां गम में बदल गई।प्रकरण मालीपुर थाना के धौरुवा गांव की है।गांव निवासी निशार अहमद के पुत्र सफी उर्फ चांद का निकाह चार नवंबर को तय था। जहां बेटी का निकाह तय किया गया था उसी की बहन से सफी का निकाह चार नवंबर को तय था। इसी के दूसरे दिन पांच नवंबर को दूल्हा सफी के बहन की निकाह होना था। 27 अक्टूबर को युवक सफी घर से मालीपुर बाजार के लिए बहन की शादी का सामान लेने के लिए निकला था। वही से वह लापता हो गया।रात में जब युवक घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई किंतु पता नहीं चला।पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। तहसील में सीओ देवेन्द्र कुमार से मिलने पहुंचा पिता ने बताया कि बेटे की निकाह चार नवंबर को है।बेटा गायब होने से जहां मेरा और बहु पक्ष का परिवार चिंता में डूब गया है वही बेटी की निकाह टूटने की कगार पर पहुंच गया है। पिता ने बताया कि जहां बेटी का निकाह तय किया गया था उसी घर से बहु लाना था। बेटा गायब होने से बेटी का रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया है।यदि गायब बेटा वापस नहीं मिला तो बेटी का निकाह नही होगा। सीओ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

## श्री अन्न की महिमा

एक समय श्री अन्न यानी अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, सांवा आदि को मोटा अनाज कहा जाता था। देहात में कृषक इसे पानी की कमी की वजह से बोते थे। गरीब लोग इसे खाते थे। मजदूरो को मजदूरी के रूप में इन्हें दिया जाता था। ये मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी होते है। खासकर बाजरा ठन्ड के दिनो में ताकत तो देता ही है गरम भी रखता है। अमृत काल में इन मोटे अनाजो की किस्मत ने भी जोर मारा, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के विषय बन गये। इनसे स्वास्थ्य को मिलने वाले लाभो पर मुहर लगाई जा रही है। भारतीय किसानो को इसको बोने के लिये प्रोत्साहित कर रहा है, इनके बीज भी बांट रहा है। इसका निर्यात कर किसान भारी कमाई कर सकेगे, देश के विदेशी मुद्रा के स्टाक में बढ़ोत्तरी होगी।

इन्ही सब बातो का ध्यान रख सरकार लोगो को प्रोत्साहित तो कर ही रही है साथ-साथ इसके प्रचार को भी बढ़ावा दे रही है। संस्कृति विभाग ने लखनऊ में कृषि मन्त्री ने इन्द्रागांधी प्रतिष्ठान में चल रहे तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव के तहत गोमतीनगर के चटोरी गली में चल रहे तीन दिवसीय श्री अन्न पकवान प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। महोत्सव में आये किसानों, विभिन्न कृषि विद्यालयों से आये विद्वानों, राज्यों के वैज्ञानिको और मेहमानो ने चटोरी गली में श्री अन्न के बने पकवानों का आनन्द लिया। कृषि मन्त्री ने श्री अन्न के बने पकवानों के स्टालों का निरीक्षण भी किया और मेहमानो के साथ ही पकवानों के भी स्वाद का आनन्द लिया।

चूकि श्री अन्न के बने पकवानों का प्रचार पहले से नहीं था क्योकि इनकी, रोटियां, चावल, खिचड़ी, मुरमुरा और लड्डू के अलावा अन्य कोई पकवान, प्रचालित नहीं था। इसलिये स्टालों पर इनको पकवानो के नाम लिखे हुये थे। जिनकी फेहरिस्त बहुत लम्बी है। लोगो की जानकारी के लिये मुख्य पकवानों के नाम दिये जा रहे है। जिन्हें खाकर और देखने आये आगन्तुक घर में बनवाने को प्रेरित होगे। व्यापारी किस्म के लोग इनकी दुकाने खोलगे, होटल और ढाबे वाले अपने मेनू में शामिल करेगे। इससे श्री अन्न का प्रचार बढ़ेगा और मांग भी बढ़ेगी। मांग बढ़ेगी तो किसान इसे बोने में दिलचस्पी लेगे इसके खेती के क्षेत्र बढ़ायेगे। चूकि इनमें पानी बहुत कम लगता है, सावां, कोदो, कुरकी तो बरसात में ही होते है इसलिये पानी की चिन्ता किसानों को नहीं करनी पड़ेगी।

श्री अन्न महोत्सव में क्या क्या पकवान आये थे और किस श्री अन्न से बने थे उनमें से कुछ के नाम बताये जा रहे है आम लोगो की जानकारी के लिये। नाम पढ़ने में बड़े दिलचस्प लग रहे है खाने में तो लजीज लगेंगे ही पढ़ते पढ़ते मुंह में पानी आने लगेगा। काश हम भी वहां होते यह सोच बार-बार दिमाग में आयेगा। महोत्सव में बजरे की टिक्की, ज्वारा का मुरमुरा, ज्वार के सेव घमजा चाट, मटर की दही चटनी वाली चाट, वेजिटेबल चाट, सावां, कोदो की टिक्की, मूंगफली चाट, काबुली चना और राजमा, छोला से तैयार किया गया चाट, आदि ने काफी प्रशंसा बढ़ोरी। लिस्ट यही खतम नहीं होती है। आगे बढ़ते है। श्री अन्न से बना डोसा, हलवा, खीर, चपाती, पुलाव खिंचड़ी। कुछ आईटम रेडी टू ईट वाले भी प्रदर्शित थे। उनका विवरण इस प्रकार है। श्री अन्न के लड्डू नमकीन, बिस्किट, चाकलेट इनके लिये भी स्टालो पर काफी भीड़ देखी गयी। इस समय लखनऊ में इन्हीं व्यन्जनों की चर्चा खासकर महिलाओं में जोरो पर है। पुरूष तो खाने में दिलचस्पी ले रहे है महिलायें बनाने में क्योंकि मकर सक्रान्ति करीब आ रही है। श्री अन्न के बहुत से रेडी टू ईट तरह के आईटम बहुत से आइटम इस अवसर पर बनते है। हो सकता है कुछ महिलायें चावल की जगह बाजरे की खिंचडी बनाये। बाजरा काफी सख्त होता हैं किसानी में इसे पानी की जरूरत नहीं होती है। हमें याद है हमारे घर में त्योहरों के समय जिसे प्रजा कहते है जिन्हें बड़े किसान अपनी खेती में मजदूरी के बसाते थे वे त्योहारो पर किसानों के घर आते थे। उन्हें बाजरे की खिचडी ज्यादा तादाद में ही जाती थी। पकवानो का आन्नद लेते हुये प्रबुद्ध महोत्सव में इस बात पर चर्चा करते हुये जोर दे रहे थे कि श्री अन्न द्वारा बनाये गये पकवानों के लिये एक खास दिन निर्धारित किये जाये। उस दिन सिर्फ श्री अन्न के ही पकवान बने जैसे सक्राति पर खिंचडी ही बनती है।

श्री अन्न समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुये। लोगो को जागृत करने के लिये मिलेट खाद्यान्न से जुड़े लोकगीत फरूवाही लोक नृत्य, सूफी नृत्य, नुक्कड़ नाटक टेढ़िया नृत्य कठपुतली नृत्य आदि के मध्यम में लोगो ने श्री अन्न प्रति आकर्षण पैदा करने का प्रयास किया गया। जहां तक कार्यक्रमो को सवाल है सभी ने मुग्ध होकर प्रशंसा की। लोगो में श्री अन्न के प्रति मजबूत संकल्प दिखा। निश्चित ही ऐसे कार्यक्रम हर राज्यों में होने चाहिये, भारत की राजधानी दिल्ली में तो बड़े पैमाने पर होना चाहिये जहां हर देश के यात्री आते है। श्री अन्न का प्रचार और प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जायेगा यह निश्चित दिख रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ श्री अन्न उत्पादन और इसका प्रयोग भी दिनोंदिन बढ़ते बढ़ते सर्वोच्च स्तर पहुंच जायेगा। विदेशी मुद्रा में भी बढोत्तरी होगी।

## विनाशक पर्यावरण प्रदूषण की आग से झुलसती दिल्ली

संजीव ठाकुर

अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है द्य विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है द्य दिल्ली में कई सरकारेंआई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकार एक दूसरे पर दोषा रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या हैद्य पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है। दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा। समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

रिपोर्ट के मुताबिक, 'साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई।' वहीं राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही।

# स्पीड के जुनून पर भी अंकुश लगाने की जरूरत

देश में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कोई दिन ऐसा नहीं गुजरता जब हम किसी सड़क हादसे से जुड़ी खबरें सुनते और पढ़ते न हों। बीती 1 नवंबर को पंजाब में संगरूर के सुनाम-मैहलां रोड पर एक भीषण दुर्घटना में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। प्रदूषण जनित धुंध, टैंकर की गति व कार की ओवरटेक करने की कोशिश में यह भयावह हादसा हुआ।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

इससे पहले पटियाला में एक हादसे में एक एमबीबीएस के छात्र का सिर धड़ से अलग होने के समाचार ने विचलित किया। आंकड़ो के अनुसार प्रति वर्ष देश में डेढ़ लाख से अधिक लोग काल सड़क हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। ये लोग किसी परिवार की उम्मीद होते हैं। किसी घर की अर्थव्यवस्था की धुरी होते हैं। सड़क पर होने वाले हादसे के कारण पीड़ित और उसके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। असामयिक मौतों, चोटों और विकलांगताओं के कारण संभावित आय का नुकसान भी होता है। दरअसल, यह एक मौत नहीं होती, परिवार के कई लोग जीते-जी मर जाते हैं। परिवार के कुछ लोग जीवन पर्यंत इन हादसों से नहीं उबर पाते।

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट बढ़ते सड़क हादसों की हकीकत बयां करती है। इसके अनुसार, वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। इनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई। जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। मंत्रालय की तरफ से 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार, हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। इनमें सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। असल में भारत दुनिया में ऐसा देश बनता जा रहा है जहां सबसे ज्यादा सड़क हादसे और मौतें होती हैं।

रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। रिपोर्ट के अनुसार,



2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। इसमें कहा गया, '2022 में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18-60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी। 'केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई।' वहीं राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही।

विडंबना यह कि दुर्घटनाओं की मुख्य वजह वाहनों की तेज गति है। जैसे-जैसे बेहतर चौड़ी सड़कें बन रही हैं सड़क हादसों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में भारत दुनिया में अव्वल बनता जा रहा है। दुखद स्थिति यह कि मरने वाले 45 फीसदी लोग दुपहिया वाहन चला रहे थे। जो बताता है कि हमारी सड़कों पर चलना कितना असुरक्षित बनता जा रहा है। राजधानी दिल्ली की बात की जाए तो राजधानी की सड़कों पर रोज वाहनों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। बढ़ते ट्रैफिक के बीच लापरवाही और जल्दबाजी के चक्कर में हर दिन औसतन 18 सड़क हादसे हो रहे हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो रात के समय सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। वर्ष 2023 में 15 जुलाई तक राजधानी में हुए सड़क हादसों में कुल 691 लोगों की जान चली गई। यानी रोज औसतन चार लोगों की सड़क हादसों में मौत हो रही हैं। इनमें रात के समय 400 लोग अपनी जान गंवा बैठे, वहीं दिन के समय हुए हादसों में 291 लोगों की मौत हुई। पिछले साल 2022 में मौत के आंकड़े पर गौर करें तो कुल 1428 मौतों में 806 रात और 622 दिन के समय हुए हादसों में हुई। कोई भी व्यक्ति राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति होता है। इन दुर्घटनाओं में मरने वाले अधिकांश लोग हमारी कार्यशील आबादी का हिस्सा होते हैं। परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले लोगों में 67 प्रतिशत लोग युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिनकी आयु 18 से 45 साल के बीच होती है। इन कामकाजी वर्ग के लोगों की मौत से इनका परिवार भी गहरे आर्थिक संकट में चला जाता है क्योंकि ये परिवार की आय का जरिया होते हैं। पिछले साल घायल होने वालों की संख्या में पंद्रह फीसदी की वृद्धि हमारी चिंता बढ़ाने वाली है। सड़क हादसे दुनिया भर में और विशेष रूप से भारत में लोगों की मृत्यु, विकलांगता और अस्पताल में भर्ती होने के प्रमुख कारणों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। जाहिरा तौर पर इन हादसों के मूल में जहां तेज रफ्तार मुख्य कारण है, वहीं गलत ओवर टेकिंग, हेलमेट न लगाना, सीट बेल्ट न बांधना व रांग साइड चलना भी बड़ी वजह है। वहीं त्रुटिपूर्ण सड़कें, तीव्र मोड़ व सड़कों में गड्ढे भी हादसों की वजह बनते हैं। दरअसल, लगातार हाईवे और एक्सप्रेसवे बनने से वाहनों की रफ्तार खासी तेज हुई है। सरकारों की तरफ से लगातार दावे किये जाते हैं कि अब फ्लां जगह पहुंचना इतने घंटे कम हुआ। इस जल्दी ने चालकों को अनियंत्रित गति का थ्रिल महसूस करने का भी मौका दिया है। युवा पीढ़ी समय बचाने के लिये भागमभाग में लगी है, यह जाने बिना कि अनियंत्रित गति सड़क हादसों की मूल वजह है। हाईवे-एक्सप्रेसवे तो बन गये हैं लेकिन उस पर चलने का सलीका हमें नहीं आया। सड़कों पर कार, बस, दोपहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर-ट्राली व परंपरागत वाहन भी चलते मिल जाते हैं, जो तेज गति के वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

# एक नए शीत युद्ध के दौर में भारत की ढुलमुल विदेश नीति

भारत अपने पड़ोस से ले कर दूर मध्य एशिया तक लगभग अकेला पड़ चुका है और नेपाल से ले कर ईरान तक लगभग सभी देश चीन के प्रभाव क्षेत्र में आ चुके हैं। चीन ने ईरान और सऊदी अरब के बीच समझौता करा के एक बड़ा दांव खेला जिससे अमरीका तक हिला हुआ है क्योंकि वह सऊदी अरब और क्षेत्र के अन्य देशों के साथ मिल कर ईरान को दबाव में रखना चाहता है।

भारत की विदेश नीति इस समय गंभीर संकट के दौर से गुज़र रही है और यह कहना अतिशयोक्त नहीं होगा की आज़ादी के बाद से आज तक भरत की विदेश नीति इतनी दिग्भ्रित दिशाहीन और अप्रभावी नहीं रही थी जितनी आज है, जबकि आज की दुनिया में भी भारत वही किरदार अदा कर सकता है जो आज़ादी के बाद शीत युद्ध के दौर में जवहर लाल नेहरु के नेत्रितिव में किया था। उसका बुनियादी कारण यह था कि महात्मा गांधी के नेत्रितिव में शांति अहिंसा और सत्य के



उबैद उल्लाह नासिर

बिलकुल नए हथियारों से लड़ कर भारत ने दुनिया के सब से बड़े साम्राज्य को अपने देश से बाहर निकाला था, जिससे प्रभावित हो कर एशिया अफ्रीका लातिनी अमरीका के कमज़ोर असहाय शोषण का शिकार देशो ने भी आज़ादी हासिल की थी भारत जिनका न केवल आदर्श था बल्कि उनका नेता भी बन गया था। नेहरु ने अमरीका और सोवियत यूनियन के दो गुटों बंटे देशों से अलग एक नया गुटनिर्पेक्ष खड़ा कर के विश्व शान्ति की मुहीम शुरू की थी और स्वेज़, कोरिया क्यूबा आदि समस्याओं पर एटमी जंग के दाहाने पर खड़ी दुनिया को बर्बादी से बचा लिया था। नेहरु अगर भारत को किसी सुपर पॉवर या उसके गुट का पिछलग्गू बना देते तो भारत को वह मान सम्मान और महत्त्व नहीं दिला सकते थे जो उसने हासिल किया और बाद के हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने जिसे संजोए रखा।

लेकिन आज वास्तव में हो क्या रहा है ? भारत अपने पड़ोस से ले कर दूर मध्य एशिया तक लगभग अकेला पड़ चुका है और नेपाल से ले कर ईरान तक लगभग सभी देश चीन के प्रभाव क्षेत्र में आ चुके हैं। चीन ने ईरान और सऊदी अरब के बीच समझौता करा के एक बड़ा दांव खेला जिससे अमरीका तक हिला हुआ है क्योंकि वह सऊदी अरब और क्षेत्र के अन्य देशों के साथ मिल कर ईरान को दबाव में रखना चाहता है। यही नहीं मालद्वीप के नए राष्ट्रपति भी चीन की ओर झुके हुए हैं और भारत से वहां तयनात अपनी सेना को वापस बुलाने का दबाव डाल रहे हैं। आपको याद होगा की स्व राजीव गाँधी के समय में जब मालद्वीप पर तख्ता पलट के लिए समुद्री डाकूओं ने हमला किया था तो उन समुद्री डाकूओं को मर भगाने और मालद्वीप की रक्षा के लिए वहां भारतीय सेना भेजी गयी थी। श्रीलंका ने भारत के घोर विरोध के बावजूद अपने यहाँ चीन के जासूसी जहाज़ों को लंगर डालने की इजाजत दे दी है जबकि ट्रांकोमलाई में चीनी अमरीकी और पाकिस्तानी सैन्य अड्डा न बने इसी लिए राजीव गांधी ने श्री लंका में शाति सेना भेजी थी। इससे पहले स्व इंदिरा गांधी ने भी हिन्द महासागर को बड़ी शक्तियों का युद्ध क्षेत्र न बनने देने के लिए डिगोग्रेशिया से अमरीकी सैन्य अड्डा हटवाया था क्योंकि यह सब कुछ भारत की सुरक्षा व स्थायित्व के लिए ज़रूरी था और आज भी है। और तो और भूटान जिसकी विदेश नीति कभी भारत के ही मातहत थी वह भी चीन से पेंगें बढाने लगा है और चीन से अपना



सीमा विवाद हल करने की बात चीत शुरू कर रहा है। नेपाल से चीन की निकटता विशेषकर तिब्बत काठमांडो रेल लाइन का निर्माण तो पुरानी बात हो गयी है ढ्पाकिस्तान तो सदा शत्रुता वाला देश ही बन गया है जिसके कारण क्षेत्रीय सहयोग का सब से प्रभावी और आवश्यक ग्रुप SAARC बेमौत मर गया है। अफगानिस्तान से हम हमेशा ही दूर रहे और अब ईरान ने चबहार बन्दरगाह से भी हमें निकाल दिया है। शर्णार्थियों की समस्या को ले कर बंगलादेश से भी मनमुटाव तो रहता ही है इस प्रकार देखा जाये तो इस क्षेत्र में चीन का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है जो भारत के लिए अशुभ और पाकिस्तान के लिए शुभ है क्योंकि वह चीन का पिछलग्गू बना हुआ है। उधर चीन हमारी ज़मीन पर कब्ज़ा करता जा रहा है। बीजेपी के ही सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री व सांसद डॉ सुब्रामणियम स्वामी की माने तो चीन ने हमारे क्षेत्र में लगभग 4 हजार वर्ग किलोमीटर पर क़ब्ज़ा कर लिया है हालांकि मोदी जी कह रहे है कि न कोई घुसा था न घुसा है लेकिन सवाल यह है की फिर सीमा विवाद पर बात क्यों हो रही है? कनाडा से भारत की तनातनी इस हद तक बढ़ी है की दोनों देशों ने अपने यहाँ से कई राजनयिकों को निकाल दिया है जबकि इसका उल्टा असर भारत के उन लोगों पर पड़ेगा जो कनाडा जाने का वीजा चाहते हैं स्टाफ कम होने से उनकी अर्जियों पर विलम्ब से ही कार्रवाई होगी जबकी कनाडा से भारत आने वालों की संख्या जाने वालों की संख्या के मुकाबले में बहुत कम है इस लिए उसके नागरिक इससे प्रभावित नहीं होंगे।

विदेश नीति में असमंजस और दूरदृष्ट के अभाव का अंदाजा गज़ा में युद्ध विराम को ले कर द्दह्न में पेश हुए प्रस्ताव पर भारत के वोटिंग से दूर रहने के फैसले से किया जा सकता है। उसके इस फैसले से अमरीका और इजराइल भी नाराज़ है और अरब देश भी। यदि भारत किसी एक ओर से वोटिंग करता तो एक पक्ष तो उससे प्रसन्न रहता। इस वोटिंग में नेपाल भूटान श्रीलंका बंगला देश पाकिस्तान समेत सभी देशों ने युद्ध विराम के पक्ष में वोट दिया था। दक्षिण एशिया के देशों में केवल भारत ही इस वोटिंग से दूर रहा बाक़ी सब ने युद्ध विराम के पक्ष में वोट दिया था। क्या मोदी सरकार को इजराइल द्वारा गाजा में नरसंहार जिसमें अब तक लगभग 10 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं मानवीय दृष्टकोण नहीं अपनाना चाहिए था क्या उसने यह निर्णय देश में अपनी ध्रुवीकरण की पॉलिसी के मदनज़र किया था ? इन सवालों का जवाब कौन देगा? क़तर का मामला तो और भी खतरनाक हो गया है यह भी विदेश मंत्रालय की असफलता का सुबूत है भारत की के 8 पूर्व अधिकारियों को क़तर में फांसी की सज़ा सुनाई गयी है उन पर इजराइल के लिए जासूसी का इलज़ाम है अगस्त में सलाहुद्दीन ओवैसी ने यह मामला लोक सभा में उठाया था मगर सरकार ने कोई विशेष ध्यान नही दिया अब जो भागदौड़ हो रही है वह कितनी सफल होगी नहीं कहा जा सकता यह भारतीय अगर बेगुनाह हैं तो इनकी जान बच जाए यही दुआ की जा सकती है।

आज भी दुनिया के हालात शीत युद्ध जैसे ही हैं जिसमें अमरीका को जिसे शीत युद्ध के दौर में सिर्फ सोवियत यूनियन से मुकाबला करना होता था अब उसके सामने रूस और चीन एक बड़ी चुनौती बन कर खड़े हो गए है। पहले चीन अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में कम ही दख़ल देता था लेकिन अब उस ने एक्टिव रोल अदा करना शुरू कर दिया है ढ उधर सोवियत यूनियन की विरासत संभालने वाले रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी उस विरासत को आगे बढाने की चेष्टा कर रहें हैं यहाँ तक कि जब अमरीका ने रूस की गर्दन पर हाथ डालने के लिए नाटो का उसकी सरहद अर्थात युक्रेन तक विस्तार करने के लिए उस को नाटो में शामिल करने की कोशिश की और युक्रेन राज़ी भी हो गया तो पुतिन ने यक्रेन पर हमला कर दिया, वह युद्ध आज भी जारी है। असल में अमरीका शीत युद्ध के समाप्ति के बाद एक ध्रुवीय दुनिया बना कर उसका महाराजा बनने के सपने देख रहा था कुछ दिनों तक तो ऐसा लगा कि वह सफल भी हो जायेगा सोवियत यूनियन बिखर चुका था उसमें शामिल देश अलग हो कर आज़ाद और खुदमुख्तार देश बन कर संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य वैश्विक संस्थाओं के सदस्य बन चुके थे जिनकी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति थी।

# खुदकुशी का बढ़ता दायरा एवं विकृत होती संवेदनाएं

विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं।

सभ्य समाज में आत्महत्या या छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाओं का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। आत्महत्या एवं हत्या की खबरें तथाकथित समाज विकास की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। इस तरह आत्महत्या एवं हत्या करना जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना हत्या का शिकार



ललित गर्ग

हुआ या आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दुःखी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। गुजरात के सूरत से एक हैरतअंगेज एवं त्रासद मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत से हर कोई हैरान है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा यह परिवार सूरत के अडाजन इलाके के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में रह रहा था, वहीं पर उनका बेटा मनीष उर्फ शान्तु सोलंकी पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका था, जबकि कनुभाई उनकी पत्नी शोभनाबेन, मनीष की पत्नी रीटा, मनीष की 10 और 13 साल की दोनों बेटियां दिशा और काव्या साथ ही छोटा बेटा कुशल का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। ऐसी ही त्रासद घटना 1 जुलाई 2018 दिल्ली के बुराड़ी में भी हुई, जिसने हर किसी को दहला दिया था। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है, तभी ऐसी विकराल घटनाएं संस्कृति के भाल पर बदनुमा दाग बनती जा रही है।

आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं। महानगरों में बढ़ती आर्थिक समस्याओं, कर्ज, तंगी, सामाजिक प्रतिष्ठा, बढ़ते असुरक्षा, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति पलायनवादी दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब वे स्थितियां भयावह, चिन्ताजनक एवं खौफनाक स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है।

आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सिने-स्टार, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये




जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना, पंखें से लटक जाना, जहर खा लेना और बंदूक हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह, कैरियर एवं उच्च शिक्षा परिणाम की चिन्ता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य का जब सामने होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, व्यापारिक घाटा, बढ़ता कर्ज एवं राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं। जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह-तंगी एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं।'

हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराए। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं। पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुदकुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं। निश्चित रूप से इसके लिए देश की व्यापारिक स्थितियां जिम्मेदार हैं, पर इसमें सामाजिक बेपरवाही और संवेदनात्मक संकुचन भी कम जिम्मेदार नहीं है। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से देश में कारोबारी स्थितियां अच्छी नहीं हैं, बहुत सारे लोगों को अपने धंधे बंद करने पड़े, कई कारोबारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पार पाने के लिए उन्होंने जीवन समाप्त करने का रास्ता ही चुना।

आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दर्शाती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे महानगरों के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी, इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति का चिंतित होना स्वाभाविक है। यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़े और उसमें किसी की जान चली गयी।

# दावा: प्रदेश की 44 हजार से ज्यादा सड़कों को किया गया गड्ढामुक्त

**लखनऊ।** योगी सरकार का दावा है कि सरकार ने 2023-24 में अब तक 44 हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने में सफलता अर्जित की है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए गड्ढामुक्ति अभियान के साथ ही नवीनीकरण और रीस्टोरेशन के कार्य को अंजाम दिया गया है। इनमें लोकनिर्माण विभाग के साथ-साथ राष्ट्रीय मार्ग, मंडी परिषद, नगर विकास, ग्राम्य विकास विभाग समेत कुल 10 विभागों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। सीएम योगी ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रदेश की तरक्की का मंत्र मानकर इस दिशा में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं।

प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए 51 हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही करीब 34 हजार सड़कों के नवीनीकरण या रीस्टोरेशन का भी लक्ष्य है। इस तरह कुल मिलाकर करीब 85

■ **सभी विभागों ने निभाई अहम भूमिका**



हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के सापेक्ष सरकार ने 15 अक्तूबर तक कुल 44 हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्त करने में सफलता पाई है। इसमें 24 हजार से ज्यादा सड़कों को गड्ढामुक्ति के द्वारा तो करीब 20 हजार से ज्यादा को नवीनीकरण या रीस्टोरेशन के द्वारा गड्ढामुक्त किया गया है। इस तरह से गड्ढामुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 48 प्रतिशत तो नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन का प्रतिशत 57 प्रतिशत से ज्यादा रहा है। विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही को देखें तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सर्वाधिक करीब 39 हजार सड़कों को गड्ढामुक्त किया है। इनमें केवल गड्ढामुक्ति द्वारा करीब 21 हजार (लक्ष्य का करीब 47 प्रतिशत) तो नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन के द्वारा करीब 18 हजार (लक्ष्य का 63 प्रतिशत) रोड्स का कायाकल्प किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय मार्ग के तहत कुल 768 सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया है। इसमें 604 सड़कों (लक्ष्य के 77 प्रतिशत से ज्यादा) का गड्ढामुक्ति के तहत तो 164 सड़कों (लक्ष्य के 86 प्रतिशत से ज्यादा) का कायाकल्प करने में सफलता प्राप्त की है। मंडी परिषद ने कुल 377 (369 गड्ढामुक्ति द्वारा और 8 नवीनीकरण एवं रीस्टोरेशन द्वारा) सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने में सफलता हासिल की है।

## निवेश जुटाने के लिए यूपी आ रही गुजरात सरकार

**लखनऊ।** वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण से पहले गुजरात सरकार उद्योग जगत को आमंत्रित करने के लिए सोमवार छह नवंबर को लखनऊ में रोड शो का आयोजन करेगी। गुजरात के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल इस रोड शो का नेतृत्व करेंगे।

इस दौरान ऋषिकेश पटेल आएसपीएल ग्रुप, वी. गार्ड, सनसोर्स एनर्जी, डाबर इंडिया, यंग स्किल्ड इंडिया जैसे संगठनों के प्रमुखों के साथ व्यक्तिगत बैठकें करेंगे। एसोचैम गुजरात काउंसिल के अध्यक्ष चिंतन ठाकर स्वागत भाषण देंगे। उनके संबोधन के बाद वाइब्रेंट गुजरात 2024 को लेकर प्रमोशनल फिल्म की स्क्रीनिंग होगी। इसके बाद गुजरात सरकार के ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल विभाग की प्रमुख सचिव ममता वर्मा गुजरात में मौजूद व्यावसायिक अवसरों पर प्रस्तुतीकरण करेंगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महानगर में चलाया 'घर-घर संपर्क' विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता

**लनखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने आज वोटर चेतना महाअभियान के अंतर्गत लखनऊ महानगर में चलाए जा रहे 'घर-घर संपर्क' विशेष अभियान के तहत मयूर विहार इंदिरा नगर की बूथ नंबर 66 पर भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क कर पात्र नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाया।

प्रदेश अध्यक्ष ने घरों में जाकर व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया और अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची के सत्यापन, नये मतदाताओं के पंजीकरण एवं मतदाता सूची में सुधार करने के लिए भाजपा द्वारा भी वोटर चेतना अभियान चलाया जा रहा है। जो 18 साल की उम्र पूरी कर चुके है या 01 जनवरी 2024



को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले है उनके फार्म भरवा कर मतदाता बनाना है। जिनकी मृत्यु हो चुकी है या ये स्थान छोड़कर अन्य कहीं चले गये है अथवा फर्जी नाम मतदाता सूची में जुड़ा हो ऐसे मतदाताओं को नाम हटवाने के लिए फार्म भरवाना है।

इसके लिए पार्टी द्वारा लंबे समय से वोटर चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पार्टी द्वारा प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया था। 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक घर-घर सम्पर्क का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आज 4 तारीख और कल 5 नवंबर को पार्टी के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सभी कार्यकर्ता मिलकर बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु वोटर चेतना अभियान चला रहे हैं ताकि

■ **नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाया**

मतदान की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपने मताधिकार का अवसर समान रूप से प्राप्त हो।

नीरज सिंह ने बताया कि अभियान को गति देने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, शक्ति केंद्र संयोजकों, प्रभारी और प्रवासियों के साथ वर्चुअल बैठक कर कार्य योजना बनाई गई है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि कल रविवार को प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर विशेष कैंपो का भी आयोजन किया जा रहा है। अभियान संयोजक विवेक तोमर ने बताया कि राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने भी ऐशबाग वार्ड के अंतर्गत बूथ संख्या 12 पर पार्षद संदीप शर्मा, अभिषेक खरे अंशु ,साकेत शर्मा और कार्यकर्ताओं के साथ अभियान चलाया।

# घटिया मीटरों का खामियाजा भुगत रही प्रदेश की जनता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जहां विद्युत उपभोक्ताओं के घर में वर्तमान में लगे जो इलेक्ट्रॉनिक मीटर विभिन्न कंपनियों के हैं उनकी गुणवत्ता कितनी घटिया क्वालिटी की है इसका अंदाजा बिगत दिनों पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में मीटर निर्माता कंपनियां परीक्षण खंड व स्टोर खंड के साथ मीटिंग में जो खुलासा हुआ उससे बिजली कंपनियों में हडकंप मच गया क्योंकि यही हाल दूसरी बिजली कंपनियों का भी होने वाला है क्योंकि ज्यादातर सभी बिजली कंपनियों में यही मीटर निर्माता कंपनी है उन्हीं के मीटर सप्लाई हो रहे हैं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न कंपनियों से जो मीटर खरीदा उसमें गारंटी पीरियड में 30268 मीटर खराब पाए गए जिसमें से सबसे बडा चैंकाने वाला मामला यह आ रहा है कि 7167 मीटर केवल

■ **बिजली कंपनियों की भी हो जांच निकलेगा चैंकाने वाला मामला**

पश्चिमांचल कंपनी में पिछले तीन वर्षो में रीडिंग जंप वाले पाए गए और उससे बडा चैंकाने वाला मामला यह रहा की 4911 मीटर स्वत बैक होते पाए गए यानी कि पीछे चल गए इसी प्रकार से लगभग 8238 मीटर नो डिस्पले के पाए गए इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों मे किस प्रकार के मीटर खरीदे जा रहे हैं और उसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है जब सभी बिजली कंपनियों मैं इसी प्रकार की रिपोर्ट तैयार की जाएगी तो शायद बेहद चैंकाने वाला मामला सामने आएगा उपभोक्ता जब बिजली कंपनियों के दफ्तर में जाते हैं और कहते हैं कि उनका मीटर जंप कर गया तो लोग विश्वास नहीं करते अब तो रिपोर्ट के बाद खुलासा हो गया।

# अग्निवीर भर्ती की तारीखें घोषित : 16 नवंबर से लखनऊ में शुरू होगी भर्ती

**लखनऊ।** आरओ (मुख्यालय) लखनऊ के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 16 से शुरू होगी, जो 24 नवम्बर तक चलेगी। इसमें जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन श्रेणी के पदों के लिए भर्ती की जाएगी। वहीं महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 27 व 28 को लखनऊ में होगी।

मध्य कमान के जनसम्पर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि भर्ती कार्यालय के तहत आने वाले जनपदों से 10,500 से अधिक अभ्यर्थी, अखिल भारतीय सामान्य लिखित प्रवेश परीक्षा में पास हुए हैं। यह अभ्यर्थी अब भर्ती के अगले चरण में हिस्सा ले सकते हैं। दूसरी ओर महिला मिलिट्री पुलिस के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र की भर्ती रैली 27 से 28 नवंबर तक लखनऊ में कराई जाएगी। महिला मिलिट्री पुलिस के लिए यूपी व



उत्तराखंड से डेढ़ हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुई हैं।

**आगरा में भर्ती 4 दिसम्बर से :** शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि भर्ती कार्यालय आगरा के अंतर्गत आने वाले जनपदों से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन(10वीं और 8वीं पास) पदों के लिए भतभ्र् रैली 4 दिसम्बर को शुरू होगी, जो 13 दिसंबर तक चलेगी। लिखित प्रवेश परीक्षा में 12,600 से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जो भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं।

**अमेठी में 19 से शुरू होगी भर्ती :** पीआरओ ने आगे बताया कि भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत आने वाले जिलों से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन के लिए भर्ती 19 दिसम्बर से शुरू होकर 27 दिसंबर तक चलेगी। इसकी लिखित परीक्षा में 9850 से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

## जातीय जनगणना के खिलाफ भाजपा पिछड़े व दलितों को बनाएगी हथियार

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा विपक्ष के जातीय जनगणना की काट के लिए राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे को धार देगी। साथ ही पिछड़े व दलित वर्गों में जनाधार बढ़ाएगी। दिल्ली में हुई बैठक के बाद प्रदेश में सरकार व संगठन में पिछड़ों व दलितों की भागीदारी बढ़ाने की रणनीति बनी है। भाजपा को विभिन्न राज्यों से मिले फीडबैक में सामने आया है कि उत्तर भारत के राज्यों में जातीय जनगणना का मुद्दा पिछड़ों के बीच धीरे-धीरे जम रहा है। इसीलिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस मुद्दे की काट तलाशने में जुट गए हैं।

यूपी में भाजपा अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण, वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति और काशी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे, विध्यांचल धाम कॉरिडोर, बृज तीर्थ क्षेत्र परिषद सहित अन्य राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार देगी।

# दीपावली मेले में जैन महिलाओं ने जलवा दिखाया




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दीपावली का आगाज हो चुका है। जैन समाज की महिलाओं द्वारा एक दीपावली मेले का आयोजन निरालानगर स्थित होटल रिग्नेंट में किया गया। जैन लेडीज़ क्लब द्वारा आयोजित दीपावली मेले का उद्घाटन बक्शी तालाब विधायक योगेश शुक्ला द्वारा किया गया। मेले में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें मुख्य आकर्षण वरिष्ठ जनों द्वारा रैंप वॉक रहा। इसके अलावा बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं टैलेंट भी प्रस्तुत किया गया। मेले के प्रायोजक दर्शित एंटरप्राइज़ द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जैन लेडीज क्लब की अध्यक्षा मनीषा जैन ने बताया कि लखनऊ की समस्त महिलाओं को एक मंच पर लाने का जो प्रयास हमारे संगठन के द्वारा किया गया वो आज सार्थक हुआ। उपाध्यक्षा शिप्रा जैन एवं दीपाली जैन ने बताया कि अभी 300 परिवार हमारे साथ जुड़ चुके है और आगे पूरे लखनऊ को एक सूत्र में बांधने का काम किया जा रहा है।

# किसानों के लिए फ्री बिजली योजना लागू करने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने को लेकर उपभोक्ता परिषद द्वारा आयोजित साप्ताहिक वेबीनार में आज सैकडो की संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लेकर उपभोक्ता परिषद द्वारा ओटीएस की लंबे समय से की जा रही मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से किसानो घरेलू उपभोक्ताओं व्यापारियों औद्योगिक इकाइयों एवं निजी संस्थाओं को एक मुस्त समाधान योजना का लाभ देने के लिए सरकार की तरफ से माननीय ऊर्जा मंत्री जी द्वारा ऐलान किए जाने का स्वागत करते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी व माननीय ऊर्जा मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। वहीं ऑनलाइन वेबीनार में जुडे सैकडो की संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता परिषद के



■ **उपभोक्ता परिषद ने एक मुक्त समाधान योजना लागू करने के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार**

माध्यम से फिर एक बार मांग उठाई की 1 अप्रैल 2023 से किसानों की लिए फ्री बिजली दिए जाने का जो ऐलान विधानसभा के बजट सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया था उसे भी अभिलंब लागू किया जाए जिससे प्रदेश के किसानों को उसका लाभ मिल पाए जिसका लंबे समय से प्रदेश के लगभग 14 लाख किस इंतजार कर रहे हैं।

आज के वेबीनार मैं बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने जहां बिजली बिलों में गडबडी करने किसानों को गलत बिल दिए जाने विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक न किय आगरा जनपद के कई क्षेत्रों में शहरी दर पर बिजली का बिल लिए जाने के बाद भी वहां पर केवल 18 घंटे विद्युत आपूर्ति किए जाने का मुद्दा उठाते हुए तत्काल समाधान करने की मांग उठाई।

## टीएमयू के लॉ कॉलेज में छह से होगा चार दिनी फेस्ट

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से चार दिनी लॉ फेस्ट- लेक्स कॉर्निवाल का 06 नवंबर को आगाज होगा। सीसीएसआईटी के एलटी-2 में प्रातः 10 बजे एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त बतौर मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. सुशील कुमार सिंह दीप प्रज्ज्वलित करके लॉ फेस्ट- लेक्स कॉर्निवाल का शुभारम्भ करेंगे। लॉ फेस्ट में पार्लियामेंट्री डिबेट, जजमेंट राइटिंग, लॉ क्विज, इंडोर स्पोट्स, रंगोली, स्ट्रीट प्ले, मूर्ट कोर्ट, पोस्टर आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए बताया, लेक्स कॉर्निवाल के पहले दिन पार्लियामेंट्री डिबेट और जजमेंट राइटिंग की प्रतियोगिताएं होंगीं।

# शांति स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 24वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का उद्घाटन आज मॉरीशस के उप-राष्ट्रपति मैरी सिरिल एडी बोइसेज़ोन ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बोइसेजोन ने कहा कि शांति स्थापना को प्रोत्साहित करने हेतु हर स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है। बदलाव तभी आ सकता है जब हम सब साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि सी.एम.एस. की पहल पर मुख्य न्यायाधीशों व न्यायाधीशों ने भावी पीढ़ी की भलाई का जो बीड़ा उठाया है, वह स्वागत योग्य है। सभी देशों में इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए।

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विभिन्न देशों से पधारे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य राजनीतिक हस्तियों समेत कई प्रख्यात न्यायमूर्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ट्यूनीशिया के नोबेल



पुरस्कार विजेता श्री अब्देस्सतार बेन मूसा ने कहा कि आज विश्व में ऐसे लोगों एवं संस्थाओं की जरूरत है जो सबका भला सोचें। हमें जाति, रंग या भाषा से परे हटकर मानवाधिकार, न्याय, स्वतंत्रता, समानता पर जोर देना चाहिए। श्री मूसा ने विश्व एकता व विश्व शान्ति की स्थापना हेतु कई सुझाव भी दिये। घाना संसद के अध्यक्ष श्री अल्बान सुमना किंग्सफोर्ड बैगबिन ने कहा कि कोई देश या महाद्वीप वैश्विक समस्याओं से अकेले नहीं जूझ सकता है, हम सबको मिलकर इनसे लड़ना होगा। यू.एन. चार्टर में बदलाव लाने की आवश्यकता है। धरती में हमारे पुरखों से नहीं बल्कि अपने बच्चों से उधार में मिली है। अमेरिका से पधारे डा. जोशुआ लिंकन ने कहा कि हमें वर्तमान की समस्याओं से परे भविश्य के बारे में सोचना होगा। इस अवसर पर क्रोएशिया के पूर्व राष्ट्रपति श्री स्टीपन मेसिक, ने कहा कि यू.एन. को सिर्फ युद्ध के समय ही नहीं अपितु सामान्य परिस्थितियों में भी सदैव एकता व शान्ति स्थापना हेतु प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर बुरण्डी के नेशनल असेंबली के अध्यक्ष श्री गेलेज़ डेनियल नडाबीराबे समेत कई न्यायविद्ों व कानूनविद्ों ने अपने

■ **अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन का आज हुआ भव्य उद्घाटन**

सारगर्भित विचार रखे।

सम्मेलन के संयोजक व सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने आज एक प्रेस कान्फ्रेन्स में कहा कि मुख्य न्यायाधीशों ने सी.एम.एस. छात्रों की अपील को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर गहरा विचार-विमर्श किया। डा. गाँधी ने न्यायविद्ों व कानूनविदों के विचार-विमर्श से पत्रकारों को विस्तार से अवगत कराया। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों ने आज विशाल विश्व एकता मार्च निकालकर विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित भविष्य का अलख जगाया। 61 देशों से पधारे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद अध्यक्ष व कई अन्य गणमान्य हस्तियों समेत विभिन्न देशों के मुख्य न्यायाधीशों व न्यायाधीशों ने 'विश्व एकता मार्च' की अगवाई कर भावी पीढ़ी के लिए सरक्षित व सुखद भविष्य की आवाज बुलंद की।

## जस्टिस मुर्तज़ा हुसैन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का परिणाम आज






अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 04 नवम्बर यूनिटी पीजी कॉलेज, बसंतकुज, आई आई एम बाईपास रोड, लखनऊ में आयोजित जस्टिस मुर्तज़ा हुसैन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का प्रारम्भिक चरण और क्वाटर फाइनल हुआ। जिसमें भाग लेने वाली टीमों का चुनाव एडवोकेट पैनल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल चरण का परिणाम कल दिनांक 05 नवम्बर को घोषित किया जायेगा।

# शिक्षा के प्रावधान को अनिवार्य बनाने की जरूरत

### विधायक डॉ. राजेश्वर ने बुनियादी कानूनी शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी में से एक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा वर्ष 2021 के लिए प्रकाशित आंकड़ों से पता चलता है कि देश में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की दर लगातार 2020 में 29,768 मामलों से बढ़कर 2021 में 31,170 मामलों तक पहुंच गई है, जो 4.7 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

आपराधिक गतिविधि पर निवारक प्रभावः किशोर अपराध की उच्च दर के पीछे प्राथमिक कारणों में से एक युवा वयस्कों के बीच कानूनी साक्षरता की कमी है। आपराधिक कार्यों के दंडात्मक परिणामों के बारे में जागरूकता उन लोगों को रोकेगी जो सजा के डर से ऐसे अपराध करना चाहते हैं। इस प्रकार, इन अपराधों के संबंध में बुनियादी ज्ञान प्रदान करने से सकारात्मक परिणाम मिलेंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा, और नाबालिगों द्वारा किए जाने वाले



अपराधों में कमी आएगी। न्यायपालिका पर बोझ में कमी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, सितंबर, 2021 तक, भारत की सभी अदालतों में 4.5 करोड़ मामले लंबित हैं, जिससे केस क्लीयरेंस दर बेहद कम हो गई है। कानूनी शिक्षा के प्रावधान से जागरूकता का स्तर बढ़ेगा और अपराध पर रोक लगेगी जिससे न्यायपालिका पर बोझ कम होगा।

संविधान प्रत्येक व्यक्ति को मानवीय गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करता है (अनुच्छेद 21)। इसके परिणामस्वरूप कानूनी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार ( अनुच्छेद 21ए)

■ **स्कूल स्तर पर बुनियादी कानूनी शिक्षा के कार्यान्वयन के लाभ**

और मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार (अनुच्छेद 39ए) शामिल है। यह विशेष रूप से उस देश में अत्यंत महत्वपूर्ण है जहां इग्नोरेंटिया ज्यूरिस नॉन एक्सक्यूसैट कानून की अज्ञानता की दलील देना स्वीकार्य नहीं है और पुलिस के पास बलपूर्वक शक्तियां उपलब्ध हैं। कानूनी शिक्षा प्रदान करने से सभी नागरिक अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में इसे अपनाने में मदद मिलेगी। इस प्रकार, कानूनी शिक्षा तक पहुंच सभी के लिए निष्पक्ष और सुलभ न्याय प्रणाली की संवैधानिक दृष्टि को साकार करने में मदद करेगी। नागरिक जिम्मेदारी और सार्वजनिक सेवा को बढ़ावा देना जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक प्रगति और एकजुटता आती है- कानून की शिक्षा छात्रों के बीच तर्कसंगत तर्क को प्रोत्साहित करती है, जिससे उन्हें अलंकारिक तर्क और रूढ़िवादिता के आगे झुकने की संभावना कम हो जाती है जो भारतीय समाज को विभिन्न पहलुओं में विभाजित करती है। यह उन्हें इस बात की स्पष्ट दृष्टि से सुसज्जित करेगा कि क्या किया जाना चाहिए और यह कैसे किया जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप एक समतावादी राज्य और उत्थानकारी न्याय प्राप्त होगा। वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करें जनवरी 2021 तक, लगभग दस लाख भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ रहे थे। इस प्रकार, देश की बुनियादी कानूनी प्रणाली का विस्तृत अध्ययन विदेश में अध्ययन करने जाने वाले छात्रों के लिए सहायक सिद्ध होगा। इस प्रकार, कानूनी शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न कानूनी प्रणालियों और संस्कृतियों से अवगत कराकर और तेजी से परस्पर जुड़ी दुनिया में कानून की भूमिका के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करके वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करना हो सकता है।

# डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। नवंबर, 2021 में, डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय राज्यमंत्री(पीपी) ने किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया था। अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस



केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के सुविधापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र/फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। इसी कड़ी में, अतुल प्रियदर्शी, परामर्शदाता,पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग की केंद्र सरकार की टीम ने दिनांक 03 तथा 04 नवंबर को लखनऊ में इंडियन बैंक की हजरतगंज मुख्य, मवईया, हुसैनगंज, एयर पोर्ट, आलमबाग़ और उजरियांवा शाखाओं को में जागरूकता अभियान आयोजित किया।

# गरीबों की भूमि पर कब्जा करने वालों पर करें कार्रवाई: डीएम

## शिकायतों के निस्तारण एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी: मंगला प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

- आवास आवंटन की पात्र एवं अपात्र लोगों की अलग-अलग फाइल बनायें: एम0पी0 सिंह
- शिकायतों का पूरी निष्पक्षता के साथ गुणवत्ता परक निस्तारण करायें
- आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु क्षेत्रों में रात्रि गस्त बढ़ायें: पुलिस अधीक्षक
- अपराधिक, आसामाजिक तथा आराजक तत्वों पर विशेष नजर रखें: केशव



**हरदोई।** तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गरीबों की भूमि एवं आवास तथा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एंटी भूमाफियां एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए जेल भेजें और हर पीड़ित को न्याय दिलायें। उन्होने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त टीम के रूप में नियमित गांवों का भ्रमण करें और ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर उनका गांव में ही सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करायें तथा गम्भीर शिकायतों के सम्बन्ध में अपने उच्चाधिकारियों का अवगत करायें। आवास संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवास आवंटन की पात्र एवं अपात्र लोगों की अलग-अलग फाइल बनायें और आवास आवेदनों में पूर्व में जांच कर अपात्र घोषित किया है उनकी दूसरी बार आवास संबंधी प्राप्त आवेदन पर जांच आख्या की दिनांक सहित अपात्र लिखकर आवेदक का अवगत करायें और जो लाभार्थी जांच में पात्र पाये जाये उन्हें सूची के अनुसार आवास उपलब्ध करायें।

जिलाधिकारी ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस, मा0 मुख्यमंत्री प्रकरण, शासन से एवं सम्पूर्ण समाधान व थाना समाधान दिवस तथा जनता मिलन की प्राप्त सभी शिकायतों का पूरी निष्पक्षता के साथ गुणवत्ता परक निस्तारण करायें और गांवों में जाकर लोगों को भारत एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करें और गरीब व असहाय लोगों को योजनाओं का लाभ दिलायें। समाधान दिवस में विद्युत, पेंशन, राशन वितरण आदि विभागों की प्राप्त 140 शिकायतों में से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ शेष के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें और शिकायतों के निस्तारण एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि गस्त बढ़ायें और स्वयं भी नियमित गस्त कर क्षेत्र के अपराधिक, आसामाजिक तथा आराजक तत्वों पर विशेष नजर रखें और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रोहताश कुमार, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला, सीओ हरियावां शिल्पी, जिला सूचना अधिकारी सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# इटावा सफारी पार्क का दिव्यांग बच्चों ने किया भ्रमण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद के 9 ब्लॉकों से लगभग 100 दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ उनके प्रशिक्षकों, संकेत दुभाषियों द्वारा एक्सपोजर यात्रा का आयोजन कर इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। इस प्रकार की संख्या में दिव्यांग बच्चों द्वारा इटावा सफारी पार्क में भ्रमण पहली बार हुआ है। कार्तिक द्विवेदी, शिक्षा अधिकारी, इटावा सफारी पार्क, इटावा ने बच्चों को इंटरैक्टिव तरीकों से वन्यजीवों के संबंध में संकेत दुभाषिया के माध्यम से जानकारी करायी। इसके अतिरिक्त सफारी पार्क की निदेशक दीक्षा भंडारी ने भी बच्चों के साथ वार्तालाप किया और सफारी के भीतर उनके अनुभव पर चर्चा की गयी। सफारी पार्क में भ्रमण के दौरान अर्चना सिन्हा, जिला समन्वयक, इटावा सर्व शिक्षा अभियान ने बच्चों और अन्य स्टाफ सदस्यों के गर्मजोशी से स्वागत के लिए सफारी पार्क प्रशासन को धन्यबाद दिया। इस मौके पर सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, शशांक पटेल आदि उपस्थित रहे। उक्त भ्रमण में अतिरिक्त बस सुविधा मैसर्स विकास भदौरिया कॉन्ट्रेक्टर के सौजन्य से निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी।

# खेती में ग्लाइफोसेट का उपयोग विवेकपूर्ण एवं सुरक्षित करें

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** यूपी वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में शुक्रवार को ग्लाइफोसेट का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इसमें 60 से अधिक प्रशिक्षणर्थियों ने प्रतिभाग भाग किया। निदेशक प्रसार प्रोफेसर डा अतुल सक्सेना ने ग्लाइफोसेट के उपयोग एवं उसके लाभ एवं हानियों की विस्तारपूर्वक लाभकारी जानकारी देकर लाभान्वित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डा वाईके शर्मा ने प्रशिक्षणर्थियों को बताया कि ग्लाइफोसेट एक शाकनाशी है इसे किसान अक्सर घास नियत्रंण हेतु करते हैं। इसे मेडों, नालियों, सडक के किनारे, रास्तों आदि के लिए उपयोग करते हैं। इससे खरपतवार एवं सभी तरह की घास तत्काल सूख जाती है। इसका हानिकारक प्रभाव आगामी बोई जाने वाली फसल के जमाव से लेकर वृद्धि तक पडता है। इससे जल, वायु, मृदा प्रदूषण भी होता है। डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने बताया कि किसी भी दवाई का खेतों में उपयोग करते समय सुरक्षा के सभी उपाय, मास्क, दस्ताने, चश्मा एवं शरीर को पूरी तरह से ढककर रखना चाहिए। इसे बच्चों को पहुंच से दूर रखें। संस्तुत एवं निर्धारित मात्रा का ही प्रयोग करें। डा बृज मोहन ने बताया कि बाग, बगीचों में इसका उपयोग आवश्यक होता है। मगर अंधाधुंध एवं अनावश्यक उपयोग न करें। सहायक कृषि रक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर कृषि रसायनों के खेतों में उपयोग हेतु अधिनियम बनाए जाते हैं।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर/रोल प्रेक्षक अमित गुप्ता की अध्यक्षता में अहिर्ता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेड सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के लिए समस्त मतदेय स्थल पर नियुक्त बी0एल0ओ0 का सहयोग मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बी0एल0ए0 के द्वारा किया जायेगा जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहने पाये। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार बूथ लेविल एजेण्ट द्वारा एक बार में 10 और पूरी पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ एकसाथ जमा कर सकते हैं, परन्तु अधिक संख्या में फार्म एक साथ जमा नहीं किये जायेंगे। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि नये वोटर्स का डाटा बूथवार तैयार किया जाये एवं ई0पी0 रेस्यू में बढावा लाया जाये तथा पेन्डिग फार्मो को नियमानुसार निस्तारित किया जाये। उन्होंने बी0एल0ओ0 को घर-घर जाकर अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये जिससे कोई भी मतदाता वंचित न रहने पाये, साथ ही साथ बी0एल0ओ0की उपस्थित स्पष्ट करने के उद्देश्य से मुखिया के हस्ताक्षर व मोबाइल नम्बर भी पंजिका में अंकित



कराया जाये। उन्होंने समस्त सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि बी0एल0ओ0 अपने कार्य को पूर्ण करते हुए एप के माध्यम से सर्वे का विवरण अपलोड कराना सुनिश्चित करें साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि नियुक्त बी0एल0ओ0 के कार्यो की सतत निगरानी रखते हुए उनका आकलन भी करें और लापरवाही बरतने वाले बी0एल0ओ0 की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को अवश्य उपलब्ध करायें ताकि उन पर विधि के अनुरूप कार्यवाही करायी जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि बी0एल0ओ0 का रजिस्टर बनाकर मेन्टेन किया जाये एवं सम्बन्धित अधिकारी रजिस्टर चैक करके रिपोर्ट दी जाये। उन्होंने जिला अधिकारी को निर्देश दिये कि अधि0अधि0नगर पालिका एवं जिला पंचायतराज अधिकारी के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में होर्डिंग, लाउडस्पीकर एवं अन्य माध्यमों के द्वारा आमजन को जागरूक किया जाये एवं निर्वाचक नामावली को अधिक से अधिक त्रुटिरहित बनाने में उनका भी सहयोग लिया जाये। मण्डलायुक्त ने समस्त राजनैतिक दलों से अपेक्षा है कि निर्वाचक नामावली में छूटे हुए नामों को सम्मिलित कराने एवं अनुपयुक्त नामों को विलोपित करने की सूची बूथ स्तर पर बी0एल0ओ0 को उपलब्ध करा दें जिससे निर्वाचक नामावली में आवश्यक संशोधन किया जा सके। उन्होंने सर्वे का डाटा फीड करने से पहले चैक लिस्ट के माध्यम से डाटा चैक अवश्य करने के निर्देश दिये। उक्त के पूर्व मण्डलायुक्त द्वारा मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर पदाभिहित अधिकारी व बी0एल0ओ0 को निर्देशित किया कि अनावश्यक दवाब की स्थिति उत्पन्न न होने दें और अपने दायित्वों का बिना किसी भेदभाव के निर्वाहन करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ मतदान केन्द्र के विशिष्ट नागरिकों, दिव्यांगजनों व नये वोटर्स पर अधिक ध्यान दिया जाये। तत्पश्चात मण्डलायुक्त द्वारा जनपद की तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का सार्थक व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव राजपूत, जिलाध्यक्ष सपा गोपाल यादव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस मलखान सिंह, महासचिव ब0स0पा0 रवीन्द्र कुमार सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इंसान की इज़्ज़त करना सीखो किसी भी जाति धर्म का हो: चिश्ती

वहाज अली निहाल

**इटावा।** हाफिज़े बुखारी फाउंडेशन की ओर से मस्जिद शाह कमर में जलसा जश्ने मशाइखे चिश्त मनाया गया। जलसे का आगाज़ हाफ़िज़ अली हसन ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। मुकर्रिर-ए-खुसूसी हज़रत मौलाना सैय्यद नवाज़ अख्तर चिश्ती(चिश्ती मियां) अस्ताना आलिया समदया दारूल खैर फफूंद शरीफ ने तकरीर में कहा कि इंसान को किसी भी हाल में झूठ नहीं बोलना चाहिए और अपने बच्चों को बचपन ही से तालीम व तेहज़ीब सिखाना चाहिए। हज़रत ने वलियों के महत्व पर रोशनी डाली और जलसे में आये लोगों को उनकी खूबियां और करामाते बयान की। उन्होंने कहा कि अल्लाह के वलियों को किसी का डर नहीं होता। हमारा वली ज़िंदा रहता है वो अल्लाह के करीब होते है। उन्होंने कहा कि हमारा यक़ीदा साड़े चौदह सौ साल पुराना है। उन्होंने अंत में कहा कि इंसान की इज़्ज़त करना सीखो किसी भी जाति धर्म का हो। हज़रत के बयान पर उनके मुरीद वाई के शफी चिश्ती आदि ने नारों की सदायें बुलंद की। हाफिज़ इरफान चिश्ती ने कहा कि इंसान को अपने बुज़ुर्गाने दीन के नक्शे क़दम पर चलना चाहिए उनकी बातों पर अमल करना चाहिए तभी आप कामयाब इंसान कहलाए जाएंगे। इस मौके पर पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमालुद्दीन अशरफी, डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती नईमी, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी साहब, हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद चिश्ती साहब, मौलाना शराफत हुसैन अशरफी साहब, कारी उमर बरकाती, हाफ़िज़ अहमद अकबरी, हाफ़िज़ आक़िब चिश्ती, हाफ़िज़ कफील चिश्ती, हाफ़िज़ राशिद चिश्ती, हाफ़िज़ ज़ुबेर चिश्ती, फैज़ खान आदि के अलावा शहर के उलमाए इकराम मौजूद रहे।



हाफिज़े बुखारी फाउंडेशन की ओर से मस्जिद शाह कमर में जलसा जश्ने मशाइखे चिश्त मनाया गया

## सैनी समाज का सामूहिक विवाह 23 को

**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति एवं सैनी समाज मथुरा द्वारा समाज के युवक युवतियों का सामूहिक विवाह समारोह को लेकर कन्हैया लाल सैनी की अध्यक्षता में नगला चिरंजी गोला कुआं, जमुना पार मथुरा में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में दिनांक 23 नवम्बर देव उठानी एकादशी को समाज के 16 वें सामूहिक विवाह समारोह को लेकर चर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से सामूहिक विवाह समारोह में समाज के 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराने का निर्णय लिया।

# पोशाक कारोबारी की पत्नी की हत्या, कारोबारी की हालत गंभीर

- रात के समय घर में घुस कर बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के हाईवे क्षेत्र में बदमाशों ने बडे पोशाक कारोबारी के घर में घुस कर सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय घर के अंदर पोशाक व्यापारी और उनकी पत्नी ही थीं। बेटा और बहू तीर्थ यात्रा पर बाहर गये हुए थे। जब वारदात की सूचना मिली तो दंपति को गंभीर अवस्था में लोग उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने 56 वर्षीय पोशाक कारोबारी की पत्नी कल्पना अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। 58 वर्षीय कृष्णा अग्रवाल को गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। कृष्णा अग्रवाल धर्म नगरी के प्रसिद्ध पोशाक कारोबारी हैं उन्हें मुकुट वालों के नाम से भी लोग जानते हैं। घटना की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसएसपी शैलेश पांडेय ने घटना स्थल का संघन निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था। टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये। इस दौरान पुलिस को पता चला कि बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकाल ले गये हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि हाईवे क्षेत्र में एक मकान के अंदर एक दंपति के चोटिल होने और उनको यहां से हॉस्पिटल ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। हॉस्पिटल में महिला की मृत्यु हो गई और पुरुष का इलाज चल रहा है। यह हत्या का मामला लग रहा है। किन कारणों से हुई है, इसको लेकर अभी छानबीन चल रही है। दोनों पति पत्नी बीती रात मकान में अकेले थे। इनके घर में और कोई नहीं था। अभी अज्ञात में यह प्रकरण है। हमारी पुलिस टीमें लगी हुई हैं। क्राइम ब्रांच की दो, सर्विलांस की टीम, तीन थानों की पुलिस, कुछ छह टीमें इस घटना के खुलासे में जुटी हैं। जल्द ही इस घटना का हम खुलासा करेंगे और जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे। अभी कुछ भी कोई बताने की स्थिति में नहीं है। जो भी तथ्य सामने आएंगे तत्काल कार्यवाही की जाएगी। वारदात का शिकार हुआ परिवार वृंदावन में रहता था। कुछ समय पहले ही उन्होंने हाइवे क्षेत्र में विकसित हुई गुरु कृपा विलास कॉलोनी में मकान बनाया था।

### व्यापारियों ने जताया घटना पर रोष

घटना का शिकार हुआ परिवार धोली प्याऊ वाले शिव शंकर सेठ की पुत्री का ससुराल पक्ष है और मृतक महिला उनकी समधिन कल्पना अग्रवाल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में शहर के व्यापारी और भारतीय जनता पार्टी के नेता पहुंच गए। शहर की गेट बंद कॉलोनी में हुई इस दुस्साहसिक घटना से शहर के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष रमेश चतुर्वेदी महामंत्री सुनील अग्रवाल जिला महामंत्री अजय गोयल प्रमुख मुकुट व्यवसायी प्रदीप अग्रवाल आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर रोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर में चोरी लूटपाट आदि की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। लगता है पुलिस प्रशासन इस सबसे बेखबर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हत्या एवं लूटपाट से जुड़े अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी नहीं हुई तो मथुरा के व्यापारी बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# निर्वाचन नामावली कार्यक्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद कक्ष संख्या 4 पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया। सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करके बीएलओ, अधिकारियों तथा सुपरवाइजरों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक सदर के औरंगाबाद बूथ संख्या 390 का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिए कि ऐसे युवा जो 01 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं या 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनके नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उनका शत प्रतिशत रूप से फार्म भरवाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी नागरिक अपने से संबंधित मतदान केंद्र एवं मतदेय स्थल पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म संख्या -6 भरवाएं। जिन मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, स्थानान्तरित या डुप्लीकेट नामों को कटवाने के लिए फार्म संख्या-7 भरकर जमा कराएं तथा संबंधित मतदाता अपने नाम, आयु या पते इत्यादि में संशोधन कराने के लिए फार्म संख्या-8 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपना नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म संख्या -8 क भरवाना सुनिश्चित करें। वहीं 387 की बीएलओ रचना कुमारी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिली।

## यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक

**मथुरा।** प्रदेश में चल रहे यातायात सुरक्षा माह के तहत शनिवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर जहां वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं नियम विपरीत चल रहे कई वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की गई है। यहां बताते चलें कि पूरे प्रदेश में इन दिनों यातायात सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिले में इस अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने किया था। इसी क्रम में शनिवार को नगर के विभिन्न इलाकों में यातायात निरीक्षक के निर्देशन में व्यापक अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की गई।

# संक्षिप्त समाचार

## उपजिलाधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण



**हरदोई।** 27 अक्टूबर से प्रारम्भ हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत आज उप जिलाधिकारी बिलग्राम संजीव ओझा द्वारा विभिन्न बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेंडर रेशियो के संबंध में घर-घर जाकर महिला मतदाता व 18-19 वर्ष के मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने के संबंध में अपील की। उन्होंने बिलग्राम मल्लावां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथ संख्या 401 प्राथमिक विद्यालय नया बंगला माजरा बिरनी का निरीक्षण कर बीएलओ व अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मतदाताओं को भी फॉर्म 6,7 व 8 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु का कोई भी मतदान योग्य नागरिक छूटने न पाए।

## बिजली चेकिंग: 16 लोगों पर कार्यवाही की गई



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शक्ति भवन लखनऊ से आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर श्याम नगर से संबंधित क्षेत्र सुंदरपुर में 16 पर लोगो कार्यवाही की गईद्यजिसमे 15 लोगो को केबल बायपास करके विधुत चोरी करते पकड़ा गया जिनकी धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई हैं। जबकि 01 उपभोक्ताओं को धरेलू संयोजन से कमर्शियल उपयोग करते पकड़ा गया जिनकी धारा 126 में कार्यवाही करा दी गयी है। 06 उपभोक्ताओं के विधुत संयोजन की भार बढ़ाया गया। टीम में उपखण्ड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता हंसराज, टीजी 2 नवल किशोर, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह, अनुराग त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने जनपदीय पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान स्स्क्ष वाचक ऑफिस, ASP वाचक कार्यालय, IGRS सेल, रिट सेल, वीआईपी सैल, प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, महिला सहायता प्रकोष्ठ आदि के अभिलेखों की जांच कर उनके रखरखाव एवं पुलिस कार्यालय परिसर में गड्डों, शौचालयों, कैंटीन की साफ-सफाई एवं कार्यलयों में टूटे फर्नीचर्स के संबंध में सख्ती के साथ संबंधित/प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

## चोरी की सात मोटरसाइकिल, एक स्कूटी बरामद



**मथुरा।** थाना जैत पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक गणेश पुत्र लालचंद निवासी मीना मोहल्ला ग्राम छटीकरा थाना जैत मथुरा, रोहन पुत्र हरिचरन निवासी थोक मनी ग्राम चौराहा थाना जैत मथुरा हाल निवासी ग्राम पैठा सौख रोड थाना गोवर्धन मथुरा, कलुआ उर्फ घोटा पुत्र भूरी सिंह निवासी दादू थोक ग्राम राल थाना जैंत मथुरा तथा सुशील उर्फ कान्ती पुत्र दयाचन्द निवासी मीना मोहल्ला ग्राम छटीकरा थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने चारों अभियुक्तों को छटीकरा रेलवे पुल के पास मघेरा मन्दिर की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

# समूह गठन का 75 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

अवधनामा संवाददाता

- 2943 समूह गठित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 2212 समूहों का हुआ गठन
- सीडीओ ने की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा

**मथुरा।** जनपद में समूह गठन का 75 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। वर्तमान में समूह गठन के लिए 44 आईसीआरपी ड्राइव क्षेत्र में लगी हुई हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपायुक्त स्वत रोजगार, डीएमएम, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) तथा समस्त बीएमएम उपस्थित रहे। जनपद का वर्ष 2023-24 में 2943 समूह गठित करने का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष 2212 समूह गठित किये जा चुके हैं। वर्तमान में समूह गठित करने के लिए 44 आईसीआरपी ड्राइव क्षेत्र में लगी हुई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त बीएमएम को निर्देशित किया गया कि गठित समूहों की सखी एप पर यथाशीघ्र फीडिंग कराएं। समस्त बीएमएम द्वारा सखी एप पर आ रही तकनीकी समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सखी एप पर फीडिंग की धीमी प्रगति के लिए विकासखंड चौमुंहा एवं छाता के बीएमएम को मौखिक चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त बीएमएम न्यूनतम तीन समूह की ऐप पर फीडिंग प्रतिदिन अवश्य करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीसी सखी तथा विद्युत सखी के कार्यों की समीक्षा भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डीएमएम को निर्देशित किया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे अच्छे उत्पादों को अमेजॉन पर ऑनलाइन कराएं, वर्तमान में समूहों के 51 उत्पाद अमेजन पर ऑनलाइन है। डीएमएम को यह भी निर्देशित किया गया कि समूहों द्वारा बनाए गए गोबर उत्पादों के पैक को अधिकारी, कर्मचारियों तक पहुंचाएं ताकि समूह के उत्पादों की बिक्री हो सके तथा अधिकारी, कर्मचारियों को भी दीपावली पर इको फ्रेंडली उत्पाद प्राप्त हो सकें।


# निर्वाचन नामावली कार्यक्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद कक्ष संख्या 4 पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया गया। सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करके बीएलओ, अधिकारियों तथा सुपरवाइजरों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक सदर के औरंगाबाद बूथ संख्या 390 का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिए कि ऐसे युवा जो 01 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं या 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनके नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उनका शत प्रतिशत रूप से फार्म भरवाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी नागरिक अपने से संबंधित मतदान केंद्र एवं मतदेय स्थल पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म संख्या -6 भरवाएं। जिन मतदाता सूची में सम्मिलित मृतक, स्थानान्तरित या डुप्लीकेट नामों को कटवाने के लिए फार्म संख्या-7 भरकर जमा कराएं।

# स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर केले की ये रेसिपीज, बेहद आसान हैं इसे बनाना

केले में 3 ग्राम फाइबर, 1 ग्राम प्रोटीन, 28 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और फैट की मात्रा 0 होती है। इसके अलावा केले में पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, विटामिन बी6 और मैंगनीज आदि से भी भरपूर होता है। केले की आप कुछ आसान रेसिपीज बनाकर तैयार कर सकते हैं।

सभी जिम जाने वालों की केला पहली पसंद होता है। वेट बढ़ाना हो या वेट लॉस करना हो या फिर फैट लॉस, सभी जिम जाने वाले लोग केले को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। यह सभी तरह की डाइट में फिट हो जाता है। बस इसको सही तरीके से अपनी डाइट में शामिल करने की जरूरत होती है। ना सिर्फ फिटनेस के लिहाज से बल्कि केले का सेवन पूरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। केला पोषण से भरपूर होता है। एक मीडियम साइज केले में करीब 110 कैलोरी पायी जाती है।

केले में 3 ग्राम फाइबर, 1 ग्राम प्रोटीन, 28 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और फैट की मात्रा 0 होती है। इसके अलावा केले में पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, विटामिन बी6 और मैंगनीज आदि से भी भरपूर होता है। केला पूरे साल बाजार में मौजूद रहता है। हांलाकि लोग अलग-अलग तरीके से डाइट में शामिल करते हैं। आज हम आपको केले से बनी 5 आसान रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

***ओट्स और केले का दलिया***

रात को सोने से पहले 40 ग्राम तक ओट्स को पानी में भिगोकर रख दें। फिर सुबह कुछ नट्स, बीज और ड्राई फ्रूट्स के साथ 1-2 केले, एक कप उबला हुआ गुनगुना दूध और एक चम्मच शहद डालें। फिर इन सबको अच्छे से मिक्स करें। इसका सेवन आप ब्रेकफास्ट में भी कर सकते हैं। बता दें कि यह प्रोटीन और फाइबर से भरपूर ब्रेकफास्ट है। जो आपको पूरा दिन एनर्जेटिक बने रहने और लंबे समय तक आपका पेट भरा रखने में मदद करती है।



***बनाना और पीनट बटर सैंडविच***

बनाना और पीनट बटर सैंडविच बनाने के लिए 2 मीडियम साइज ब्राउन या सामान्य ब्रेड लेनी है। फिर ब्रेड पर 1-2 चम्मच पीनट बटर लगाएं। अब केले के टुकड़ों को काटकर ब्रेड की एक साइड पर रखें। फिर इस पर दूसरी ब्रेड रखें और सैंडविच का लुत्फ लें। आप चाहें तो इस सैंडविच के साथ एक कप दूध या हर्बल चाय भी ले सकते हैं। इस सैंडविच का सेवन कर आप छोटी भूख को शांत कर सकते हैं। ब्रेकफास्ट और लंच के बीच या शाम के स्नैक्स के तौर पर बनाना और पीनट बटर सैंडविच का सेवन कर सकते हैं।

***केले की स्मूदी***

एक मिक्सर जार या ब्लेंडर में 1-2 केले, कुछ नट्स, एक गिलास दूध, ड्राई फ्रूट्स के साथ ही आधा छोटी चम्मच दालचीनी का पाउडर डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो 1 चम्मच पीनट बटर डाल सकते हैं। फिर इसको एक गिलास में निकाल लें और ऊपर से कुछ बीज डालकर इसका सेवन करें। आप इसको ब्रेकफास्ट, वर्कआउट के बाद या फिर शाम के समय केले की स्मूदी का सेवन कर सकते हैं।

***बनाना मिल्क शेक***

बानाना मिल्क शेक बनाने के लिए 1 कप दूध 1 केला और आधा छोटी चम्मच हल्दी पाउडर को ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो इसमें एक चम्मच वनीला आइस्क्रीम डालकर लुत्फ ले सकते हैं। मील के बीच में या वर्कआउट के बाद आप बनाना मिल्क शेक का सेवन कर सकते हैं।

***केले के लड्डू***

केले के लड्डू बनाने के लिए कुछ पके हुए केले लेने हैं। फिर उनको अच्छे से मैश कर लें। इसके बाद उसमें मूंगफली का मक्खन डालें। अब इसमें नारियल का बुरादा और भीगे हुए ओट्स शामिल करें। इसके अलावा आप इसमें अलसी के बीज, चिया के बीज और नट्स डालें। मिठास लाने के लिए इसमें 1-2 चम्मच शहद डालें। इन सबको हाथों की मदद से मिक्स कर करें। इसके बाद छोटे-छोटे लड्डू बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं।

# सर्दियों में ऐसे स्ट्रांग करें अपनी इम्युनिटी, आदतों में बदलाव कर फिट और एनर्जेटिक बने रहेंगे आप



सर्दी का मौसम दस्तक दे चुका है। ऐसे में हम सभी को अपना खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ठंड में तापमान कम होने के कारण हमारी इम्यूनिटी भी कमजोर होने लगती है। मौसम में बदलाव होने के साथ ही आपको अपनी कुछ आदतों में भी बदलाव करना चाहिए।

सर्दी का मौसम दस्तक दे चुका है। ऐसे में हम सभी को अपना खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ठंड में तापमान कम होने के कारण हमारी इम्यूनिटी भी कमजोर होने लगती है। ऐसे में सर्दी-जुकाम, बुखार और फ्लू जैसी समस्याएं हमारे शरीर को जकड़ लेती हैं। इसलिए किसी भी बीमारी से बचने के लिए हम सभी को पहले ले कुछ इंतजाम कर लेने चाहिए। बीमारियों से बचने के लिए हमारी इम्यूनिटी का स्ट्रांग होना बहुत जरूरी है। मौसम में बदलाव होने के साथ ही आपको अपनी कुछ आदतों में भी बदलाव करना चाहिए। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि किस तरह से सर्दी के मौसम में आप अपनी कुछ आदतों को बदलकर स्वस्थ रह सकते हैं।

***एक्टिव रहें***

बढ़ती सर्दी के साथ ही हमारे अंदर आलस भी बढ़ने लगता है। ऐसे में अधिकतर लोग एक्सरसाइज को स्किप करने लगते हैं। लोगों को जिम या पार्क में जाकर वर्कआउट करने में सबसे ज्यादा आलस आता है। लेकिन वर्कआउट के लिए जरूरी नहीं है कि आप जिम जाएं। आप चाहें तो घर पर भी कुछ एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके अलावा लिफ्ट की जगह जीने का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आप फिट व एक्टिव रहेंगे और एनर्जेटिक बने रहेंगे।

***तेल मालिश करें***

शरीर की मालिश करने से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में अगर आप रेगुलर बॉडी मसाज लेते हैं, तो इससे आपका शरीर इंफेक्शन और बीमारी से बेहतर ढंग से लड़ पाता है। कुछ लोगों को सर्दी के मौसम में मसल्स और हड्डियों के जोडों में अकड़न की समस्या होती है। लेकिन जब आप तेल मसाज लेते हैं, तो मसल्स और हड्डियों के जोड़ों को गति मिलती है। जो आपके शरीर के लिए फायदेमंद होती है। मसाज के बाद स्टीम लेने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।

***अच्छी नींद लें***

इम्यूनिटी को मजबूत करने के लिए अच्छी और पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। इसलिए भरपूर नींद लेने की कोशिश करें। हांलाकि सर्दियों के मौसम में ज्यादा सोने के लिए समय नहीं मिल पाता है। लेकिन भले ही आप जितनी देर के लिए सोएं, अच्छी नींद लेने की कोशिश करें। अच्छी और पर्याप्त नींद लेने से बॉडी टॉक्सिन दूर करती है। जिससे हमारे शरीर को एनर्जी मिलती है।

***लिमिट में खाएं***

कहा जाता है कि हर चीज की अति बुरी होती है। यह बात खाने पर भी लागू होती है। ऐसे में आपको जो खाने में पसंद हैं, उसे बहुत ज्यादा ना खाएं। क्योंकि शरीर को जितनी जरूरत होती है, वह उतना ही खाना उपयोग करती है। बाकी खाने को हमारा शरीर एनर्जी के रूप में बचाता है। जब आप कोई चीज ज्यादा खाते हैं, तो इसकी मात्रा फैट में बदल जाती है।

***जरूर खाएं कच्चा सलाद***

सर्दियों के मौसम में फिट रहने के लिए आप कच्चे सलाद का सेवन करें। सर्दी के मौसम में बाजार में कई तरह की सब्जियां मिलती हैं। जिन्हें कच्चा खाना हमारी सेहत के लिए अच्छा होता है। इसलिए आप भी सलाद में गाजर, चुकंदर, खीरा और मूली आदि शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा आप स्प्राउट्स, जूस, फल और अंडे आदि भी खा सकते हैं।

# दीवारों को कवर अप करने के लिए अपनाएं ये अमेजिंग तरीके

अपने घर की दीवारों को कवरअप करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप वॉलपेपर का इस्तेमाल करें। इन दिनों घर में वॉलपेपर को लगाना बेहद आम है। आप अपने घर के इंटीरियर और थीम के अनुसार वॉलपेपर को सलेक्ट कर सकते हैं।

अपने घर को खूबसूरत बनाने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन अगर दीवारें गंदी हों या फिर उसमें होल या दरारें हों तो ऐसे में घर की खूबसूरती में दाग लग जाते हैं। हर बार होम रिनोवेशन करवाना संभव नहीं होता है, इसलिए लोग कुछ आसान उपाय ढूंढते हैं। इसका सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप अपनी दीवारों को कवरअप करें। आप अपनी दीवारों को कवर अप करने के लिए एक या दो नहीं, बल्कि कई अमेजिंग तरीकों को अपना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपनी वॉल को कवर अप कर सकते हैं और उसे भी खूबसूरत बना सकते हैं।

***वॉलपेपर का करें इस्तेमाल***

अपने घर की दीवारों को कवरअप करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप



वॉलपेपर का इस्तेमाल करें। इन दिनों घर में वॉलपेपर को लगाना बेहद आम है। आप अपने घर के इंटीरियर और थीम के अनुसार वॉलपेपर को सलेक्ट कर सकते हैं।

इनकी मदद से आप बेहद कम दाम में अपने पूरे घर को मेकओवर कर सकते हैं।

***लगाएं मिरर***

दीवारों को कवर अप करने के लिए आप मिरर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आप फ्रेमलेस बिग साइज मिरर को अपने घर की दीवार पर लगाएं। इससे घर देखने में और भी अधिक खूबसूरत लगता है। इतना ही नहीं, अगर आपका घर छोटा है तो ऐसे में मिरर के इस्तेमाल से आप अपने स्पेस के बड़े होने का इल्यूजन भी क्रिएट कर सकते हैं।

***पर्दों को करें हैंग***

अगर आप एक पॉकेट फ्रेंडली तरीके से अपने घर की दीवारों को कवर अप करना चाहते हैं तो ऐस में आप पर्दों को हैंग कर सकते हैं। पर्दे एक बड़े एरिया को बेहद अच्छी तरह कवर करते हैं। आप अपने कमरे की दीवारों के कलर व स्टाइल को ध्यान में रखते हुए पर्दों को चुन सकते हैं। इससे आपके कमरे का पूरा लुक ही बदल जाता है।

***आर्टवर्क का करें इस्तेमाल***

अगर आप अपने घर की दीवरों को एक स्टाइलिश तरीके से मेकओवर करना चाहते हैं तो ऐसे में आप फ्रेम्ड आर्टवर्क का इस्तेमाल करें। आप अलग-अलग आर्टपीस को दीवार पर बेहद ही खूबसूरती के साथ हैंग कर सकते हैं और अपने घर की दीवारों को बेहद खूबसूरती के साथ कवर अप कर सकते हैं।

# चुकंदर के पानी से बाल होंगे शाइनी और मजबूत, दूर होगी खुजली और डैंड्रफ की समस्या



आजकल की बिजी लाइफस्टाइल के कारण बालों की देखभाल करना काफी मुश्किल भरा काम है। जिसके कारण बाल बेजान और सूखे होने लगते हैं। वहीं चुकंदर का पानी स्कैल्प की खुजली को दूर करने में मददगार होती है। लेकिन इसके लिए चुकंदर के पानी का सही से इस्तेमाल किया जाना जरूरी होता है।

आजकल की बिजी लाइफ स्टाइल के कारण बालों की देखभाल करना काफी मुश्किल भरा काम है। जिसके कारण बाल बेजान और सूखे होने लगते हैं। वहीं बदलते मौसम के कारण भी बालों से संबंधित समस्याएं बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में बालों के झड़ने की समस्या ज्यादा होती है। इस दौरान स्कैल्प में ड्राईनेस, सिर में खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्कैल्प में होने वाली खुजली से छुटाकारा पाने के लिए लोग बाजार से कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके बाद भी जीरो रिजल्ट मिलता है।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दौरान घरेलू नुस्खे का भी इस्तेमाल काफी फायदेमंद होता है। जैसे कि चुकंदर का पानी स्कैल्प की खुजली को दूर करने में मददगार होती है। लेकिन इसके लिए चुकंदर के पानी का सही से इस्तेमाल किया जाना जरूरी होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्कैल्प की खुजली दूर करने के लिए चुकंदर के पानी के इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

***चुकंदर का पानी***

चुकंदर के पानी में एंटी ऑक्सीडेंटस और विटामिन सी पाया जाता है। यह डैंड्रफ की समस्या को खत्म करने में मददगार होता है। इसके साथ ही चुकंदर के पानी में आयरन, पोटेशियम और इलेक्ट्रोलाइट्स भी पाया जाता है। यह स्कैल्प को गहराई से साफ करने के साथ ही बालों को मजबूती देने का काम करता है। इसके इस्तेमाल से बाल शाइनी होते हैं। अगर आप हफ्ते में दो बार चुकंदर का पानी इस्तेमाल करती हैं, तो यह बालों को प्राकृतिक रूप से मजबूत बनाता है।

***कैसे करें अप्लाई***

सबसे पहले दो चुकंदर से जूस तैयार कर लें। अब इसमें 1 चम्मच अदरक, 2 चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं। इस पेस्ट को तैयार कर स्कैल्प पर मसाज करें। फिर करीब 15 मिनट बाद सिर को धो लें।

***हेयर मास्क***

अगर आप चाहें तो चुकंदर को हेयर मास्क में मिलाकर भी अप्लाई कर सकती हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच चुकंदर का रस, 2 चम्मच दही और 2 चम्मच कॉफी पाउडर मिला लें। इन सभी चीजों का पेस्ट बनाकर इसे बालों की जड़ों से लेकर लेन्थ तक लगाएं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे धो डालें।

***हेयर स्प्रे***

चुकंदर का हेयर स्प्रे बनाने के लिए आप 3 चुकंदर को उबाल लें। फिर इसके पानी को ठंडा कर स्प्रे बोतल में भरकर स्टोर कर लें। अब इस पानी से अपने स्कैल्प पर मसाज करें। 20 मिनट तक लगाए रहने के बाद शैंपू से बालों को धो डालें।

# सेहत ही नहीं स्किन के लिए भी फायदेमंद है हल्दी, एक नहीं कई सारे मिलेंगे फायदे

हल्दी ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना दूध में हल्दी मिलाकर पीती हैं तो आप सेहतमंद बनी रहेंगी। इसके साथ ही हल्दी स्किन के लिए भी काफी लाभकारी होता है।

हल्दी ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना दूध में हल्दी मिलाकर पीती हैं तो आप सेहतमंद बनी रहेंगी। इसके साथ ही हल्दी स्किन के लिए भी काफी लाभकारी होता है। आपको भी इस बात की जानकारी होगी कि शादी से पहले दुल्हन-दूल्हे को जो उबटन लगाया जाता है। उसमें भी हल्दी मिलाई जाती है। स्किन के डल होने पर और पिंपल के दाग चेहरे से हटाने में हल्दी फायदेमंद होती है। हल्दी स्किन टैनिंग की समस्या को भी खत्म करती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हल्दी स्किन को किस तरह से निखारती है।

***स्ट्रेच मार्क्स होंगे कम***

एक उम्र के बाद यानी की खासकर प्रेग्नेंसी के बाद हर महिला स्ट्रेच मार्केस से परेशान रहती हैं। यह स्ट्रेच मार्क्स महिलाओं की खूबसूरती को खराब कर देती हैं। ऐसे में आपको हल्दी लगाने से जरूर फायदा मिलेगा। हल्दी में गुलाबजल मिक्स कर स्ट्रेच मार्क्स पर लगाने से यह समस्या दूर होगी।

***हल्दी पेडिक्योर***

सर्दियों में महिलाओं को पेडिक्योर की सबसे ज्यादा जरूरी होती है। खराब स्किन, फटी एड़ियां महिलाओं के पैरों की खूबसूरती को कम कर देती है। ऐसे में महिलाएं पैरों की देखभाल के लिए पेडिक्योर करवाती हैं। लेकिन क्या आप हल्दी वाले पेडिक्योर के बारे में जानती हैं। हल्दी पेडिक्योर आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है। इसके लिए नारियल के तेल में हल्दी मिलाकर पैरों की एड़ियों में रगड़ें। इससे आपकी एड़ियां एकदम मुलायम हो जाएंगी।

***ड्राई स्किन के लिए हल्दी***

अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट सिर्फ एक तरह की स्किन का ख्याल रख पाती हैं। ड्राई और ऑयली स्किन के लिए हल्दी काफी ज्यादा अच्छा माना जाता है। ड्राई स्किन के लिए गुलाब जल, अंडे के सफेद भाग को ऑलिव ऑयल और हल्दी मिक्स कर लगाएं। इसको लगाने से स्किन ग्लोइंग हो जाती है।

***हल्दी को बनाएं नाइट क्रीम***

आपकी स्किन पर हल्दी नाइट क्रीम की तरह काम करती हैं। इसलिए सोने से पहले दूध या दही में हल्दी को मिक्स कर चेहरे पर अप्लाई करें। इस उपाय को करने से सुबह आपको ग्लोइंग स्किन मिलेगी। वहीं चेहरे पर निखार आएगा। इसे



आप सप्ताह में एक बार ट्राई करें। क्योंकि ऐसा रोजाना करने से आपके फेस पर पीलापन आ जाएगा। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप चंदन के पेस्ट में हल्दी और ऑरेंज जूस में मिक्स कर फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। यह आपकी स्किन से ऑयल कम करता है। सर्दियों में इस तरह से अपनी स्किन का ख्याल रखेंगी तो स्किन का रूखापन और दाग-धब्बे खत्म हो जाएंगे।

# मुरझा रही हैं प्लांट्स की पत्तियां तो ऐसे करें उनकी देखभाल, फिर से हो जाएंगे हरे-भरे



प्लांट्स की पत्तियों के पीले पड़ने और प्लांट्स के मुरझाने का कारण पता चल जाए तो इनको मरने से बचाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपने भी अपने घरों में प्लांट्स लगा रहे हैं और उनकी पत्तियां पीली पड़ रही हैं। तो सबसे पहले ऐसा होने का कारण जानना जरूरी है।

हमारे घरों के आसपास मौजूद हरे-भरे पौधे कितने ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। लेकिन जब इनकी पत्तियां मुरझाने लगती हैं और प्लांट्स पीले पड़ने लगते हैं। तो यह अच्छे नहीं लगते हैं। लेकिन अगर इनकी पत्तियों के पीले पड़ने और प्लांट्स के मुरझाने का कारण पता चल जाए तो इनको मरने से बचाया जा सकता है। हालांकि कई बार हमें इसका कारण नहीं पता होता है कि ऐसा क्यों हो रहा है। अगर प्लांट की पत्तियां पीली हो रही हैं, तो इन्हें प्लांट से अलग कर दें। पत्तों के पीले होने का मतलब है कि वह अपना क्लोरोफिल यानि पिग्मेंट खो चुके हैं। बता दें कि एक बार पत्तियों का पिग्मेंट चला जाए तो उसे वापस नहीं पाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपने भी अपने घरों में प्लांट्स लगा रहे हैं और उनकी पत्तियां पीली पड़ रही हैं। तो सबसे पहले ऐसा होने का कारण जानना जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप प्लांट की हेल्थ के लिए क्या-क्या कर सकते हैं।

***कीट की वजह से पीली होती हैं पत्तियां***

पौधे की हेल्थ पर घर के अंदर की हवा भी प्रभाव डालता है। क्योंकि हवा ड्राई होती है तो पौधे में कीट काफी जल्दी लगते हैं। जिसके कारण पौधों में स्पाइडर माइट्स लगने लगते हैं। यह पत्तों के रस को चूसकर डिस्कलरेशन करता है। इसलिए सबसे पहले यह देख लें कि पत्तियों के नीचे महीन जाले तो नहीं लगे हैं। कीटनाशक सोप की मदद से एफिड्स और माइट्स को खत्म किया जा सकता है। इसके बाद घर के पौधों के आसपास नमी के स्तर को भी ह्यूमिडिफायर की मदद से बढ़ाया जा सकता है।

***न्यूट्रिएंट्स की कमी से पीली होती हैं पत्तियां***

मिट्टी से पौधों को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। यही वजह है कि पौधे को खाद और पानी देने की सलाह दी जाती है। लेकिन अगर इसके बाद भी प्लांट्स की पत्तियां पीली पड़ रही हैं, तो यह पौधे में पोषक तत्व की संकेत की कमी की तरफ इशारा करते हैं। पौधे की पुरानी पत्तियां पीली होने के साथ नई पत्तियां हल्की हरी हैं, तो यह नाइट्रोजन की कमी का संकेत हो सकता है। इसलिए पौधे को पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन दें और प्लांट्स को खराब होने से बचाएं।

***धूप की कमी***

कुछ पौधों को धूप की ज्यादा आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन इसके बाद भी उन प्लांट्स को थोड़ी देर धूप में रखना चाहिए। क्योंकि धूप पौधों को बढ़ाने में मदद करती हैं। ज्यादातर शेड में रहने वाले पौधों की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। इसलिए हर दिन 4-5 घंटे के लिए पौधों को धूप में जरूर रखें। पौधे को कई बार अचानक धूप में रखने से एडजस्ट होने में परेशानी हो सकती है। इसलिए थोड़ा सा वक्त लेने के बाद पौधा हेल्दी हो जाता है।

***एजिंग की वजह से पीली हो सकती है पत्तियां***

जिस तरह से उम्र बढ़ने पर हमारी स्किन पर इसका असर देखने को मिलता है। ऐसा ही प्लांट्स के साथ भी होता है। कई पौधों का एजिंग के कारण क्लोरोफिल खत्म होने लगता है, साथ ही उनकी पत्तियां भी पीली दिखने लगती है। इस कारण पौधों की पत्तियां खुद गिरने लगती हैं। हालांकि यह एक सामान्य प्रक्रिया भी होती है। लेकिन अगर आपका प्लांट मुरझाया हुआ है, तो इसके विकास के लिए मुख्य तने को थोड़ा- थोड़ा ट्रिम करके देखें।

***ज्यादा या कम पानी***

भले ही आपका पौधा हाई मेंटेनेंस वाला होता है, तो उसे ज्यादा पानी नहीं देना चाहिए। क्योंकि ज्यादा पानी मिट्टी के न्यूट्रिएंट्स भी खराब करता है। इसके कारण पौधों को नुकसान भी होता है। ऐसे में अगर आपके प्लांट्स की पत्तियां पीली हो रही हैं, तो प्लांट थेरेपिस्ट की भूमिका से आपको पता चलेगा कि पौधे को बहुत अधिक या बहुत कम पानी के कारण भी तनाव होता है। पौधे की नमी को देखने के लिए मिट्टी को उंगली से एक इंच तक दबाकर देखें। मिट्टी के आसानी से दबने का मतलब है कि मिट्टी नम है। ऐसे में पौधे को पानी की जरूरत नहीं है।

***रीपॉटिंग भी हो सकती है वजह***

कई बार पौधे की पत्तियां रीपॉटिंग के दौरान भी पीली पड़ सकती हैं। जब आप नर्सरी से नए पौधे घर रोपते हैं, तो हो सकता है इसकी पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। क्योंकि पौधा नए परिवेश में एडजस्ट होने के लिए समय लेते हैं। ऐसे में आप पौधे को उसकी जड़ों को जमने और पोषक तत्वों का स्रोत नई मिट्टी में खोजने का समय दें। इस दौरान पौधे को खाद नहीं देनी चाहिए। नए पौधे को एडजस्ट का समय देने के साथ ही रीपॉटिंग के लिए लगभग एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करें।

# विधानसभा चुनाव में नर्मदा भी बनेगा सियासत का बड़ा मुद्दा!

**अंदाज**

**मध्य प्रदेश की सियासत में नदियों का कितना रोल है इसका अंदाज यहां बहने वाली नर्मदा और उसके मुद्दों से समझ सकते हैं।**



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित तिलवारा घाट में लोगों को मैली हो रही नर्मदा लेकर जिम्मेदारों के प्रति जबरदस्त नाराजगी देखी। लोगों का कहना है कि नर्मदा के इस घाट को किसी भी नेता ने आज तक गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश की सियासत में नदियों का कितना रोल है इसका अंदाज यहां बहने वाली नर्मदा और उसके मुद्दों से समझ सकते हैं। इस चुनाव में नर्मदा नदी के किनारे बसे हुए शहर के लोगों ने इसका मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू कर दिया है। लोगों की मांग है कि नर्मदा में शहरों के सीवर का पानी लगातार गिर रहा है, लेकिन किसी भी स्थानीय नेता और राजनीतिक दलों ने आज तक इस संबंध में कोई भी आवाज बुलंद नहीं की है। अमर उजाला डॉट कॉम से नर्मदा नदी के तट पर होने वाली 'आरती महासंघ' और स्थानीय लोगों ने मैली हो रही नर्मदा के जिम्मेदारों पर जमकर भड़ास निकली। लोगों ने बताया कि नर्मदा नदी को लेकर राजनीतिक पार्टी और नेताओं का रवैया शून्य है। हालांकि, इस बार स्थानीय लोगों ने खास तौर से नर्मदा नदी के प्रति आस्था रखने वालों ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित तिलवारा घाट में लोगों को मैली हो रही नर्मदा लेकर जिम्मेदारों के प्रति जबरदस्त नाराजगी देखी। तिलवारा घाट पर होने वाली आरती करने वाले पुजारी के समूह के संयोजक राहुल तिवारी कहते हैं नर्मदा के इस घाट को किसी भी नेता ने आज तक गंभीरता से नहीं लिया। उनका कहना है कि मध्य प्रदेश की जीवनदायनी इस नर्मदा नदी में शहर का सीवर गिरता है, लेकिन किसी भी नेता ने आज तक यह जहमत नहीं उठाई की इसके लिए कुछ किया जाए। राहुल कहते हैं कि यह तो नर्मदा के पानी की तेज रफ्तार के चलते सारी गंदगी तो बह जाती है, लेकिन नदी होती तो अपवित्र ही है।

स्थानीय निवासी और दिवस समुदाय के युवा नेता अजय केवट कहते हैं कि स्थानीय नेताओं और पार्टियों को लगता है कि नर्मदा नदी में बहने वाली गंदगी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। पर हकीकत यही है नर्मदा नदी के तटों पर बसे हुए शहरों के लोगों के लिए यह बहुत बड़ा मुद्दा है। अजय कहते हैं कि उनके समुदाय के लोगों ने लगातार नदियों में गंदगी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के सामने अपनी बात रखी है। लेकिन आज तक कभी भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उनका कहना है कि नर्मदा नदी को लेकर की जाने वाले वाली बेरुखी पर इस विधानसभा के चुनाव में कई सीटों के नतीजे तक बदले जा सकते हैं।

नर्मदा नदी की सफाई को लेकर अभियान चलाने वाली संस्था नर्मदा बचाओ के जगत पुंडीर कहते हैं कि दोनों को लगता है की नदी कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं हो सकता। यह सोचना ही राजनीतिक दलों और सियासतदानों की भूल साबित हो सकती है। उनका कहना है कि सिर्फ जबलपुर ही नहीं बल्कि नदी के किनारे बसे हुए और शहरों की ओर से नदी में लगातार गंदगी बढ़ती जा रही है। लेकिन इस तरफ किसी का कोई ध्यान नहीं है। नर्मदा बचाओ समिति के अजय शर्मा का कहना है कि घाटों पर साफ सफाई को लेकर न नगर निगम और न अन्य जिम्मेदार अथॉरिटी कोई काम कर रहे हैं।

हालांकि नर्मदा नदी की साफ सफाई अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और स्थानीय सांसद राकेश सिंह का कहना है कि वह लगातार नर्मदा की साफ सफाई को लेकर न सिर्फ अभियान चलाते हैं बल्कि उसके लिए हर संभव प्रयास भी करते हैं। इसी दौरान घाट पर मौजूद कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सोलंकी कहते हैं कि उनके मेयर ने जबलपुर के सभी घाटों की साफ-सफाई और उसके बजट के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

# एल्विश यादव की वजह से गरमाई महाराष्ट्र की राजनीति! यूट्यूबर के सीएम आवास आने पर भड़के संजय राउत

**ड्रग माफिया**

**शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि देश का सबसे बड़ा ड्रग माफिया, जो सांप और जहर बेचता है और रेव पार्टियां कराता है।**



**मुंबई।** मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव पर नोएडा की रेव पार्टी में सांपों का जहर सप्लाई करने का आरोप लगा है। एल्विश का ताल्लुक हरियाणा से है और उस पर उत्तर प्रदेश के नोएडा में वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है लेकिन एल्विश यादव को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। दरअसल बीते दिनों एल्विश यादव को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के आवास पर एक कार्यक्रम में देखा गया था। अब एल्विश यादव के नशे की तस्करी में फंसने का आरोप लगने के बाद विपक्षी पार्टियां सीएम शिंदे और राज्य सरकार को निशाने पर ले रही हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि देश का सबसे बड़ा ड्रग माफिया, जो सांप और जहर बेचता है और रेव पार्टियां कराता है। वह (एल्विश यादव) सीएम के घर आता है, वहां उसका स्वागत होता है और वह भगवान गणेश की आरती करता है। क्या ड्रग तस्करी के तार महाराष्ट्र में सरकार से भी जुड़े हैं? क्या सीएम को यह खुफिया जानकारी नहीं थी कि उनके आवास पर कौन आ रहा है? देश यह जानना चाहता है क्योंकि नशे का यह मामला देश से जुड़ा हुआ है।

बता दें कि बीती 25 सितंबर को एल्विश यादव गणेशोत्सव के दौरान महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे के आधिकारिक आवास पर भगवान की आरती में शामिल हुए थे। अब जब एल्विश यादव को रेव पार्टी और सांपों के जहर के मामले में आरोपी बनाया गया है तो विपक्षी पार्टियां शिवसेना और एनसीपी सरकार को निशाने पर ले रही हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा है कि एल्विश यादव जैसा नशा करने वाला व्यक्ति ना सीएम आवास में मौजूद था बल्कि सीएम ने उसे शॉल और नारियल देकर सम्मानित भी किया था।

# कुनबी से जुड़े दस्तावेजों का पता लगाने को चलेगा पूरे राज्य में अभियान, एकनाथ शिंदे का एलान

**दस्तावेज**

**सीएम शिंदे ने निर्देश दिया की कुनबी से जुड़े दस्तावेजों का व्यापक रूप से पता लगाएं।**



**मुंबई।** मुंबई में हुई बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य भर के संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर शामिल हुए। इस दौरान सीएम शिंदे ने निर्देश दिया की कुनबी से जुड़े दस्तावेजों का व्यापक रूप से पता लगाएं। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर लगातार विरोध बढ़ता जा रहा है। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एलान किया है कि मराठाओं की कुनबी पृष्ठभूमि के दस्तावेजों का पता लगाने का अभियान पूरे राज्य में चलाया जाएगा। बता दें, कुनबी कृषि से जुड़ा समुदाय है और महाराष्ट्र में उसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में रखा गया है और उन्हें शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलता है।

मुंबई में शुक्रवार को बैठक हुई। इस दौरान शिंदे ने सभी संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि इस अभियान को मिशन के रूप में लागू किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में राज्य भर के संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर शामिल हुए थे। बता दें, मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म करने के एक दिन बाद यह निर्देश दिया है। हालांकि, जरांगे ने चेतावनी दी है कि अगर दो महीने के अंदर कोई फैसला नहीं लिया गया तो वह बड़े स्तर पर मुंबई में विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक के बाद सीएम शिंदे ने कहा कि कुनबी से जुड़े दस्तावेजों खोजने के लिए पहले मराठवाड़ा क्षेत्र में अभियान चलाया गया था। अब इसी अभियान को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति पूरे राज्य के लिए काम करेगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस काम की निगरानी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव रैंक के एक अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

**एक महीने के अंदर दें जानकारी**

दस्तावेजों का पता लगाने के काम का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने छत्रपति संभाजीनगर मंडल के संभागीय आयुक्त को पूरे राज्य में संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों की कार्यशाला आयोजित करने और शिंदे समिति के कामकाज के बारे में जानकारी देने के निर्देश जारी किए। उन्होंने जिलाधिकारियों को एक महीने के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**आवास पर एक और बैठक हुई**

इसके अलावा, शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिंदे ने अपने आधिकारिक आवास में एक और बैठक की। इसमें राज्य के मुख्य सचिव मनोज सौनिक, सामान्य प्रशासनिक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन करीर, राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा और सामाजिक न्याय विभाग के सचिव सुमंत भांगे शामिल हुए।

**कुनबी दस्तावेजों को डिजिटल करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुनबी से संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित और डिजिटल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दस्तावेजों को उर्दू और मोदी (जिसका पहले मराठी भाषा लिखने में इस्तेमाल होता था) में अनुवाद कर वेबसाइट पर अपलोड करने की बात कही।

# रैली में मोदी का स्केच लेकर पहुंची लड़की



**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार की तैयारी तेज कर दी हैं। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक चुनावी रैली की थी। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसके बारे में आज पूरे देश में चर्चा हो रही है। दरअसल, चुनावी रैली के दौरान एक छोटी बच्ची पीएम का स्केच बनाकर लाई थी, जिसे उसने उन्हें उपहार में दिया था। अब पीएम ने बच्ची को पत्र लिखकर आभार जताया है।

पीएम मोदी ने पत्र लिखकर स्कूली छात्रा आकांक्षा ठाकुर को बताया कि उन्हें स्केच मिल गया है। उन्होंने बच्ची का धन्यवाद किया। पत्र में लिखा है, 'प्रिय आकांक्षा आप जो कांकेर की रैली में स्केच लेकर आई थीं, मुझे मिल गया है। इस स्नेहपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'

पीएम मोदी ने पत्र में आगे लिखा, 'भारत की बेटियां ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। आप सभी से मिलने वाला यह स्नेह और अपनापन राष्ट्र की सेवा में मेरी ताकत है। हमारी बेटियों के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और सुविधाओं से युक्त राष्ट्र का निर्माण ही हमारा लक्ष्य रहा है। छत्तीसगढ़ के लोगों से मुझे हमेशा बहुत प्यार मिला है।'

उन्होंने कहा कि देश की तरक्की की राह में भी प्रदेश के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया है। अगले 25 साल आप जैसे युवा साथियों और देश के लिए महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। इन वर्षों में हमारी युवा पीढ़ी विशेष रूप से आप जैसी बेटियां, अपने सपनों को पूरा करते हुए देश के भविष्य को नई दिशा प्रदान करेंगी। आप खूब पढ़े, आगे बढ़ें और अपनी सफलताओं से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें।

कांकेर में एक चुनावी रैली के दौरान आकांक्षा ठाकुर द्वारा बनाए गए स्केच ने प्रधानमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। उन्होंने अपना भाषण रोककर बच्ची से स्केच के पीछे अपना पता लिखने को कहा था। पीएम ने बच्ची से वादा किया था कि वह उसे एक पत्र भेजेंगे। आखिरकार पीएम मोदी ने बच्ची से किया हुआ वादा पूरा कर ही दिया।

ठाकुर ने दो नवंबर को रैली के बाद पत्रकारों से बात की थी। उसने बताया था कि हर कोई कह रहा था कि पीएम मोदी यहां आएंगे। इसलिए मैंने खुद उनका एक स्केच बनाया।

## यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने पर विवाद

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में एक यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री मोदी का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने पर विवाद हो गया और इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं और छात्रों के बीच हुई झड़प में चार छात्र घायल हो गए हैं। दरअसल आपत्तिजनक पोस्टर के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैंपस में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ही चार वामपंथ समर्थक छात्र वहां पहुंच गए। जिसके बाद वहां झड़प हो गई। इस झड़प में चार छात्र घायल हुए हैं। पुणे की सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में हॉस्टल की दीवार पर पीएम मोदी का आपत्तिजनक पोस्टर बनाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को इस पोस्टर का खुलासा हुआ और शुक्रवार को भाजपा ने यूनिवर्सिटी कैंपस में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। जब भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी के पोस्टर के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे थे, तभी वामपंथ समर्थक चार छात्र मौके पर पहुंच गए और अपने संगठन के झंडे लहराने शुरू कर दिए। इ

## टाइम मैगजीन के कवर पेज पर बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना टाइम मैगजीन के अगले अंक के कवर पेज पर दिखाई देंगी। टाइम मैग्जीन के साथ एक इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि उनकी सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर करना बेहद मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाइम मैगजीन को दिए इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे लोग मेरे साथ हैं। वही मेरी ताकत हैं। लोकतांत्रिक तरीके से मुझे सत्ता से बाहर करना आसान नहीं है। मुझे हटाने का एकमात्र विकल्प मुझे सत्ता से बेदखल करना है और मैं अपने लोगों के लिए मरने के लिए तैयार हूं। टाइम मैगजीन के नवंबर के अंक के कवर पेज पर शेख हसीना दिखाई देंगी। शेख हसीना साल 2009 से बांग्लादेश की पीएम हैं। उससे पहले वह 1996 से 2001 तक भी बांग्लादेश पीएम के पद पर रह चुकी हैं।

# सीरिया से खुल सकता है इस्राइल के खिलाफ नया मोर्चा

**हमला**

**हाल ही में इस्राइली सेना ने सीरिया की सीमा में जहां हमला किया है, उसके पास ही रूसी सेना का बेस था।**



**तेल अवीव।** इस्राइल हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को करीब एक महीना हो चुका है और अब इस लड़ाई के बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल इस्राइल की तरफ से सीरिया में मौजूद ईरान समर्थित कट्टरपंथियों के खिलाफ हवाई हमले किए जा रहे हैं। ईरान समर्थित लड़ाके और हिजबुल्ला सीरियाई सीमा से इस्राइल पर हमले की कोशिशें कर रहे हैं, जिसके खिलाफ इस्राइली सेना कार्रवाई कर रही है। अब इस मामले में अहम बात ये हुई है कि इस्राइल द्वारा रूस को इन हमलों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है जबकि अभी तक आमतौर पर ऐसा होता था कि जब इस्राइली सेना द्वारा सीरिया की सीमा में कार्रवाई की जाती थी तो रूस के साथ हमले की जानकारी साझा की जाती थी। रूस के उप-रक्षामंत्री मिखाइल बोगदानोव ने शुक्रवार को कहा कि जैसा कि होता है, अब इस्राइल, सीरिया पर हमले से पहले जानकारी नहीं दे रहा है। हमें हमला होने के बाद इसका पता चलता है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि सीरिया की तरफ से इस्राइल के खिलाफ नया मोर्चा खुल सकता है। लेबनान सीमा से इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच पहले से ही लगातार गोलीबारी हो रही है। ऐसे में जब अमेरिका द्वारा कोशिश की जा रही है कि इस्राइल हमास संघर्ष को सीमित रखा जाए तो सीरिया से भी लड़ाई का मोर्चा खुलने हालात चिंताजनक हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि गेर पेडरसन का कहना है कि सीरिया से नया मोर्चा खुलने का सिर्फ खतरा नहीं है बल्कि यहां लड़ाई शुरू भी हो चुकी है। हाल ही में इस्राइली सेना ने सीरिया की सीमा में जहां हमला किया है, उसके पास ही रूसी सेना का बेस था। इस्राइली सेना द्वारा सीरिया के दो हवाई अड्डों दमिश्क और अलेप्पो पर भी बमबारी की गई है।

बता दें कि सीरिया पहले से ही लड़ाइयों के केंद्र में है। अमेरिका के 1000 सैनिक यहां इस्लामी कट्टरपंथियों से लड़ रहे हैं। वहीं तुर्किये की सेना उत्तरी सीमा पर कुर्द लड़ाकों से लड़ रही है। ईरान और रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद का समर्थन कर रहे हैं और वहां अब तक लड़ाई में हजारों लोग मारे जा चुके हैं और लाखों लोग पलायन कर गए हैं। बता दें कि हिजबुल्ला के खिलाफ इस्राइली सेना सीरिया सीमा पर सालों से कार्रवाई कर रही है।

साल 2015 में रूस ने इसमें हस्तक्षेप किया और उसके बाद से इस्राइल, सीरिया पर हमले से पहले रूस को सूचना देता रहा है ताकि दोनों सेनाएं गलती से आपस में ना भिड़ जाएं। अब दोनों देशों में इस समन्वय की कमी दिख रही है। इस्राइल सरकार ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है कि लेकिन ये साफ कर दिया है कि वह सीरिया में ईरान की सेना या हिजबुल्ला को अपनी उपस्थिति नहीं बनाने देंगे।

# नीतीश के तेवरों से घबराई कांग्रेस!



**पटना।** हाल ही में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम में विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। अब ऐसा लग रहा है कि नीतीश के बागी तेवरों से कांग्रेस घबरा गई है। दरअसल खबर आई है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से बीती रात टेलीफोन पर बात की है। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच विपक्षी गठबंधन को लेकर बातचीत हुई। मल्लिकार्जुन खरगे ने नीतीश कुमार को विश्वास दिलाया है कि विधानसभा चुनावों के बाद विपक्षी गठबंधन पर बात होगी। बता दें कि बीते गुरुवार को नीतीश कुमार ने पटना में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि वह विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक आयोजित कराने में कोई रुचि नहीं ले रही है। यही वजह है कि खरगे द्वारा नीतीश कुमार से टेलीफोन पर बातचीत को नीतीश की नाराजगी दूर करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पटना में वामपंथी पार्टी सीपीआई की भाजपा हटाओ-देश बचाओ रैली के दौरान अपने संबोधन में नीतीश कुमार ने कहा कि सभी विपक्षी नेता एकजुट होकर विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस को आगे बढ़ा रहे हैं लेकिन कांग्रे को इसकी कोई चिंता नहीं है। अभी वह पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव में व्यस्त है। जब चुनाव हो जाएंगे तो वह विपक्षी नेताओं को कॉल करेंगे और बैठक कराएंगे लेकिन अभी विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक को लेकर कोई बात नहीं हो रही है। नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन पर आगे बात ना बढ़ने पर नाराजगी जताई।

पटना के इस कार्यक्रम में भाकपा महासचिव डी राजा भी मौजूद रहे। नीतीश की कांग्रेस पार्टी की आलोचना को लेकर जब डी राजा से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा पार्टी की रैली में इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के बारे में जो बातें कही गईं, वो सभी साथी दलों के लिए सकारात्मक संदेश है और बिहार सीएम की बातों को इसी रूप में लिया जाना चाहिए। कांग्रेस को इसे सकारात्मक ढंग से लेना चाहिए और उसी के अनुसार काम करना चाहिए।

# हमास का दावा, इस्राइली सेना ने गाजा में एक स्कूल को बनाया निशाना, हमले में 20 की मौत



**यरुशलम।** इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष को करीब एक महीने होने जा रहा है। इसमें अभी तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। फिर भी युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है। एक तरफ इस्राइल ने आतंकियों को चुन-चुनकर खत्म करने की कसम खा ली है। इस बीच, हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइल पर उत्तरी गाजा में एक स्कूल को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई।

फलस्तीन में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि उत्तरी गाजा के अल सफ्तावी इलाके में विस्थापित लोगों के लिए एक स्कूल को अस्थायी शिविर बनाया गया था, जिसपर इस्राइली सेना ने हमला कर दिया। इस हमसे में 20 लोगों की जान चली गई। वहीं, दर्जन घायलों को गाजा के अल-शिफा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बता दें, इससे पहले इस्राइल ने शुक्रवार को गाजा के बड़े अस्पताल अल-शिफा को निशाना बनाया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया था कि इस्राइली सेना ने पहले अस्पताल और फिर एंबुलेंस में घायलों को दूसरी जगह ले जाते समय उन पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा बमबारी में कई लोग मारे गए हैं। इस्राइली सेना की ओर से कहा गया है कि वह इसकी जांच कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कदरा ने कहा था कि हमने अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक रेड क्रॉस को इसकी सूचना दी है। हमास समर्थित टीवी चैनल अल-अक्सा ने पहले कहा था कि इस हमले के बहुत लोगों की जान गई है, लेकिन जो बयान जारी किया गया है, उसमें हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# अमेरिका एक दिन खत्म हो जाएगा, वह सोवियत संघ की तरह बिखरेगा, हमास की चेतावनी

**सोवियत संघ**

**रिपोर्ट के अनुसार अली बाराका ने कहा कि अमेरिका को ब्रिटेन ने बनाया था और यह एक दिन सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा।**



**बेरूत।** इस्राइल हमास के बीच जारी युद्ध के बीच हमास के एक वरिष्ठ नेता ने चेतावनी दी है कि एक दिन अमेरिका खत्म हो जाएगा और वह सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। यरुशलम पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। दरअसल हमास के वरिष्ठ नेता अली बाराका ने लेबनान के एक यूट्यूब चैनल के साथ इंटरव्यू में ये बातें कही। मिडिल ईस्ट मीडिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस इंरव्यू को ट्रांसलेट किया है। रिपोर्ट के अनुसार अली बाराका ने कहा कि अमेरिका को ब्रिटेन ने बनाया था और यह एक दिन सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। इस क्षेत्र (पश्चिम एशिया) में अमेरिका के सारे दुश्मन करीब आ रहे हैं और आपस में बातचीत कर रहे हैं। एक दिन आएगा जब वह लड़ाई में एकजुट हो जाएंगे और अमेरिका बीते हुए समय की बात हो जाएगा। बाराका ने कहा कि अमेरिका ताकतवर नहीं रहेगा। अली बाराका ने उत्तर कोरिया की भी तारीफ की और कहा कि वही एकमात्र देश है जो अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब दे सकता है।

अली बाराका ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता दुनिया में एक मात्र देश है जो अमेरिका पर हमला कर सकता है। एक दिन आएगा जब उत्तर कोरिया दखल देगा क्योंकि वह हमारे गठबंधन का हिस्सा है। हमास नेता ने कहा कि हमास के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मॉस्को का दौरा किया था और एक जल्द ही बीजिंग भी जाएगा। अली बाराका ने कहा कि आज रूस हमारे साथ लगभग रोजाना संपर्क में रहता है। चीन ने अपने प्रतिनिधि को दोहा भेजा है और चीन और रूस के नेता हमास के नेताओं से मिल रहे हैं।

हमास नेता ने कहा कि ईरान के पास अमेरिका पर हमला करने की ताकत नहीं है लेकिन अगर ईरान हस्तक्षेप करने का फैसला करता है तो वह इस्राइल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच जारी लड़ाई को करीब एक महीना पूरा हो चुका है। इस लड़ाई में अब तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इस्राइल ने अब गाजा पट्टी में जमीना आक्रमण तेज कर दिया है और आने वाले दिनों में इस्राइल और हमास की लड़ाई के गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

## दो दिन के आधिकारिक दौरे से लौटे विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के निमंत्रण पर जयशंकर ने दो से तीन नवंबर तक आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने वहां रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो और उद्यम एवं मेड इन इटली मंत्री एडोल्फो उर्सो से भी मुलाकात की।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर दो दिन के लिए इटली की आधिकारिक यात्रा पर गए थे। उन्होंने वहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मत्तारेल्ला और अपने समकक्ष एंटोनियो ताजानी से मुलाकात की। इस दौरान भारतीय विदेश मंत्री ने ताजानी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

बता दें, इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के निमंत्रण पर जयशंकर ने दो से तीन नवंबर तक आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने वहां रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो और उद्यम एवं मेड इन इटली मंत्री एडोल्फो उर्सो से भी मुलाकात की।

# भारतीय ज्ञान परंपरा से उद्यमिता विकास संभव: प्रो. नीरज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दीक्षोत्सव- 2023 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर नीरज शुक्ला ने डेवलपिंग अंतरप्रेन्यूरिल माइंडसेट अमंग मैनेजमेंट ग्रेजुएट्स थ्रू इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता के विकास में भारतीय ज्ञान परम्परा की अहम भूमिका है। प्राचीन काल में भारत एक विकसित राष्ट्र था जिसका की विश्व की सकल उत्पाद में 25 प्रतिशत से ज्यादा की हिस्सेदारी थी क्योंकि उस समय हमारे पास पारम्परिक ज्ञान और उद्मिता का संगम था। आज हमारे देश में मैकाले द्वारा दी गई शिक्षा व्यवस्था के कारण छात्रों की सोच बन गई है कि हमको शिक्षा प्राप्त करके नौकर बनना है ना कि नौकरी देने वाला जब तक इस मानसिकता को नहीं बदलेंगे तब तक भारत विकसित नहीं बन सकता।



उन्होंने बताया की भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का प्रयोग करके हम नए प्रोडक्ट और सर्विसेज बना सकता है जिसका लाभ पूरा विश्व उठाएगा। विशिष्ट वक्ता प्रवीण मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि हम कृषि और गौ पालन को लाभदायक बनाने की दिशा में काम कर रहे है क्योंकि बिना लाभ के कोई भी किसी काम को बहुत दिनों तक नहीं कर पायेगा। विषय प्रवर्तन मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने किया। अंत में वित्तीय अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डाक्टर आलोक गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने संचालन छात्र मुबस्सिर मेहदी सैय्यद और साक्षी मौर्या ने किया ने किया। इस मौके पर डॉ रसिकेश, डॉ राजेश कुमार, सुशील कुमार, राजेश कुमार, मो0 अबू सालेह, श्री राकेश उपाध्याय, श्री अनुपम कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, मों0 शहाबुद्दीन, समरीन तबस्सुम,मनोज त्रिपाठी, डॉ0 रोहित पाण्डेय, यशी सिंह, श्रुति श्रीवास्तव के साथ-साथ विभाग के छात्र शशांक भारती, सौम्या, खुशी, नेहा, आँचल, धैर्या, हिमांशु, प्रीतम, अभिषेक, ज्योत, विवेक, किशन, समेत संकाय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ट्रामा सेंटर हौज व सीएससी रेहटी पर हेल्थ एटीएम का विधायक ने किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सिरकोनी)** हौज गांव में स्थित ट्रामा सेंटर पर जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय के द्वारा हेल्थ एटीएम का उद्घाटन किया गया।विधायक ने बताया कि यह हेल्थ एटीएम मशीन विधायक निधि से लगाई गई है। इस मशीन से स्थानीय नागरिकों को बहुत सहायता मिलेगी। इससे सभी टेस्ट 10 से 15 मिनट में के अंदर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता इसका उपयोग करें और अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर ही दवा ले साथ उन्होंने बताया कि इस सत्र में



गौराबादशाहपुर सीएससी,हौज ट्रामा सेंटर ,रेहटी सीएससी में मशीन लगाया गया है और आगे अन्य सीएससी पर लगाया जाएगा। अधीक्षक डॉक्टर डीके सिंह ने बताया कि हेल्थ एटीएम के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को 15 से अधिक स्वास्थ्य संबंधी जांचों की सुविधा निशुल्क मिल सकेगी।इसके माध्यम से वजन ,कोलेस्ट्रॉल ,शुगर , मलेरिया,यूरिक एसिड ,ब्लड प्रेशर व अन्य जांच निशुल्क की जाएगी।जिसका क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक लाभ लें इस अवसर पर डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ,डॉक्टर अजय कुमार सिंह, एलटी श्याम राज, रामेश्वर यादव, आशुतोष श्रीवास्तव ,राकेश यादव, मेवा लाल, बच्चू लाल, संदीप ,अजय व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुठभेड़ के दौरान इनामिया शातिर बदमाश घायल, हुआ गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सुइथाकला)।** सर्किल के सरपतहां और शाहगंज पुलिस के संयुक्त अभियान में बीती रात क्षेत्र के गुड़बड़ी चौराहे पर मुठभेड़ में एक इनामिया शातिर बदमाश घायल हो गया। घायल होने के बाद उसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।गोली उसके पैर में लगी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शाहगंज थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी रामभुज यादव ऊर्फ रामबुझ यादव पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव अन्तर्जनपदीय इनामिया शातिर बदमाश के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध गृहजनपद समेत उन्नाव, आजमगढ़, गोरखपुर, बाराबंकी व अन्य जनपदों में चोरी, हत्या व गोतस्करी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**चोरी, हत्या व गोतस्करी समेत कई मामलों में वांछित रहा बदमाश**

बतौर पुलिस थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मय हमराही व शाहगंज पुलिस के प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी मय हमराह के संयुक्त अभियान के दौरान शुक्रवार की रात क्षेत्र के गुड़बड़ी चौराहे पर उक्त बदमाश मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में गिरफ्तारी के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ 315बोर का एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस तथा 1416रूपया नगदी बरामद किया गया। इधर बरामदगी के आधार पर सरपतहां थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस बदमाश के विरूद्ध धारा 307 व 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि उक्त के ऊपर जौनपुर व आजमगढ़ पुलिस क्रमशः दस और पचीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखी है। मुठभेड़ के दौरान उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार राय व राम सुन्दर मौर्य व उपनिरीक्षक शाहगंज विनोद कुमार अंचल व हमराहियों में सरपतहा पुलिस के हेडकांस्टेबल जितेंद्र पाण्डेय, छट्ठू यादव कान्सटेबल अमित कुमार शाहनी, रामदवन यादव व सर्वेश गौड़ तथा कोतवाली शाहगंज से कान्सटेबल रवि प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, दिग्विजय यादव व अमित कुमार मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के कृष्णानगर में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिवार के लोगों के बातचीत की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णानगर निवासी बच्चा लाल सोनकर के पुत्र कमलाकांत सोनकर ने शनिवार को सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने जब आवाज लगाई तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद परिवार के लोगों ने कमरे में झांककर देखा तो सन्न रह गए। कमलाकांत का शव रस्सी के सहारे लटक रहा था। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग भी पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मोहल्ले वालों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। परिवार के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली।

# जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिक स्तर पर किया जाए: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में तहसील मछली शहर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। शासन की मंशानुसार जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर कुल 274 मामले आये, जिसमे से 12 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र प्रसाद सिंह, उप जिलाधिकारी मछलीशहर राजेश कुमार, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हिमांशु सिंह बने सपा यमुनापार के जिला सचिव

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने भड़ेवरा, मेजा निवासी हिमांशु सिंह एडवोकेट को जिला सचिव मनोनीत किया है। हिमांशु सिंहसपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के पुत्र हैं और लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय हैं। इनके मनोनयन पर सपा नेताओं पप्पूलाल निषाद, इंजी जगदीश यादव, केशव विश्वकर्मा, वजीर खां, राम निरंजन विश्वकर्मा, सोम दत्त पटेल, विजय राज यादव, भगीरथी बिन्द, ननकेश बाबू, जय शंकर भारतीय, गीता भारतीय, प्रेम चंद्र यादव, फिरोजखान, पीयूष सिंह राजू, अनिल सिंह, सत्येंद्र सिंह, लालजी पाल, राजेश पाण्डेय, दिनेश पटेल, विजय बहादुर पटेल आदि ने बधाई दी हैं।



# 111 वर्ष पुराना विज्ञान परिषद सील

**अवधनामा संवाददाता**

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय में की कार्यवाही पहले ही दिया था नोटिस**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को 111 वर्ष पुरानी विज्ञान परिषद के परिसर को अपने कब्जे में लेते हुए सील कर दिया। परिषद का सामान यहीं कमरों में बंद है। विज्ञान का हिंदी भाषा में प्रचार-प्रसार के लिए इस संस्था की स्थापना 1912 में की गई थी। विवि प्रशासन का आरोप था कि जिस उद्देश्य से संस्था को यह जगह दी गई थी, वह उससे परे जाकर व्यावसायिक काम कर रही थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने विज्ञान परिषद खाली करने का नोटिस काफी पहले दिया था लेकिन विज्ञान परिषद की ओर से इसके विरोध में न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। दो दिन पहले न्यायालय ने विश्वविद्यालय के पक्ष में आदेश दिया था। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से विज्ञान परिषद को कब्जे लेने की कार्रवाई की गई। भारी फोर्स के साथ पहुंचे विश्वविद्यालय के अफसरों ने पूरे परिसर में ताला लगा दिए। विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों की ओर से इसका किसी तरह का विरोध नहीं हुआ। पदाधिकारियों का कहना था कि परिसर खाली करने का कोई मौका नहीं दिया गया। कार्रवाई की भी सूचना नहीं दी गई। परिषद के देवव्रत द्विवेदी का कहना है कि परिषद के सभी सामान भी परिसर में बंद हो गए हैं। कार्रवाई के दौरान कुलसचिव प्रोफेसर एनके शुक्ला, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह, एसीपी राजेश यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम के आदेश का नहीं हो रहा है अनुपालन

**आजमगढ़।** जनपद के बुंदा ग्राम मे प्रसिद्ध कथावाचक श्री गोविन्द शास्त्री के भूमि पर जबरन कब्ज़ा के मामले में एस डी एम सदर के आदेश में कुछ लोग बाधा उत्पन्न कर रहे, किन्तु उनपर कड़ी कार्यवाही नहीं हो पा रही। पं. गोविन्द शास्त्री ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि सम्बंधित गाटा के बटवारे के सम्बन्ध में एस डी एम सदर के आदेश के क्रम मे फाट करने पहुँचे तहसील कर्मियों को दबंग प्रतिपक्षी के लोगों ने नापी नहीं होने दी, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कड़ा कदम नहीं उठाया गया है, यह मामला पूर्व से चल रहा है, जिसके लिये अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन, राष्ट्रीय मंत्री संजय कुमार पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष शर्मानंद पाण्डेय, महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने भी प्रशासन को ज्ञापन दिया।

# मिली 91 शिकायतें, सर्वाधिक राजस्व विभाग की

**जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस-तहसील सदर**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने



प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 91 शिकायतें आयी, जिनमें राजस्व विभाग की 49, पुलिस विभाग की 06 एवं अन्य विभागों की 36 शिकायतें है। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जौनपुर।** ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता विकास क्षेत्र रामनगर का आयोजन सलारपुर के खेल मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर कन्हैयालाल के द्वारा किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ रामनगर डॉक्टर अरुण सिंह के द्वारा सभी को आभार ज्ञापित किया गया। प्रतियोगिता में ब्लाक रामनगर के सभी प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय के बच्चों द्वारा दौड़, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी आदि खेलों में प्रतिभाग किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। खेल प्रतियोगिता का आयोजन व्यायाम शिक्षक सुरेश यादव एवं खेल अनुदेशक की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में ब्लाक रामनगर के एआरपी विनोद सिंह, श्रीप्रकाश सिंह सहित समस्त न्याय पंचायत के नोडल शिक्षक एवं सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ कमलेश यादव, डॉ. रजी अहमद, अनुराग तिवारी, सरोज सिंह संतोष सिंह, विष्णु तिवारी, मनोज यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से गोदाम में लगी आग



**मुबारकपुर आजमगढ़।** पुरानी बस्ती स्थित संघत के पास माँ ट्रांसपोर्ट की गोदाम पर शनिवार को सुबह 9 बजे अज्ञात कारणों से आग लगी गयी जिसमें लगभग दो लाख का नुकसान बताया जा रहा है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दरअसल मुबारकपुर के पुरानी बस्ती स्थित संघत के पास माँ ट्रांसपोर्ट की ऑफ़िस व गोदाम है रोज की तरह शनिवार को सुबह ट्रंसपोर्ट गाड़ी आयी और गोदाम के बाहर माल उतारकर चली गयी कुछ ही देर बाद वहाँ रखे माल में आग लग गयी जिसमें रेशमी साड़ी सहित रेशम और ज़री जलकर खाक हो गयी। वहीं मुबारकपुर ट्रांसपोर्ट इंचार्ज शाहिद अख्तर का कहना है की सुबह 08:30 भजे गाड़ी आयी है और माल उतारकर चली गयी मैं ऑफ़िस बंदकर नास्ता करने चलाया गया आधे घण्टे के बाद फ़ोन आया की आग लग गयी है. मैं तुरंत भाग कर आया तो देखा आग लगी हुई थी किसी तरह लोगों की मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन तबतक रेशमी साड़ी ,रेशम और ज़री आदि चीज़ें जलकर खाक हो गयी। शाहिद अख्तर ने बताया की दो से ढाई लाख रु का नुकसान हुआ है उन्होंने ने बताया की आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है, और कोई सीसीटीवी कैमरा अगल बगल नहीं लगा हुआ है।

# जीडी ग्लोबल में हुई भव्य विज्ञान प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** दिन शनिवार को जीडी ग्लोबल स्कूल करतालपुर में ज्ञान-विज्ञान,कला और सामाजिक विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी स्पेक्ट्रम -3 का आयोजन बहुत ही भव्यपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ विपिन शर्मा ( अवकाश प्राप्त आर्म्ड फोर्स मेडिकल कालेज पुणे)ने विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल, निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय के साथ दीप प्रज्वलन से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात मां सरस्वती की वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के छात्र/ छात्राओं



ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।प्रदर्शनी में जहां भौतिकी से संबंधित ड्रोन कैमरा, चंद्रयान, मिशाइल,कैनन, लाई-फाई,टेस्ला क्वायल, होलोग्राम तथा ब्लूटूथ कंट्रोल, वाकिंग रोबोटआदि का जीवंत प्रदर्शन किया गया है वहीं वाटर डिस्टेलेशन, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, वालकेनो, रिनोबेल इनर्जी, कार्बाइड कैनन, हर्ट सर्कुलेटिंग सिस्टम, श्वसन तंत्र, न्यूरान, बेन, हीमोडायलिसिस, डीएनए मॉडल आदि पर बच्चों ने विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किये। समाजिक व्यवस्था को प्रदर्शित करने के अंतर्गत राममंदिर मॉडल, पावरहाउस, सौरमंडल, नवीन सांसद भवन, अद्यतन गॉव, हड़प्पा सभ्यता, लोकतंत्र प्रणाली के प्रति लोगों को आकर्षित करने हेतु ईवीएम मशीन आदि पर सुंदर मॉडल प्रस्तुत किये गये। देश की आर्थिक व्यवस्था के प्रति लोगों का ध्यान आकृष्ट करने हेतु वाणिज्य के छात्र-छात्राओं ने जीएसटी मॉडल,स्पेशल इकोनॉमिक जोन, बैंकिंग मॉडल, वेंडिंग मशीन, मॉडल इन इंश्योरेंस आदि पर आधारित प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि दिनेश लाल यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी एक ऐसा मंच होता है जहाँ विज्ञान के विभिन्न विषयों से जुड़े उत्पादों, तकनीकों, अनुप्रयोगों, आविष्कारों और अन्य विषयों को प्रदर्शित किया जाता है। इसमें विभिन्न विषयों से जुड़े उत्पादों और तकनीकों के द्वारा लोगों को विज्ञान के बारे में जानकारी मिलती है। बच्चों को इसी प्रकार अपनी प्रतिभा और कौशल से समाज को लाभान्वित करना चाहिए।

# बांसुरी रंग महोत्सव मेरे राम जी आए का मंचन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** गंगा लोक कल्याण सेवा संस्थान वृंदावन ( मथुरा )के सांस्कृतिक प्रकल्पष् बांसुरी द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 29 अक्टूबर से एक नवंबर 2023 तक वृंदावन शोध संस्थान मथुरा में आयोजित ष्बांसुरी रंग महोत्सवष् में रंगमंच एवं ललित कलाओं के समर्पित जनपद की ख्यातिल्लब्ध सामाजिक,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक ष् हुनर संस्थान आजमगढ़ ष् के 16 सदस्य दल ने भावपूर्ण पौराणिक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन लीला पर आधारित नृत्य नाटिका ष् मेरे राम जी आए ष्का मंचन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्र- मुग्ध कर दिया। सुनील दत्त विश्वकर्मा के निर्देशन में हुई इस प्रस्तुति को सभी ने सराहा। इस नृत्य नाटिका के नृत्यो का संयोजन कमलेश सोनकर ने किया। नृत्य नाटिका के प्रमुख पात्रों में काजल सिंह, करण सोनकर,राज पासवान, खुशी खरवार, काजल प्रजापति, कामिनी प्रजापति, खुशबू गोंड, प्रिया यादव, मनस्वी मिश्रा,आस्था दुबे विकास सोनकर,आदित्य, करिश्मा सिंह शामिल थे। इस अखिल भारतीय नाटक व नृत्य समारोह में पूरे देश से लगभग 40 दलों के 400 से ऊपर कलाकारों ने प्रतिभाग किया। महोत्सव के आखिरी दिन दिन एक रंग यात्रा वृंदावन - मथुरा की सड़कों पर निकाली गई जिसमें संस्थान की धार्मिक झांकी राम दरबार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# डॉ. कमल बने एम के अध्यक्ष व डॉ. आशुतोष दोबारा बने सचिव



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** शहर के जाने माने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल सिंह अब इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के नए अध्यक्ष की कमान संभालेंगे। वहीं सचिव पद के लिए दोबारा श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गुप्ता को चुना गया है। आज शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौराहा स्थित एएमए हॉल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. सुबोध जैन ने अध्यक्ष डॉ. कमल सिंह को कॉलर बदलकर अध्यक्ष पद की कमान सौंपी। डॉ. कमल सिंह ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी हमें मिली है उसका पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे। इसके अलावा 40 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ।

नई कमेटी में डॉ. जेवी राय, डॉ. रेखा श्रीवास्तव, डॉ. मनोज माथुर व डॉ. त्रिभुवन सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया है। डॉ. सुभाष वर्मा को वित्त सचिव, डॉ. अभिनव अग्रवाल को संयुक्त वित्त सचिव, डॉ. संतोष सिंह को संयुक्त सचिव, डॉ. कविता अग्रवाल व डॉ. राजीव गौतम को सहायक सचिव, डॉ. अनूप चौहान को पीआरओ, डॉ अनुभा श्रीवास्तव को वैज्ञानिक सचिव, डॉ. सपन श्रीवास्तव को संपादक, डॉ. अतुल कुमार दुबे को खेल सचिव, डॉ. विनीत मिश्रा को सामाजिक सचिव, डॉ. उत्सव सिंह को ई लाइब्रेरी सचिव चुना गया है।

# मुविवि में डॉ. प्रभात को विशिष्ट सम्मान से हर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र को विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह में विश्वविद्यालय विशिष्ट सम्मान प्राप्त होने पर दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ भदौरिया ने कहा कि मीडिया जगत में अपना विशिष्ट स्थान रखने वाले डॉ प्रभात को 25 वर्षों की सेवा का सही प्रतिफल मिला है। डॉ मिश्र विश्वविद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों को मीडिया के माध्यम से जनमानस तक बड़ी निष्ठा से पहुंचाते हैं। प्रतिवर्ष माघ मेले में आयोजित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम में भी उनकी सहभागिता बढ़-चढ़कर



रहती है। सम्मान से अभिभूत डॉ प्रभात मिश्र ने कहा कि उनके लिए यह विशिष्ट सम्मान अविस्मरणीय रहेगा। पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सेवा करना उनके जीवन का लक्ष्य है। यह विशिष्ट सम्मान अब कार्य संस्कृति में दुगने उत्साह का संचार करेगा। डॉ मिश्र ने यह सम्मान प्राप्त होने पर पूर्व कुलपतियों प्रोफेसर देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर केदारनाथ सिंह यादव, प्रोफेसर नागेश्वर राव एवं प्रोफेसर ए के बक्शी के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर मार्गदर्शन में कार्य करते हुए आज रजत जयंती समारोह में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के हाथों विशिष्ट सम्मान प्राप्त हुआ। डॉ मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय की यशस्वी कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय चतुर्दिक प्रगति कर रहा है। प्रोफेसर सीमा सिंह को रजत जयंती वर्ष में विश्वविद्यालय का कुलपति होने का गौरव प्राप्त होने पर परिसर में हर्षोल्लास है।

# आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहे देश के गांव: हिना

**अवधनामा संवाददाता**

**निज़ामाबाद।** शुक्रवार को साथी जन सुविधा केंद्र तहसील निज़ामाबाद पर नाबार्ड के डी डी एम आरिफ खान रामानंद सरस्वती पुस्तकालय की निदेशक हिना देसाई के साथ पहुंचे।जहाँ उन्होंने नाबार्ड द्वारा पूर्व में प्रशिक्षित सूचि बाला और नेहा मौर्या के कम्प्यूटर कार्य को जांचा और परखा। नाबार्ड के डी डी एम और हिना देसाई के साथी जन सुविधा केंद्र निज़ामाबाद पहुंचने पर बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरिफ खान ने बताया कि रिजर्व बैंक के सहयोग से देशभर के ग्रामीण अंचलों में आत्मनिर्भर भारत के लिए कई



योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उसी के तहत निज़ामाबाद की ब्लैक पॉटरी को विकसित करने में नाबार्ड द्वारा सहयोग किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता हिना देसाई ने कहा कि हमे खुशी है कि हमारे पुस्तकालय से तीन महीने का आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर दो बच्चियां साथी जन सुविधा केंद्र पर कार्य करते हुये आत्मनिर्भर बन रही हैं।उन्होंने आगे कहा कि खासकर अभी ग्रामीण अंचलों में बच्चियों को बाहर निकलकर कार्य करने में कई तरह की मुश्किलें हैं।पर इस केंद्र पर बच्चियां निडर होकर अच्छे वातावरण में अपना कार्य कर रही हैं जो बेहद खुशी की बात है। साहित्य से दोस्ती और साथी जन सुविधा केंद्र के संचालक जितेंद्र हरि पांडेय ने आभार जताते हुये कहा कि यदि नाबार्ड और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा तो आगे इस केंद्र के माध्यम से युवक और युवतियों के विकास के अन्य कार्यो के लिए अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर सूरजपाल, अब्दुल्लाह, अतुल सिंह, सौरभ तिवारी, एकादशी यादव, अजय तिवारी, सोनम यादव, रमेश गिरी, संतोष चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# सितंबर तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा 8% बढ़कर 14330 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** एसबीआई का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 14,330 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 8 12% से अधिक बढ़कर 39,500 करोड़ रुपये हो गया। यह पूर्व के अनुमान 38,500 करोड़ रुपये से अधिक है।




रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), अर्जित ब्याज और खर्च किए गए ब्याज के बीच का अंतर, सालाना आधार पर 12% से अधिक बढ़कर 39,500 प्रतिशत बढ़कर 14,330 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), अर्जित ब्याज और खर्च किए गए ब्याज के बीच का अंतर, सालाना आधार पर

बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 28.4 प्रतिशत बढ़कर 4,253 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 32,033 करोड़ रुपये रही। इस दौरान शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), अर्जित ब्याज और खर्च किए गए ब्याज के बीच का अंतर, सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 10,831 करोड़ रुपये हो गया।

एडटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजूस का राजस्व मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में एक साल पहले की तुलना में 2.3 गुना बढ़कर 3,569 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। परिणाम बायजू के मुख्य व्यवसाय संचालन के हैं और इसमें आकाश एजुकेशनल सर्विसेज, व्हाइटहैट जूनियर और अन्य अधिग्रहण शामिल नहीं हैं। कंपनी के एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 22 में ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन आधारित मुख्य व्यवसाय का नुकसान 2406 करोड़ रुपये से घटकर 2253 करोड़ रुपये रह गया।

# केनरा बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

**लखनऊ।** केनरा बैंक लखनऊ अंचल कार्यालय में इस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर बालू केंचप्पा, एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉक्टर अनीता भटनागर जैन उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में अंचल कार्यालय के सभी 10 क्षेत्रीय कार्यालयों को ड्रूक्ट के माध्यम से जोड़ा गया था।

डॉ बालू केंचप्पा जी ने बैंकिंग के क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव के बारे में बताया और डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ होने वाले धोखाधड़ी के मामले को रोकने के बारे में भी जानकारी दी और उन्होंने बताया कि 2000 के नोट आरबीआई की सभी कार्यालयों में बदले जा रहे हैं और इसके साथ अगर किसी को बैंक में आकर के नोट बदलने में जाकर दिक्कत महसूस होती है तो वह अपने नोट रजिस्टर्ड पोस्ट के थ्रू भी बैंक अकाउंट डिटेल के साथ आरबीआई में भेज सकते हैं, जिसे उनके बैंक के खाते में रकम जमा कर दी जाएगी।

डॉक्टर अनीता भटनागर जैन ने बताया ईमानदारी अपने स्वयं के निर्णय से होती है यदि हम समाज को बदलना चाहते हैं तो पहले हमें स्वयं को बदलना पड़ेगा यदि आज हम अपने प्रति उत्तरदायी रहेंगे और प्रत्येक काम



समय से ईमानदारी के साथ करते रहेंगे तो आने वाले समय में सतर्कता सप्ताह मनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इसी के साथ, केनरा बैंक अंचल कार्यालय में आज फिट इंडिया मूवमेंट के अवसर पर पद्मश्री सुधा सिंह, ओलंपियन अर्जुन अवार्डी को भी आमंत्रित किया गया था। पद्मश्री सुधा सिंह जी ने प्रधान मंत्री मोदी जी के वाक्य को दोहराया कि खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया और सुधा सिंह जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी को अपने व्यस्त कार्यक्रम में से कम से कम 30 मिनट अपने स्वास्थ्य के बारे में कोई भी फिजिकल एक्सरसाइज, या योगा करना चाहिए और सभी से अनुरोध भी किया कि अपने 10 से 12 वर्ष के बच्चों को किसी भी खेल में अवश्य डालें जिसमें उनका रुझान हो क्योंकि खेलने से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता बढ़ती है खेलने से लीडरशिप, अनुशासन, धैर्य, निरंतरता, पराजय से सीखने, आत्मविश्वास में वृद्धि बढ़ती है। आज सरकार द्वारा अच्छी नौकरियां प्रदान की जा रही हैं जैसे रेलवे, ओएनजीसी, एयरलाइंस, उत्तर प्रदेश हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र की सरकारें पदक विजेताओं को बेहतर नौकरियां उपलब्ध करा रही हैं।

## त्योहारों पर कीमतों को नियंत्रित करने की कवायद

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार ने कहा, सरकारी हस्तक्षेप के कारण कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, इंदौर, भोपाल, रायपुर, रांची, जयपुर और कोटासहित कई शहरों में प्याज की कीमत कम हो गई है। दिल्ली व आसपास के इलाकों में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) ने शुक्रवार को कहा, वह दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के अलावा जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक सभी राज्यों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती भाव पर प्याज बेचेगा। इसका मकसद उपभोक्ताओं को प्याज की ऊंची कीमतों से राहत दिलाना है। केंद्र सरकार की ओर से एनसीसीएफ ने 9 सितंबर से दिल्ली और उसके आसपास 100 विभिन्न स्थानों पर रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है। सहकारी संस्थान ने पिछले दो सप्ताह से श्रीनगर, जयपुर, वाराणसी और दिल्ली-एनसीआर में पेटीएम, मैजिकपिन और मायस्टोर के जरिये ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) मंच पर ऑनलाइन प्याज बेच रहा है। अब तक 416 वैन चल रही हैं।

## तनिष्क का नया कलेक्शन धरोहर दिवाली की खुशियों को मनाते हुए शाश्वत भारतीय परंपराओं को पुनरुज्जीवित कर रहा है

रोशनी का त्योहार, दिवाली नजदीक आ रहा है, इसके उपलक्ष्य में भारत का प्रीमियर ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क एक ऐसी जादुई यात्रा पर निकल पड़ा है, जो गौरवशाली अतीत के दिल में गहराई तक उतरती है। धरोहर कलेक्शन पेश करते हुए, तनिष्क प्राचीन विरासत कलाकृतियों के शाश्वत आकर्षण को सम्मानित कर रहा है, पुरानी और नई विरासतों को खूबसूरती से जोड़ रहा है, पीढ़ियों को विरासत और पुरानी यादों की भावना से एक साथ ला रहा है। धरोहर सिर्फ एक कलेक्शन नहीं, बल्कि यह उन हृदयस्पर्शी नरेटिव्ज़ का जश्न है जिन्होंने शानदार अतीत को आकार दिया है। यह पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं का एक प्रमाण है, इसमें कई कीमती यादें शामिल हैं जो हमें बताती हैं कि हम कौन हैं। धरोहर के साथ, तनिष्क प्राचीन ज़माने की कहानियों में एक नया अध्याय पेश कर रहा है। तनिष्क का नया धरोहर कलेक्शन परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से जोड़ता है। यह अद्वितीय डिज़ाइन और मनोरम शिल्प कौशल को उजागर करता है, विरासत और हमारे गौरवशाली अतीत को संजोकर रखता है। इस कलेक्शन में प्लेन गोल्ड, विंटेज और कुंदन आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, इसका हर आभूषण तनिष्क महिला को, विरासतों की सच्ची कस्टोडियन को सम्मानित करता है। तनिष्क महिला विरासतों को जतन करती है और सबसे आगे रहकर पारिवारिक परंपराओं को निभाती है। %धरोहर% कलेक्शन कुशल कारीगरों और उनके असाधारण कौशल को रेखांकित करता है, जो हर आभूषण में जान फूंक देते हैं। जटिल चांडक वर्क से लेकर दुर्लभ बाढ़रूम तकनीक, आश्चर्यजनक रास रवा और नाजुक फ़िजीरी शिल्प कौशल तक, धरोहर का हर आभूषण परंपरा की समृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। इस कलेक्शन के असाधारण आभूषणों में थप्पा वर्क से सजा हुआ शानदार चोकर नेकलेस सेट, जटिल फिलाग्री वर्क वाला रीगल नेकलेस सेट, कुंदन इनले वर्क के साथ भव्य क्लासिक सेट और अद्भुत फ़िरोज़ा बाढ़रूम पैटर्न सेट के साथ-साथ कई अन्य नेकलेस सेट्स, कंगन, ब्रेसलेट्स और अंगूठियां शामिल हैं। फेस्टिव कलेक्शन के लॉन्च पर, टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिज़ाइन ऑफिसर, सुश्री रेवती कांत ने कहा, इस दिवाली, तनिष्क के धरोहर कलेक्शन का अनावरण करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, यह कलेक्शन हमारी समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासतों के दिलों को छू लेने वाले जश्न का एक प्रमाण है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का टैक्स के बाद का प्रॉफिट, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 35% बढ़कर 751 करोड़ रु. दर्ज किया गया

**मुंबई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल की हाल ही में बैठक समाप्त हुई। इस दौरान 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-ऑडिट फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी गई। श्री वी वैद्यनाथन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, जैसा कि पहले से ही उल्लेखित है, हम लम्बे समय तक बने रहने के लिए अपने बैंक के निर्माण हेतु दृढ़ हैं और इस विचारधारा को ध्यान में रखते हुए ही अपने बुनियादी सिद्धांतों, संस्कृति और उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, एक बैंक के लिए सबसे महत्वपूर्ण मूलभूत क्षमता, विविध ग्राहक जमा को माना जाता है। इस सद्भावना के लिए हम अपने सम्मानित ग्राहकों के आभारी हैं, जिनकी वजह से हमारी ग्राहक जमा राशि में सालाना आधार पर 44% की वृद्धि जारी है और हमारा CASA अनुपात 46.4% पर सुदृढ़ बना हुआ है। वी वैद्यनाथन ने आगे कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है हमारी संपत्ति की गुणवत्ता में सतत रूप से सुधार जारी है। हमारा बैंक विशेष रूप से खुदरा, ग्रामीण और एसएमई व्यवसाय में निपुण है, जिनमें सकल NPA और शुद्ध NPA क्रमशः 1.53% और 0.52% पर बहुत कम रहे हैं। इस मामले में हम हर समय बेहद सतर्क रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, हमने H1-FY24 में 1,516 करोड़ रु. का लाभ दर्ज किया है, जो Hv-FY23 के PAT 1,030 करोड़ रु. से 47% अधिक है।

## लावा ने 9,999/ की शुरुआती कीमत पर ब्लेज़ 2 5G को लॉन्च किया



**कानपुर।** ग्राहकों को बेहद किफायती मूल्य पर अत्याधुनिक फीचर्स का अनुभव प्रदान करना ही लावा की फिलॉसफी है, और इसी पर कायम रहते हुए लावा ने आज बिल्कुल नए ब्लेज़ 2 5त्र को 9,999/- रुपये की शुरुआती कीमत पर बाजार में उतारा है। प्रीमियम ग्लास बैक के साथ उपलब्ध इस स्मार्टफोन को इस सेगमेंट में पहली बार रिंग लाइट के साथ पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन 3 बेहतरीन रंगों- ग्लास ब्लैक, ग्लास ब्लू और ग्लास लैवेंडर में उपलब्ध होगा।3,90,000 से अधिक AnTuTu वाले इस लेटेस्ट स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डायमेंसिटी 6020 प्रोसेसर लगाया गया है।। इसमें 2.5D कर्व्ड स्क्रीन और 90H5 रिफ्रेश रेट के साथ 16.55 सेमी (6.56) HD+ IPS पंच होल डिस्प्ले है। ब्लेज़ 2 5G पूरे भारत में मौजूद लावा के रिटेल नेटवर्क, Amazon.in और Lavamobiles.com पर उपलब्ध होगा। ब्लेज़ 2 5G उपयोगकर्ताओं को क्लीन एंड्रॉइडTM 13 का अनुभव प्रदान करता है, जो किसी भी तरह के विज्ञापन और ब्लोटवेयर से पूरी तरह से मुक्त है। इसमें अपने नाम को गोपनीय रखकर कॉल करने की सुविधा और ऑटो कॉल रिकॉर्डिंग फीचर भी मौजूद है, साथ ही इसमें साइड फिंगरप्रिंट सेंसर भी है। यह डिवाइस एंड्रॉइड 14 में अपग्रेड किए जाने के वादे के साथ-साथ 2 साल तक हर 3 महीने में सिक्योरिटी अपडेट के साथ आता है।

ब्लेज़ 2 5G बेहतरीन सेल्फी के लिए स्क्रीन फ्लैश के साथ 50MP रियर कैमरा और 8MP फ्रंट कैमरा से लैस है। इस स्मार्टफोन के इनबिल्ट कैमरा फीचर्स में कई मोड हैं, जिनमें फिल्म, स्लो मोशन, टाइमलैप्स, यूएचडी, जीआईएफ, ब्यूटी, एचडीआर, नाइट, पोर्ट्रेट, एआई, प्रो, पैनोरमा, फिल्टर और इंटेलिजेंट स्कैनिंग शामिल हैं। ब्लेज़ 2 5G में 5000 mAh की बैटरी लगाई गई है और यह 18W फास्ट चार्जिंग (टाइप-सी) के साथ आता है।

# एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की

**नई दिल्ली।** एक इंटरलाइन व्यवस्था साझेदार एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानों के लिए टिकट जारी करने और स्वीकार करने के लिए एक समझौते जैसा है। इंटरलाइन टिकट बेचते समय, ऑपरेटिंग एयरलाइंस के अपने उड़ान नंबर का उपयोग किया जाता है।

एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की है। यह साझेदारी एयर इंडिया के ग्राहकों को अलास्का एयरलाइन के नेटवर्क पर यूएसए, मैक्सिको और कनाडा के 32 गंतव्यों से न्यूयॉर्क जेएफके, नेवार्क-न्यू जर्सी, वाशिंगटन डीसी, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को और वैंकूवर गेटवे से निर्बाध यात्रा का लाभ उठाने की अनुमति देगी।

एक इंटरलाइन व्यवस्था साझेदार एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानों के लिए टिकट जारी करने और स्वीकार करने के लिए एक समझौते जैसा है। इंटरलाइन टिकट बेचते समय, ऑपरेटिंग एयरलाइंस के अपने उड़ान नंबर का उपयोग किया जाता है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि साझेदारी के



दायरे में द्विपक्षीय इंटरलाइनिंग शामिल है जो दोनों एयरलाइनों को एक-दूसरे के नेटवर्क पर टिकट बेचने की अनुमति देती है।

एक बयान में कहा गया है, दोनों विमानन कंपनियों ने एक विशेष समझौता भी किया है, जो एयर इंडिया को अलास्का एयरलाइंस के नेटवर्क को कवर करने वाले मार्गों पर किराए के माध्यम से दाखिल करने की अनुमति देता है। इस व्यवस्था का मतलब है कि एक यात्री एक यात्रा कार्यक्रम में सभी गंतव्यों को कवर करने वाले एक टिकट के लिए एक ही किराया रख सकता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क दोनों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है।

## सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सात महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अक्तूबर, 2023 में सात महीने के निचले स्तर पर आ गईं। प्रतिस्पर्धी स्थितियों व मूल्य दबावों के बीच उत्पादन और मांग में नरमी से यह गिरावट आई है। शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अक्तूबर में 58.4 पर आ गया। यह सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर 61 पर पहुंच गया था। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की एसोसिएट निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, कई कंपनियां नए अनुबंध हासिल करने में कामयाब रहीं। हालांकि, कुछ कंपनियों ने अपनी सेवाओं और प्रतिस्पर्धी स्थितियों की धीमी मांग को लेकर चिंता व्यक्त की। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट का संकेत है।

## बुनियाद रिश्तों की 2023, एमपी बिरला सीमेंट का वार्षिक डीलर कॉन्फ्रेंस (मध्य प्रदेश), नई दिल्ली में




**नई दिल्ली।** बुनियाद रिश्तों की 2023', एमपी बिरला सीमेंट की वार्षिक डीलर कॉन्फ्रेंस (मध्य प्रदेश), नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई, जिसमें डीलरों से संबंधित विभिन्न मामलों को पहचान कर समझने और उनके समाधान पर विचार किया गया। इस तरह का प्रयास ग्राहकों के लिए कंपनी, संगठन के प्रदर्शन पर एक बड़ा प्रभाव डालता है। कंपनी के डीलर पूरे वर्ष बिजनेस को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए कॉन्फ्रेंस उन्हें धन्यवाद देने और उन्हें अपडेट करने का एक मौका था ताकि वे ग्राहकों को कंपनी के उत्पादों के बारे में सकारात्मक संदेश दे सकें। कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश के 850 से अधिक डीलरों ने भाग लिया।बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री संदीप घोष ने कहा कि ÷कंपनी को प्रदर्शन, नैतिकता और संस्कृति के लिए मान्यता प्राप्त पाने की लिए वर्ग में सर्वश्रेष्ठ बनना होगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में डीलर कंपनी के भागीदार थे। उन्होंने आगे कहा कि विज़न, वैल्यू, वेलोसिटी और विजिबिलिटी में एक्सीलेंस के 4वी मॉडल शामिल हैं, जिन्हें कंपनी ने सभी कार्यों में दक्षता में सुधार के लिए अपनाया है। डीलरों को विशेष रूप से मदद लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस के डिजिटलीकरण से हुई, जिससे विशेष रूप से विपणन गतिविधियों में वेग और विजिबिलिटी बढ़ी है।

## अब, आप चन्द ही घंटों में अपने फर्नीचर का पूरा लुक बदल सकते हैं!

**नई दिल्ली।** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना



चाहिए? ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है।हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताज़ा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीज़न में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है।फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन का प्रोसेस काफी सरल बना सकते हैं और वह भी केवल कुछ घंटों में। फेविकोल रेलम एडहैसिव 7-8 घंटों में तुरंत पकड़ और प्रोसेसिंग की ताकत देता है। इसमें कोई गंध नहीं है। इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम यह सुनिश्चित करता है कि लैमिनेट आसानी से चिपक जाए और बिना किसी गड़बड़ी के एक प्रोफेशनल फिनिश दे।फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे।फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपनी पुरानी लकड़ी की कुर्सियों को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है।कल्पना कीजिए कि एक सरल और जेब के लिए अनुकूल तकनीक एक सादे साइड टेबल को वर्क ऑफ आर्ट में बदल सकती है, जो जीवंतता और ताजगी उत्सव की भावना को दर्शाती है। फेविकोल रेलम एक स्थायी बंधन सुनिश्चित करता है जो दैनिक उपयोग का सामना कर सकता है।अंत में, इस त्योहारी सीज़न में, अपने फर्नीचर को अपनी अन्य सजावटों की तरह ही शानदार ढंगसे चमकने दें। यह आपके घर को नए आकर्षण और स्टाइल से भरने का समय है।

# कुन्सकैप्सस्कोलन लखनऊ में तीन दिवसीय मेगा स्पोर्टिंग इवेंट का सफल आयोजन

**लखनऊ।** भारत में एक प्रमुख स्वीडिश स्कूल, कुन्सकैप्सस्कोलन लखनऊ ने 2 से 4 नवंबर, 2023 तक एक सफल तीन दिवसीय मेगा स्पोर्टिंग इवेंट, केड स्पोर्ट्स 2023 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें फुटबॉल, बास्केटबॉल, समापन समारोह 4 नवंबर को आयोजित हुआ। इसमें भारतीय सीनियर वॉलीबॉल टीम के कप्तान श्री विनीत चौधरी और भारतीय वॉलीबॉल टीम के मुख्य कोच श्री अवनीश कुमार यादव मुख्य अतिथि थे। श्री चौधरी और यादव ने कार्यक्रम के विजेताओं और प्रतिभागियों दोनों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी।

बास्केटबाल अंडर 14 प्रतियोगिता में बॉयज में एपीएस (एलबीएस) व गर्ल्स में केकेएल विजयी रहे। जबकि अंडर 16 में बॉयज में मॉडर्न विद्या ट्री और गर्ल्स में केकेएल विजयी घोषित हुए। फुटबाल अंडर 14 में बॉयज कैटेगरी में मोंटफोर्ट व गर्ल्स में




केकेएल विजयी घोषित हुए। अंडर 16 कैटेगरी में अमेटी वीकेसी बॉयज की टीम विजयी रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर 14 कैटेगरी में जेपीएस की टीम बॉयज और गर्ल्स टीम विजेता बनकर उभरी। जबकि अंडर 16 कैटेगरी में जेपीएस बॉयज की टीम विजेता बनी। लॉन टेनिस अंडर 14 बॉयज में डीपीएस शहीद पथ और गर्ल्स में मोंटफोर्ट विजेता बने। अंडर 16 में मोंटफार्ट बॉयज की टीम और गर्ल्स में केकेएल की टीम विजेता रही।

टेबल टेनिस अंडर 14 में एआर जयपुरिया बॉयज और सीएमएस महानगर गर्ल्स की टीम विजयी हुई। जबकि अंडर 16 में सेंट फ्रांसिस बॉयज की टीम और डीपीएस शहीद पथ की गर्ल्स टीम विजेता बनी। इसी तरह शतरंज में अंडर 14 में एक्सेलिया बॉयज और केकेल गर्ल्स की टीम विजेता घोषित हुई। अंडर 16 में भी एक्सेलिया बॉयज की टीम विजयी रही जबकि गर्ल्स कैटेगरी में अवध कॉलेजिएट ने बाजी मारी।

स्कूल की हेड मधुलिका अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷केड स्पोर्ट्स 2023÷ एक शानदार सफलता थी। हम विभिन्न स्कूलों के छात्रों को एक साथ एकत्र हुआ देखकर खुश हैं कि सभी खेलों में भाग लेने के लिए एकजुट हो रहे हैं।

# शेफ विकास खन्ना और घरेलू रसोइया निधि और नम्बी लखनऊ में मास्टरशेफ इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए

**लखनऊ।** मास्टरशेफ इंडिया ने देश में पाककला का अगला जीनियस खोजने के लिये धड़कनों को बढ़ा देने




वाली प्रतियोगिता शुरू कर दी है। इसी के साथ, अब पूरे माहौल में कडाही की आवाज और मसालों की सुगंध फैल चुकी है। मंच पर घरेलू रसोइये अपनी पाक कला का प्रदर्शन कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ मास्टरशेफ के रूप में उभरने के लिए सामान्य मानकों को चुनौती दे रहे हैं। सोनी लिव पर सोमवार से षुक्रवार रात्रि आठ बजे प्रसारित होने वाले इस शो को प्रमोट करने के लिए आज शेफ विकास खन्ना घरेलू रसोइया निधि शर्मा और नंबी जेसिका एस मारक के साथ लखनऊ में मौजूद थे। सोलन, हिमाचल प्रदेश की 35 वर्षीय निधि शर्मा, यूको बैंक में लंबे समय से चले आ रहे करियर और एक बच्चे के पालन-पोषण के बीच संतुलन बनाते हुए इंस्टाग्राम पर एक खाद्य सामग्री निर्माता के रूप में चमक रही हैं। एचआर और मार्केटिंग में एमबीए के साथ बीबीए स्नातक, निधि का खाना पकाने का जुनून कॉलेज के दिनों में ही विकसित हुआ, जो शादी के बाद और भी बढ़ गया। अपनी सास और स्थानीय विशेषज्ञों से पहाड़ी व्यंजनों में प्रशिक्षित, वह मास्टरशेफ इंडिया को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने सपनों को साकार करने का प्रवेश द्वार मानती है। अगर वह जीतती हैं। निधि अपने समुदाय को आगे ले जाते हुए शिमला और सोलन में कैफे खोलने की इच्छा रखती है। नाम्बी जेसिका एस मराक, मेघालय की 30 वर्षीय गतिशील महिला, पूर्वोत्तर व्यंजनों के प्रति अपने जुनून से प्रेरित है। वह अपने क्षेत्र की समृद्ध पाक परंपराओं को भव्य मंच पर प्रदर्शित करते हुए मास्टरशेफ इंडिया पर अपनी छाप छोड़ना चाहती है। अपर रंगसा, मेघालय की रहने वाली नाम्बी, सनबीम फाउंडेशन स्कूल की प्रिंसिपल और मालिक हैं, वह सहजता से कई टोपी पहनती हैं। चेन्नई में संचार कौशल सिखाने से लेकर मेघालय के शांत परिदृश्यों में युवा दिमागों का पोषण करने तक की उनकी यात्रा प्रेरणादायक से कम नहीं है। नंबी जेसिका मराक पूर्वोत्तर के विभिन्न भोजन और संस्कृति का दस्तावेजीकरण करने वाला एक यूट्यूब चैनल 'ईट योर कप्पा' भी चलाती हैं। खाना पकाने के प्रति नम्बी का जुनून बचपन से ही कायम है, और उसे पाक प्रयोगों में शुद्ध आनंद मिलता है। उनके पति उनकी स्वादिष्ट रचनाओं के लिए सदैव इच्छुक स्वाद-परीक्षक के रूप में कार्य करते हैं। एक उत्साही मास्टरशेफ उत्साही, नंबी पूर्वोत्तर भारत की विविध और जीवंत पाक विरासत को प्रदर्शित करने का सपना देखता है। रसोई में बिताया गया हर पल यादगार और मुंह में पानी ला देने वाले व्यंजन बनाने का अवसर है। मास्टरशेफ इंडिया रचनात्मकता और साहस का एक असाधारण मिश्रण होने का वादा करता है और पाक कला की दुनिया में नए मानक स्थापित कर रहा है। शेफ विकास खन्ना, रणवीर बराड़ और पूजा ढींगरा के नेतृत्व में, यह डिजिटल-केवल सीज़न एक अभूतपूर्व पाक उत्सव है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पीएनबी अंचल कार्यालय ने निकाली पदयात्रा

**लखनऊ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पंजाब नैशनल बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ द्वारा आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 05.11.2023 को प्रातः 7 बजे अंचल प्रमुख श्री मृत्युंजय जी ने




हरी झड़ी दिखाकर वॉकथॉन रैली को रवाना किया। यह रैली अंचल कार्यालय परिसर से इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान चौराहे तक विभिन्न उर्जा युक्त स्लोगन को कहते हुए निकाली गयी। इस पद यात्रा में अंचल प्रमुख श्री मृत्युंजय के नेतृत्व में मंडल कार्यालय लखनऊ, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र 1, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र 2 और आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय ने प्रतिभागिता की।

उक्त मौके पर आंचलिक लेखा परीक्षा प्रमुख कमल भवनानी, मंडल प्रमुख लखनऊ श्री राज कुमार सिंह, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र 1 प्रिंसिपल श्री रमेश कुमार तनेजा, स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र 2 प्रिंसिपल श्री अनुज वर्मा, विजिलेंस अधिकारी मुख्य प्रबंधक श्री एस.यू खान, उप अंचल प्रमुख श्री अनुपम शर्मा और कार्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# शिकायती पत्रों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में

**कसया तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन**

शनिवार को तहसील कसया के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसके उपरांत गेट पर खड़े प्रियेश गौड़ के परिवार के सदस्यों प्रीति, प्रियंका एवं संध्या गौड़ के जाति प्रमाण पत्र न बनने की समस्या को सुनते हुए उसे तत्काल जांच कर जाति प्रमाण निर्गत करने हेतु उपजिलाधिकारी कसया को निर्देशित करते हुए निस्तारित किया गया। उसके बाद सभागार में फरियादियों की समस्याओं को बारी -बारी से सुना। समाधान दिवस में एक प्रार्थना पत्र ग्राम सभा रहसू जनोवीपट्टी में स्ट्रीट लाइट लगाने में बरती गई लापरवाही के संबंध में शिकायत की गई तथा तथा पौहाडी गुप्त निवासी सुमही बुजुर्ग विकासखंड फाजिलनगर के द्वारा ग्राम सभा में शौचालय पर ताला लटके रहने की शिकायत की गई। उक्त दोनों प्रकरणों हेतु जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा चकबंदी विभाग से आए हुए प्रार्थना पत्रों के संबंध में उप जिलाधिकारी न्यायिक कसया अनिल कुमार यादव तथा बंदोबस्त अधिकारी व नायब तहसीलदार को संयुक्त रूप से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस के प्रार्थना पत्रों को ग्राम पंचायतों में जाकर प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते निस्तारण करें तथा ऐसे मामले जिनके निस्तारण में व्यवधान हो उनके सम्बन्ध में अपने उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं, तथा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करें। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही होगी इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।

**पांच का निस्तारण**

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 43 में से 05 को तत्काल निस्तारित कराया गया, पुलिस विभाग के 03, विकास विभाग के 02, प्रार्थना पत्र आए। इस प्रकार कुल 61 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 56 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयंतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

# बेरोजगारों को लूटने की साजिश रच रहा नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में तैनात बाबू

मनव्वर रिज़वी



**सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पटाखा दुकानदारों से अवैध वसूली का लगाया आरोप**

**गोरखपुर।** नियम कानून को ताक पर रख कर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में तैनात ज़िम्मेदार बाबू और तथाकथित ठेकेदार ने मिलकर लाखों का खेल कर दिया है। यहां बिना किसी निविदा या किसी उच्चाधिकारी के आदेश के बिना पूरा कचहरी क्लब ग्राउंड एक तथाकथित ठेकेदार के हवाले कर उसके माध्यम से लाखों रुपये की वसूली का खाका तैयार कर लिया गया।

पिछले कई वर्षों से दुकान लगाने वाले एक दुकानदार ने बताया कि कचहरी क्लब ग्राउंड पर दुकान लगाने का कुल खर्च लगभग 11 हज़ार रुपये आता है लेकिन इस बार ठेकेदार 16 से 20 हज़ार ले रहा है यानी 5 से 9 हज़ार रुपये की अधिक वसूली हो रही है जबकि कुल 72 दुकाने लगनी है। इस प्रकार लाखों का खेल नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय और तथाकथित ठेकेदार द्वारा किये जाने की स्क्रिप्ट तैयार है। वही इसी मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनुराग पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात किया। अनुराग पांडे का आरोप है कि महानगर में दीपावली के मौके पर कई स्थानों पर अस्थाई पटाखे की दुकान लगाई जाती है टाउन हॉल स्थित ग्राउंड पर भी अस्थाई पटाखे की दुकान लगती है लेकिन इस बार तथाकथित ठेकेदार गौरव गुप्ता द्वारा दुकानदारों से 4500 रुपए की जगह 16000 की वसूली की जा रही है उन्होंने कहा कि मनमानी तरीके से 16000 से 20000 की वसूली की जा रही है जिसकी शिकायत आज सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे से की गई है जिसपर उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगर उनसे कोई 4500 से अधिक पैसा कोई वसूली करता है तो उसकी शिकायत करें उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर गौरव गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिए बाधित होगी।

गौरतलब है कि बेरोजगार युवकों द्वारा हर साल दीपावली के मौके पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर तीन दिनों तक अस्थाई पटाखे की दुकान लगाकर अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं ऐसे में इस बार तथाकथित ठेकेदार द्वारा उनसे मनमाना पैसा वसूला जा रहा है इतना ही नहीं दुकानदारों को धमकाया जा रहा है कि जो पैसा नहीं देगा उसका लाइसेंस निरस्त करा दिया जाएगा और वह दुकान नहीं लगा सकेगा। गरीब बेरोजगार लोगों कर्ज लेकर तीन दिन की दुकान लगते हैं इसके एवज़ में तथाकथित ठेकेदार द्वारा किसी से 16000 तो किसी से 20000 की वसूली कर रहा है। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के कर्मचारी भी संलिप्त है। नाराज दुकानदारों ने आज सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौप कर तथाकथित ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय आसान होगी: विजयलक्ष्मी



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोटर चेतना महाअभियान के तहत विधानसभा सलेमपुर के चोरडिया गांव में बूथ संख्या 322, 323 में विशेष मतदाता अभियान का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के नेतृत्व में मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े इस विशेष अभियान में नए वोटर जोड़ने और फर्जी वोटर हटवाने के लिए बूथों का भ्रमण किया गया। राज्यमंत्री पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ अध्यक्षो से सम्पर्क किया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र युवा वोट देने से न वंचित हो। पार्टी के अनुशासित व समर्पित कार्यकर्ताओं को सतत संपर्क व संवाद की भाजपा परंपरा के साथ फिर एक बार घर-घर दस्तक दे रहे हैं। महाअभियान में पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रत्येक जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में विजय आसान होगी। उक्त अवसर पर बृजेश धर दूबे, रामेश्वर सिंह, अजय दूबे वत्स, कमलेश तिवारी, अरुण सिंह, विष्णुकांत तिवारी, राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत शामपुर में ग्राम चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में आज सलेमपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत शामपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का सत्यापन भी करना है। प्रशासन लोगों के द्वार पर पहुंचकर जन समस्याओं का निराकरण कर रही है।

उन्होंने ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि गांव के जो लोग अंत्योदय राशन कार्ड का उपयोग नहीं करते या किसी परिवार में मृत्यु हो गई हो अथवा किसी की शादी अंयत्र हो गई हो, वे ऐसे लोगों की यूनिट हटवा लें, जिससे जरूरतमंद लोगों का अंत्योदय कार्ड बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से खेती के तौर तरीके में बदलाव करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा की खेती उद्यमिता है फसल विविधीकरण कारण समय की मांग है श्रीअन्न जैसे ज्वार, बाजरा, रागी इत्यादि की खेती भी की जाए। कृषि से जुड़े सहायक गतिविधियों जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन, एग्रो फॉरेस्ट्री, मशरूम उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों से ट्रेंच और रिंग पीट विधि से गन्ना की खेती करने पर जोर दिया। ग्राम चौपाल के दौरान 14 ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, इसके संबंध में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्राम पंचायत शामपुर की कुल आबादी 7675 है। गांव में वृद्धावस्था पेंशन पाने वाले 64, विधवा पेंशन के 66, दिव्यांग पेंशन के 15 और उज्जवला गैस कनेक्शन के 80 लाभार्थी हैं। ग्राम चौपाल के दौरान विभिन्न अधिकारियों ने अपनी-अपनी विभागीय योजना के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया। जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह यादव ने लीची की बागवानी, केले की खेती और ड्रैगन फरूट के विषय में जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बकरी पालन के संबंध में ग्रामीणों को बताया। डीएसओ संजय पांडेय ने फोर्टीफाइड चावल के महत्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। ग्राम चौपाल के दौरान एसडीएम श्याम मणि त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, पीडी अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, बीडीओ आनंद प्रकाश सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## मिशन वात्सल्य मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मिशन वात्सल्य मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को यशोदा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अमेठी महिला स्वैच्छिक सेवा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सेवा योजन अधिकारी अनुपमा रानी व विशिष्ट अतिथि सिविल कोर्ट सुलतानपुर के वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता रवि शुक्ल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे नारी की सुरक्षा कैसे हो कहा की महिलाओं की सुरक्षा में पुरुष की सहभागिता आवश्यक है। आज महिलाये आगे बढ़ रही है। विद्यालय की छात्राओं को भी सुरक्षित रहने व पठन पाठन में विशेष रुचि रखने के लिये बताया। विशिष्ट अतिथि रवि शुक्ल ने कहा कि आज समाज बहुत आगे बढ़ रहा है। जिसमे महिलाओं का बहुत बड़ा सहयोग है। महिला स्वावलम्बन होना चाहिये।आज मातृशक्ति नारी सुरक्षा हेतु मिशन चलाया जा रहा है जिसका नाम भी समाज को मिला है। भगवान राम ने आदि काल मे ही नारी सुरक्षा का प्रमाण समाज मे दिया था। आज समाज मे बहुत ही कुरीतियां चल रही है मगर महिलाओं को भय नही होना चाहिये। इसका डटकर सामना करना चाहिये।कार्यक्रम को प्रतिमा तिवारी गिरिजा शंकर शुक्ल एडवोकेट सुरभि मिश्र रेनू आदि ने भी सम्बोधित किया। समिति की सचिव नीरज पाण्डेय ने आये हुये अतिथियो का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजी तिवारी ने आभार प्रकट किया। इस मौके बार एसोशिएशन अमेठी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह प्रिया तिवारी सरिता भालोटिया डा नीतू पाण्डेय नरेंद्र पाठक नीलांशु पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यापक, तथा विद्यालय के छात्र-छात्राये सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ओपी राजभर पूरे देश में शोषित व वंचितों के आवाज बने: पतिराम

अवधनामा संवाददाता



**सुभासपा अध्यक्ष 2027 में प्रदेश के बनेंगे मुख्यमंत्री: रामानन्द बौद्ध**

**सुकरौली बाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मठसूरजगिर के राजभर टोले पर नगर पंचायत सुकरौली एवं ग्राम बंचरा में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी एवं कुशीनगर लोकसभा चुनाव के प्रभारी पतिराम राजभर ने कहा कि राजभर समाज के लोग शिक्षित एवं संगठित होकर अपने राजभर समाज सहित सर्व समाज के शोषित वंचितों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाकर अपने हक और हकुक की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती प्रदान करे।

आज हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व कैविनेट मत्री ओम प्रकाश राजभर जी, दलित, अति दलित, पिछड़े समाज के साथ शोषित बंचितो के आवाज बने है। पूरे प्रदेश मे सुभासपा बहुत ही तेजी से आगे बढ़ रही है। बैठक को सम्बोधित करते सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, गोरखपुर मण्डल के को-आर्डिनेटर रामकोला के पूर्व विधायक रामानन्द बौद्ध ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर जी, आने वाले 2027 मे अगर आप सभी सहयोग मजबूती के साथ रहा तो निश्चित रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेगे, तभी सर्वसमाज के लोगो का समग्र विकास होगा। उक्त अवसर पर, बैठक में सुकरौली के पूर्व ग्राम प्रधान राजभर अशोक कुमार, सुभासपा गोरखपुर मण्डल के प्रभारी ध्रुपदेव राजभर, प्रदेश सचिव बलराम कन्नौजिया, विधान सभा अध्यक्ष हाटा बाकेलाल राजभर, जिला उपाध्यक्ष श्रीकिशुन राजभर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष बाके लाल राजभर ने किया।

# गौरीबाजार सीएचसी पर शुरू हुई नेत्र सर्जरी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गौरी बाजार ब्लाक के लोगों सहित आसपास नेत्र रोग रोगियों के लिए अच्छी खबर है। इलाज के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गौरीबाजार में सहज रूप से आँखों की सर्जरी करा सकेंगे। शनिवार को सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी फीता काटकर सर्जरी की सुविधा का शुभारम्भ किया। पहले दिन चार मरीजों के के आखों की सर्जरी की गई। इसके साथ ही छह सीएचओ को लैपटाप का वितरण किया गया। इस मौके पर शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि सीएचसी पर डॉ इक़बाल अहमद खान की तैनाती के बाद ओपीडी में आने वाले रोगियों को काफी सहूलियत होगी। रोगियों को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने की दिशा में कदम उठाया गया है। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि सीएचसी में नेत्र ओपीडी में नेत्र विशेषज्ञ का पद खाली पड़ा था। नेत्र विशेषज्ञ के पदस्थापित नहीं रहने से ओपीडी में आने वाले नेत्र रोगियों को इन दिनों अपनी बीमारियों का इलाज कराने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सीएमओ ने बताया कि पहले दिन डॉ इक़बाल अहमद खान ने बासंती देवी, किताबी देवी, चम्पा देवी और बलवंति देवी के मोतियाबिंद की सर्जरी की। इस अवसर पर एमओआईसी डॉ. बीएनगिरी, वर्षा सिंह सहित सीएचसी की स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# सास, बहू व बेटा सम्मेलन में बताए गए सीमित परिवार के फायदे

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के हरपुर बरवा स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर पर शनिवार को सास, बहू, बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सीमित परिवार के फायदे बताए गए।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने

**सम्मेलन में दी गई जानकारी**

सास-बहू बेटा सम्मेलन में सीमित परिवार का लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे के बीच कम से कम 3 वर्ष का अंतर, परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधन की पूर्ण जानकारी दी गई।



सास, बहू, बेटा सम्मेलन को संबोधित करते डॉ संजय

कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी ज्यादा आवश्यक है। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। अधिकांश जिम्मेदारी महिलाओं पर निर्भर होता है। सरकार की मंशा है कि परिवार की जिम्मेदारी में पुरुषों की भागीदारी हो। पुरुषों को परिवार नियोजन के इस कार्यक्रम को अपनाने के लिए आगे आना होगा। पुरुषों के सहयोग के बिना परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया, सर्जन डॉ. सूर्यभान कुशवाहा, राकेश कुमार मद्धेशिया, प्रधान वीरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, किरण कुशवाहा, प्रियंका चतुर्वेदी, सुनीता देवी, आशा संगिनी सरोज देवी के साथ सभी आशा और आगनवाड़ी उपस्थिति रही।

## डीएम ने किया उद्घाटन

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज सलेमपुर ब्लॉक के शामपुर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत साढ़े नौ लाख रुपये की लागत से निर्मित अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आरआरसी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनने से विभिन्न प्रकार के कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक विधि से संभव होगा। इस केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कचरा, प्लास्टिक कचरा, गीला एवं सूखा कचरा सहित विभिन्न प्रकार के धातुगत कचरे का संग्रहण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वह अपने घर से निकलने वाले विभिन्न प्रकार के कचरा अलग करके उक्त केंद्र पर पहुंचाए। इससे ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर एसडीएम श्याम मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, डीपीओ कृष्णकांत राय, ग्राम प्रधान मोहम्मद शफीउल्लाह खान सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

# पटाखों का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर हुई संगोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार को पटाखों का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो पीके श्रीवास्तव ने पटाखों के दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि हरित पटाखों के उपयोग आज की जरूरत हैं।अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ आदित्य बहादुर सिंह ने किया। विषय परिवर्तन करते हुए डॉ अनूप सिंह ने पटाखों में रसायन की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण वैश्विक मानदंडों से सौ गुना अधिक बढ़ चुका है। डॉ विजय सिंह ने पटाखों से उत्सर्जित गैसों का जीवन पर प्रभाव विषय पर प्रकाश डाला। डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह डॉ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह डॉ चंद्रशेखर सिंह डॉ अनुराग त्रिपाठी व अन्य प्राध्यापकों ने अपने अपने विचार प्रकट किए। डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने पटाखों के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक किया। संगोष्ठी में एम एस सी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान के छात्र-छात्राओं द्वारा संगोष्ठी में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# ज्योति इंटर कॉलेज कर रहा है छात्रों का बहुमुखी विकास: डॉ धर्मेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार को नाहरपुर ज्योति इंटर कॉलेज में स्थित आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और टैली प्वाइंट कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ धर्मेंद्र सिंह ने किया।

इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा बेहतर भविष्य के साथ साथ उनके अन्दर छुपी बुद्धि का विकास ज्योति इंटर कॉलेज बाखूबी कर रहा है। बच्चों की शिक्षा के मामले में आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह इस संस्थान से जुड़कर अपनी बुद्धि को उन्नति पर ले जाकर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते है। अपने सम्बोधन में उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कोइ कार्य न करे जिससे मां बाप की आंखों में आसू आए। उन्होंने बच्चों को सफलता के लिए चार सूत्र देशभक्ति, कर्मठता, संवेदनशीलता एवम समय प्रबंधन भी बताया। डा सिंह ने टैली प्वाइंट गोरखपुर और ज्योती इंटर कालेज के संयुक्त प्रयास से स्थापित अत्याधुनिक कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन करके निदेशक गिरजेश मिश्र से कोर्स और आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा की जानकारी भी ली। इस दौरान वह प्रत्येक कोर्स की रोजगार गारंटी की बात सुनकर काफी प्रभावित भी हुए। इस अवसर पर स्काउट और गाइड के जिला सचिव राजेश चौधरी और मुख्य प्रशिक्षिका एवम गाइड की कमिश्नर ने बच्चों को विविध रूप से स्काउट और गाइड के लिए प्रशिक्षित भी किया। विद्यालय के प्रबंधक एवं जिला पिछड़ा मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री अजय प्रकाश यादव और प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि को फूल माला एवं स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक और उप्र सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के सभापति संतराज यादव, जिला मंत्री रामानंद यादव, मंडल अध्यक्ष दयाशकर मिश्र एवं रणविजय पाठक की गरिमामई उपस्थिति रही।

# गो आश्रय स्थल महमूदपुर का डीएम ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शनिवार को तहसील अमेठी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत अस्थाई गो आश्रय स्थल महमूदपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोवंशों को भूसे के स्थान पर पराली खिलाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए केयरटेकर को कड़ी फटकार लगाई एवं पंचायत सचिव संजय कुमार ग्राम प्रधान मिनाक्षी देवी एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अंजनी यादव से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए एवं तत्काल पराली हटाकर गोवंशों को भूसा खिलाने को कहा साथ ही प्रति गोवंश प्रतिदिन 1 किलो पशु आहार खिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर को बराबर कर उसकी साफ सफाई कराने एवं वृक्षारोपण करने के निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारी को दिए। सहभागिता योजना अंतर्गत दुधारू गायों को पशुपालकों को उपलब्ध कराने को कहा साथ ही बताया कि सहभागिता योजना अंतर्गत पूर्व में दिए जा रहे प्रतिदिन 30 रूपये को बढ़ाकर शासन द्वारा अब प्रतिदिन 50 रूपये कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने रात में भी गौशाला में केयरटेकर को रुकने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं के नियमित देखभाल एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए।

# हनुमान जयंती पर बिजेथुआ धाम पर होंगे वृहद कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



9, 10, 11 नवंबर को बिजेथुआ महावीरन धाम पर होगी राम कथा, भजन संध्या, हजारों श्रद्धालुओं का होगा जमावड़ा

**सुल्तानपुर, कादीपुर।** तहसील क्षेत्र के सूरापुर के पास स्थित बिजेथुआ महाबीरन धाम पर राम भक्त हनुमान जी की जयंती पर 9, 10, 11 नंबर बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।नगर के अवंतिका फूड मॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कादीपुर से भाजपा विधायक राजेश गौतम व विवेक तिवारी ने बतया कि हनुमान जयंती के पावन पर्व पर 9 नवंबर को पद्म विभूषण जगदुरु रामभद्राचार्य जी द्वारा राम कथा सायंकाल 2 बजे से 6 बजे तक की जायेगी।पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।10 नवंबर को साध्वी विंदेश्वरी देवी जी द्वारा हनुमान कथा दोपहर बाद 2 बजे से तथा पद्मश्री कैलाश खेर की भजन संध्या सायं 7 बजे से 10.30 तक होगी। शनिवार 11 नवंबर को साध्वी डा0विंदेश्वरी देवी जी 2 बजे से 6 बजे तक हनुमान कथा, सुरेश शुक्ला की भजन संध्या 6 बजे से 7.30 तक तथा पद्मश्री अनूप जलोटा की भजन संध्या 7.30 से रात्रि 10.30 तक होगी। कादीपुर विधायक राजेश गौतम व कार्यक्रम के संयोजक विवेक तिवारी ने बताया कि विवेक जी के पिताजी एडवोकेट राम मिलन तिवारी जी ने उक्त कार्यक्रम की शुरुआत 1983 में हनुमान जयंती के अवसर पर की थी।तभी से ये कार्यक्रम निर्बाध रूप से होता चला आ रहा है। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जनपद वासियों का आह्वान किया है।

# सेवाप्रदाताओं को रोज़गार के अवसर प्रदान कर रहा है सेवामित्र पोर्टल

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सेवाप्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर) और यूजर/कस्टमर/क्लाइन्ट (उपभोक्ता) को एक प्लेटफार्म पर लाना है ताकि यूजर/क्लाइन्ट को अपने रोजमर्रा सम्बन्धी कार्यों यथा पेन्टिंग, फिटिंग, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, एसी रिपेयर, टीवी मैकैनिक, पैथालॉजी जैसे 27 प्रकार की पूर्व संचालित सेवाओं के अतिरिक्त प्रोजेक्ट वर्क बेस सेवाएं यथा टैक्सी सर्विसेज, हाउस कान्स्ट्रक्शन, कैटरिंग सर्विसेज, आर्किटेक्ट/इन्टीरियर डिजाइनिंग सर्विसेज और टेन्ट सर्विसेज आदि सेवाएं भी प्रारम्भ की जा रही हैं। सेवा प्रदाताओं का वृहद डाटाबेस सेवामित्र पोर्टल पर उपलब्ध रहने से सेवाप्रदाता को भी पोर्टल के माध्यम से नियमित रूप से उपभोक्ता द्वारा सृजित मांग के अनुरूप कार्य मिलता रहेंगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे सेवाप्रदाता जिनके द्वारा आमजनमानस को उनके द्वार पर ही सेवायें उपलब्ध करायी जा रही हैं, अपने फर्म/सेवा से सम्बन्धित अभिलेख किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में उपलब्ध करा सकते हैं। जिससे कि सम्बन्धित सेवाप्रदाताओं को पोर्टल पर सूचीबद्ध कर पंजीकरण की कार्यवाही की जा सके। श्री कुमार ने बताया कि इच्छुक सेवाप्रदाता विभागीय पोर्टल सेवामित्रा डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर स्वयं भी सेवाप्रदाता/सेवामित्र के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति विभागीय टोल फ्री नम्बर 155330 पर सम्पर्क कर उपलब्ध सेवाएं बुक का सकते हैं।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, बांटे गए पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता




**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सेंट जॉन्स कांवेंट स्कूल गनापुर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने खिलाड़ियों से उनका परिचय लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है। इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है। इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। कहा,किताबी ज्ञान के साथ ही छात्रों को खेलकूद आदि अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए।तीन दिवसीय आयोजन में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रिले रेस, खो-खो, लॉन्ग जंप, कबड्डी, बैडमिंटन, फुटबॉल, लंबीकूद, ऊँचीकूद, ऊँची कूद, बॉलीबाल आदि खेलों की रोमांचकारी प्रतियोगिताएं हुई। फाइनल खेल में बेथल हाउस ने 585 अंक हासिल कर चैंपियन ट्रॉफी का।खिताब अपने नाम कर प्रथम स्थान से विजयी हुई। वही रिको हाउस टीम ने 540 अंक हासिल कर बनाकर उपविजेता बनी। इस मौके पर प्रबंधक व प्रिंसिपल शिवम श्रीवास्तव, डॉ जहीर खान, पंकज श्रीवास्तव, ज्योति दूबे, विनोद कुमार त्रिपाठी, प्रांजलि पाठक, विकास शुक्ला, अरुण तिवारी, प्रज्ञा शुक्ला, कृष्ण मौर्य, अरमान, अरुण श्रीवास्तव, योगेश पांडे, शिवम् सिंह, प्रिया यादव, उमेश तिवारी, अर्चना पाठक, मन्तशा, रेखा श्रीवास्तव, साधना तिवारी, बृजेश गिरी, गुलिस्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रान्तीय कन्या कौशल शिविर के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आज

**सुल्तानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 13 से 17 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे कन्या कौशल शिविर का भूमिपूजन समारोह आज रविवार को गोमती कृपा मांगलिक लॉन गनपत सहाय स्कूल पायगीपुर में सम्पन्न होगा।इस भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश से पहुच रहे है।जिला समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह ने बताया की आगामी कन्या कौशल शिविर में करीब 5000 कन्याए प्रतिभाग करेंगी।जहाँ उन्हें, संस्कृति, आत्म रक्षा, स्वालंबन , स्वास्थय आदि विषयो पर प्रशिक्षित किया जाएगा। गायत्री परिवार द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार यह शिविर सम्पन्न होने जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में गायत्री परिवार ने सभी को आने के लिए आवाहन किया गया।

### सवारी ढोने वाली बस हो या डम्फर, नम्बर प्लेट का नही पता



**सुल्तानपुर ।** 2 दिन पूर्व बुजुर्ग की मौत के मामले में पकड़ी गई हत्यारी बस का जिस तरह कोई वैध कागज पूरा नहीं था।ठीक उसी प्रकार सिस्टम की शर्तो को पूरा करने वाले कई वाहन भी रोक-टोक दिन-रात चल रहे हैं । आज नगर कोतवाली पुलिस ने खनन की मिट्टी लदी जिस डंफ़र को पकड़ा उसका नंबर प्लेट गायब था। ऐसे में भगवान न करें की हत्यारी बस की तरह ऐसे तमाम डम्फर किसी राहगीर की जान ले लेता तो चंद रोज के लिए यह खबर हवा में तैरती और सब कुछ पुराने ढर्रे पर फिर हो जाता। कहना अतिश्योक्ति नही होगा कि यह फोटो पूरे सिस्टम की चुगली कर रहा है ।यह बात सोलह आने सच है कि एक ÷संविदा चालक÷ है जो गठजोड़ का सेतु बना है।आम नागरिकों का कहना है की बाइक में मामूली सी कमी होती है तो पुलिस ऑनलाइन लंबे चौड़े चालान कर देती लेकिन सिस्टम में आने वाले वाहनों का ज्यादातर तीन अंको में चालान हो जाता है ।

### कल हुआ उद्घाटन, आज पार्किंग स्थल में बदला बेंडिंग जोन



**सुल्तानपुर।** दो दिन पहले सांसद मेनका संजय गांधी ने जिस बेडिंग जोन का लोकार्पण किया था।उस दौरान विकास कार्यो व फुटपाथ दुकानदारों के हित को लेकर जनप्रतिनिधि एमएलए विनोद सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व विकास महकमे के बड़े साहब सीडीओ, पीडी केके पांडेय, ईओ समेत अन्य अफसर कसीदे पढ़ रहे थे।इस बेहतर व्यवस्था पर खूब तालियां बज रही थी।कही गंदगी न दिखे परदे लगा छिपा दिए थे, बड़े प्रयास के बाद कुछ दुकानें लगी भी थी।लेकिन उसके बाद से यह बेडिंग जोन पार्किंग के रूप में तब्दील हो गया है एक भी दुकानें नही है।जबकि महकमे की माने तो करीब डेढ़ सौ दुकानें नियमानुसार आबंटित हो चुकी है।इस बेडिंग जोन में कुल तीन सौ दुकानें आबंटित होनी है।पता तो यहां तक चला है कि जो दुकान दार यहां पंजीकृत है वे अन्य जगहों पर दुकानदारी करते है। फिलहाल सांसद जी को भले ही खुश कर वाहवाही लूटी गई है।लेकिन सच तो यह है कि दुकानें एक भी बेडिंग जोन में नही है।

### कार्यदायी संस्था के विरूद्ध दर्ज हुई एफ.आई.आर.

**बहराइच।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला सलारगंज में निकट पुलिस चौकी वन स्टाप सेन्टर भवन के निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था उ.प्र. सहकारी विधायन एवं शीतगृह संघ लित्र (पैक्सफेड) प्रखण्ड देवीपाटन मण्डल, बहराइच द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कर 15 जनवरी 2022 तक प्रशासकीय विभाग को हस्तगत कराया जाना था। प्रशासकीय विभाग व जिलाधिकारी द्वारा अनेकों बार लिखित व मौखिक निर्देश दिये जाने के बावजूद कार्यदायी संस्था द्वारा वन स्टाप सेन्टर (भवन) का फिनिशिंग कार्य पूर्ण कर समय से हस्थगित न कराएं जाने के कारण जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर थाना दरगाह शरीफ बहराइच में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था उ.प्र. सहकारी विधायन एवं शीतगृह संघ लि. (पैक्सफेड) प्रखण्ड देवीपाटन मण्डल, बहराइच के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के साथ-साथ कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में जनता दर्शन का आयोजन

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आये हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में जन सामान्य से प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके।

# रोल प्रेक्षक आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

पुनरीक्षण कार्य की ज़मीनी हकीकत का लिया जायज़ा



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम विशेष अभियान तिथि के अवसर पर संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से रोल प्रेक्षक आयुक्त देवीपाटन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 288-पयागपुर के मतदान केन्द्र संविलियन विद्यालय कंछर व झाला तरहर तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 286-बहराइच के मतदान केन्द्र महिला महाविद्यालय व महाराज सिंह इण्टर कालेज का निरीक्षण कर विशेष अभियान तिथि के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बूथों पर बी.एल.ओ. व सम्बन्धित स्टाफ उपस्थित पाये गये।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान रोल प्रेक्षक/आयुक्त देवीपाटन मण्डल श्री मिश्र द्वारा बूथ लेविल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बूथ पर प्राप्त होने वाले प्रपत्रों के सापेक्ष सम्बन्धित को प्राप्ति रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय। आयुक्त ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी बूथों पर इस व्यवस्था का अनुपालन भी सुनिश्चित करायें। आयुक्त ने बूथ लेबिल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा आवश्यकतानुसार इस कार्य के लिए गॉव का भ्रमण भी किया जाय।

आयुक्त श्री मिश्र ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बूथ पर आने वालों को मतदाता पंजीकरण के लिए आयोग द्वारा अनुमन्य आनलाइन व ऑफलाइन व्यवस्था के बारे में भी बताया जाय, ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी सुविधानुसार मतदाता सूची में पंजीकरण, डिलीशन तथा संशोधन की कार्यवाही कर सकें। बूथों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर प्रपत्रों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश तथा भवन की स्थिति आदि का भी जायज़ा लिया तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा व पयागपुर के दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, तहसीलदार सदर सभाराज पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी का वोटर चेतना महाअभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी का वोटर चेतना महाअभियान जोर शोर से शुरू किया। वोटर चेतना महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने मोहल्ला चौबयाना, रावरपुरा में एवं बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने बजरिया एवं बड़ापुरा यह अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी ललितपुर में वोटर चेतना महाअभियान के तहत जिला अध्यक्ष भाजपा राजकुमार जी जैन के नेतृत्व में और डॉ दीपक चौबे क्षेत्रिय सहसंजोयक चिकित्सा के साथ चौबेयाना राबरपुरा भाग संख्या बूथ 387, 388 ,389 ,390 ,391 ,392 ,393 पर जाकर फार्म संख्या 6 भरकर वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष ने आवाहन किया है कि प्रत्येक परिवार के सदस्य जहां आप वोट डालने जाते हैं उसे बूथ पर जाकर अपने परिवार की सदस्यों के नाम लिस्ट में है कि नहीं है देखकर नाम बड़बाने का कार्य कार्य करें और इसमें शासन की ओर से बी एल ओ और भारतीय जनता पार्टी के बूथ टीम का सहयोग ले जिससे कि लोकतंत्र के उत्सव में आप सब 18 साल से ऊपर के नवीन मतदाता प्रथम बार अपने मत का वोट विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को वोट करे और साथ ही साथ जो व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने के लिए फार्म संख्या 7 का प्रयोग करे।

# तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



जिलाधिकारी ने शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये गए निर्देश

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस सम्बंधित नोडल अधिकारियों ने तहसीलों में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जन शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगी, सम्बंधित अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर गंभीरतापूर्वक निस्तारण करायें, यदि निस्तारण में देरी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बंधित अधिकारी की होगी। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 15, पुलिस के 05, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 21 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 166 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 66, विकास विभाग के 27, पुलिस विभाग के 19, पूर्ति के 21, विद्युत के 16, सिंचाई के 04, कृषि के 04 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 16, पुलिस विभाग के 17, विकास के 03, पूर्ति के 17, चकबंदी के 08, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य 10 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 100 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 56, विकास विभाग के 05, पुलिस के 12, पूर्ति के 04, विद्युत के 09 तथा अन्य विभागों के 14 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 16 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 16, चकबंदी के 10, पुलिस के 04, विद्युत के 02 तथा एलडीएम का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# आईजीआरएस में जनशिकायत निस्तारण में ललितपुर पुलिस टॉप

प्रदेश में समस्त थानों की रैंकिंग में भी जनपद के 11 थानों को मिला प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में आनलाइन शिकायत पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को माह अक्टूबर- 2023 की प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के 75 जिलों में जनपद ललितपुर को शत प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ललितपुर पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल. जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 11थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी कर्मियों को बधाई दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय आईजीआरएस सेल व थानों पर गठित टीम तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थानों के उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रथम रैंक प्राप्त थानों में थाना गिरार, थाना पूराकला, थाना मदनपुर, बालाबेहट, महिला थाना, थाना पाली, थाना बानपुर, थाना मड़ावरा, थाना सौजना, थाना महरौनी, थाना तालबेहट शामिल हैं। जनपदीय आईजीआरएस सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उ.नि. सियाराम वर्मा, आरक्षी दीपक कुमार, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, म.आ. सोनम गोयल, आरक्षी गौरव शर्मा का विशेष योगदान रहा।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14511-SLR-F2-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14217-SLR-F2-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14217-SLR-F1-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2023 at 13:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूराविवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3442/2023


# नोडल अधिकारी मनीष शुक्ला ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम विशेष अभियान तिथि के अवसर पर संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिले के लिए नामित नोडल अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव मनीष शुक्ला द्वारा जनपद बहराइच के 288 विधानसभा निर्वाचन कैसरगंज के भाग संख्या 200 से 203, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कैसरगंज, मतदान केन्द्र 266 पूर्व माध्यमिक विद्यालय पवही के भाग संख्या 253 से 258 तक तथा मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी भाग संख्याओं के बूथ लेबिल आफीसर एवं सुपरवाइजर अपने-अपने बूथों पर उपस्थित मिले। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री शुक्ला ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 05, 25 व 26 नवम्बर तथा 02 व 03 दिसम्बर 2023 विशेष अभियान तिथियों में जनपद के बूथ लेवल आफिसर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का लाभ उठाते हुए अपने नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं।

## हर वोट है जरूरी, मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने का आह्वान

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबधित जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है। दावे और आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर तक निर्धारित है। इस अवधि में 04 व 05 नवम्बर, 25 व 26 नवम्बर, तथा 02 व 03 दिसम्बर, को विशेष अभियान तिथियां भी निर्धारित हैं। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान विशेष अभियान तिथियों पर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निबन्ध लेखन, मानव श्रृंखला, मानव श्रृंखला से आकृति निर्माण, मतदान केन्द्रों को सजाने की प्रतियोगिता आदि प्रतियोगितायें का आयोजन हुआ।

# धान क्रय केन्द्र खुटेहना का आयुक्त ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ धान खरीद कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से आयुक्त देवीपाटन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र ने क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र खुटेहना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्रय केन्द्र परिसर की साफ-सफाई, किसानों और उनके मवेशियों के लिए छाव, पेयजल, बैठने, बैनर, रेट लिस्ट सहित अन्य व्यवस्था का जायज़ा लेते हुए क्रय केन्द्र प्रभारी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी विजय कुमार यादव से धान खरीद के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी श्री यादव ने आयुक्त को बताया कि अब तक 12 कुण्टल धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार से धान की आवक में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। धान खरीद हेतु क्रय केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हैं। आयुक्त ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों को पराली को जलाने के बजाय उसका बेहतर एवं वैज्ञानिक विधि से प्रबन्धन करने हेतु जागरूक किया जाय। आयुक्त श्री मिश्र ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर शासन की मंशानुरूप धान क्रय सुनिश्चित कराएं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**लक्ष्य के सापेक्ष पात्र जोड़ों के चयन में धीमी प्रगति पर डीएम ने मौदहा व सुमेरपुर बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र जोड़ो के चयन हेतु खंड विकास अधिकारियों को दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति पर मौदहा व सुमेरपुर बीडीओ से जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने की निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को पात्र जोड़ों के चयन हेतु जो लक्ष्य दिया गया है उसको 10 नवंबर तक पूर्ण कर लिया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने वार्डो एवं ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कर पात्र जोड़ों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि सामुहिक विवाह भव्यता के साथ आयोजित किया जाय ,इनमें मा0 जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय ,इसके लिए सभी तैयारी कर लें।

उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की शिथिलता/ लापरवाही न बरती जाए। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 51000 की सहायता राशि का प्रावधान है, जिसमें से 35000 लड़की के खाते में तथा 10000 के सामान जिसमें कपड़ा ,बिछिया ,पायल बर्तन दिया जाता है तथा रु0 6000 का कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रावधान होता है। उन्होंने कहा कि पात्र जोड़ों के चयन में प्रधानों , गणमान्य व्यक्तियों सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। ज्ञात हो कि जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 25 अथवा 27 नवंबर 2023 को मुख्यालय के कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा राठ स्थित बीएनवी इंटर कॉलेज में आयोजित होंगे । दोनों स्थानों को मिलाकर 500 जोड़ो के सामुहिक विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पात्र जोड़ो के चयन हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को लक्ष्य दिया गया है। इस दौरान सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला,डीडीओ अजीत श्रीवास्तव ,उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक, समस्त बीडीओ, समस्त ईओ नगर पालिका/ नगर पंचायत ,समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# कल्प हमीर महोत्सव कार्यक्रम बनाने के संबंध में समिति की बैठक



**अवधनामा ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जनपद की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष भर चलने वाले कल्प हमीर महोत्सव के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम के आयोजन एवं स्मारिका प्रकाशन हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयोजन हेतु आयोजन समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कल्प हमीर महोत्सव जनपद के इतिहास एवं गौरव से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पूरी भव्यता से किया जाए। इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम को आयोजित किए जाने हेतु एक अच्छी रूपरेखा बना लिया जाए उसके अनुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दायित्व तय किए जाएं ताकि यह कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड के कलाकारो के माध्यम से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कहा कि मुख्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु जनपद के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण तिथि को देखकर उसी तिथि में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें हमीरपुर की संस्कृति एवं सभ्यता का भी प्रदर्शन होगा।

# भरत-मिलाप जुलूस में निकला अपार जन-समूह



**अवधनामा ब्यूरो**

**मौदहा हमीरपुर।** दशहरा पर्व के बाद राम भरत मिलाप को लेकर निकाले गए जुलूस में अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा, जबकि जुलूस में उमडने़ वाली भीड़ को देखते हुए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और सड़क को बैरीकेडिंग कर रूट डायवर्ट किया गया था। शनिवार शाम कस्बे के गुड़ाही बाजार से भरत मिलाप का जुलूस निकाला गया जो नेशनल चौराहा, थाना चौराहा, मलीकुआं चौराहा, तहसील गेट, बंशनाला, बड़ीदेवी मंदिर से मराठीपुरा होते हुए थाना चौराहा स्थित रामलीला मैदान में राम भरत मिलाप के साथ सम्पन्न हुआ।जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अलावा लक्ष्मण, हनुमान सहित राम से जुड़े अन्य भगवान और महापुरुषों की आकर्षण झाकियां सजाई गई थी और डीजे की धुन पर भक्त थिरकते हुए चल रहे थे।भरत मिलाप जुलूस में उमडने़ वाली भीड़ को देखते हुए कोतवाली सहित आसपास के थानो की भारी पुलिस बल तैनात की गई थी और कस्बे के मुख्य मार्ग मलीकुआं चौराहे से स्टेशन की ओर जाने वाले वाहनों को रूट डायवर्ट कर रहमानिया कालेज के रास्ते से निकलने की व्यवस्था की गई थी।जबकि कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी विवेक यादव और एसडीएम राजेश कुमार स्वयं जुलूस में साथ चलकर हर परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए थे। जबकि भरत मिलाप का कार्यक्रम देरशाम तक चलता रहा। इस दौरान आयोजकों सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# पत्रकार संघ ने जरूरतमंदों को दिया नि:शुल्क निवाला



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय टेंपू स्टैंड पर पत्रकार संघ चोपन की टीम ने हर शनिवार को गरीबों असहाय और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क खिचड़ी खिलाने का संकल्प लिया है। नए कर्म पथ की ओर बढ़ते पत्रकार संघ के इस सराहनीय कदम को क्षेत्रीय लोगों ने जमकर सराहा है। शनिवार को सर्वप्रथम कैलाश मंदिर में विराजमान हनुमानजी को खिचड़ी का भोग लगाया गया तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने लोगों को खिचड़ी वितरण कर इस पुनीत कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से असहाय व गरीब तबके के लोगों को खिचड़ी वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भूखे को निवाला देना किसी पूजा, इबादत या अरदास से कम नही होता है। पत्रकार संघ का यह कार्य पुनीत कार्य है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आयोजक मनोज चौबे ने आए हुए अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी का वितरण टेम्पू स्टैंड के समीप स्थित पत्रकार संघ के कार्यालय पर किया जाएगा। हमलोगों की कोशिश रहेगी कि आगामी सर्दी के मौसम में भी जो लोग असहाय गरीब एवं दुखिया हैं उन तक भोजन जरूर पहुंचे।

# समाधान दिवस में छाया रहा जमीन कब्जे का मामला

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** महीने के पहले शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपनी फरियाद सुनाई जिनमें से सात फरियादियों की समस्या का समाधान कर दिया गया जबकि आधे से अधिक मामले राजस्व विभाग से जुड़े रहे तो दूसरे नम्बर पर पुलिस के विरुद्ध शिकायतों का रहा।

महीने के पहले शनिवार के मौके पर कस्बे की तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम ने की।जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस के चलते फरियादियों की संख्या खासी रही और एक सैकड़ा से अधिक फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें से सात शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गई और शेष शिकायतें गुणवत्ता पूर्ण तरीक़े से निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजी जा रही हैं।समाधान दिवस में आधे से अधिक शिकायतें भू राजस्व और जमीन कब्जे को लेकर दर्ज की गई जबकि दूसरे नम्बर पर पुलिस की कार्यवाही नहीं होने या पुलिसिया कार्यशैली से नाराज लोगों ने अपनी फरियाद सुनाई जिनकी संख्या भी काफी रही।वहीं अन्य विभागों जैसे नमामि गंगे द्वारा खोदी गई सड़क को सही नहीं कराने, अन्ना पशुओं को संरक्षित करने, पेयजल, बिजली, खाद्य सुरक्षा सहित अन्य मामले भी दर्ज किए गए।इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी, थानाध्यक्ष बिंवार निशिकांत राय,थानाध्यक्ष सिसोलर भरत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार दोहरे, उपखंड अधिकारी, जलकल,पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** बीएससी सेकेड सेमेस्टर में बैक लग जाने से परेशान स्नातक छात्रा ने झोपड़ी में लगी बास की बल्ली में दुपटटा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि छात्रा का मोबाइल भी कब्जे में ले लिया गया है। उसकी कॉल डिटेल खगाली जा रही है।

हमीरपुर जिला के गढा गांव निवासी रोशनी ( 17 )पुत्री चुनबाद शहर के कताई मिल के समीप झोपड़ी बना अपनी मां और चाचा के साथ रहती थी। शुक्रवार की शाम उसने भूसे की झोपड़ी में लकड़ी की बल्ली से दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मां वृजरानी ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चाचा शेरबहादुर ने बताया कि वह 2005 से यहां पर रह रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नशेड़ी अध्यापक हुआ बर्खास्त

**हमीरपुर।** कल एक सरकारी अध्यापक का नशे में चूर विडियो सोशल मीडिया से लेकर इलैक्ट्रानिक मिडिया व डिजिटल मिडिया द्वारा इतना वायरल हो हुआ कि उस पर विभागीय कार्रवाई होना लाजमी था। वीडियो में शिक्षक विद्यालय में अपनी कुर्सी पर बैठ कर शराब के नशे में झूमता नजर आ रहा था। स्कूल पहुंचे कुछ अभिभावकों ने शिक्षक को उठाने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं उठा तो लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।धीरेंद्र कुमार जो सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय गहिलामऊ ब्लॉक मुस्करा का वीडियो विद्यालय में शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए जिसका संज्ञान लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी मुस्करा से आख्या मांगी गई जिसमें प्रकरण में सत्यता पाई गई सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया और खंड शिक्षा अधिकारी सरीला को जांच अधिकारी बनाया गया।

### विजलेंस टीम की छापेमारी से कस्बे में हड़कंप



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में इस समय चल रही बिजली विभाग की छापेमारी से कस्बे में हड़कंप मच गया जबकि बिजली विभाग की विजलेंस टीम ने हैदरिया, रहमानिया कालेज के आसपास छापेमारी की। शनिवार दोपहर कस्बे में बिजली विभाग की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की जिससे बिजली बकाएदारों और बिजली चोरों में खासा हड़कंप मचा रहा।कस्बे के मोहल्ला हैदरिया, पीरबाबा और रहमानिया कालेज के आसपास बिजली विभाग की विजलेंस टीम ने छापेमारी की और उपभोक्ताओं के मीटर सहित बिल और लोड चेक किया।जिसके चलते बकाएदारों सहित बिजली चोरों में खासा हड़कंप मचा रहा।बिजली विभाग की विजलेंस टीम के जेई रवींद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत बिजली बकाएदारों के बिल चेक किए जा रहे हैं जबकि उपभोक्ताओं के मीटर चेक कर लोड बढ़ाने का काम भी किया जा रहा है और अभी तक दो दर्जन से अधिक लोगों के मीटर और बिल चेक किए गए हैं।

### किशोरियों को सशक्त करना-गरीब व वंचित शिक्षित करना उद्देश्य



**सोनभद्र/ब्यूरो।** एक्शनएड व यूनिसेफ के सहयोग से संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवंबर को रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहुआर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया ग्राम जिसमे विद्यालय प्रबंधन समिति, बाल संरक्षण समिति, पी आर आई सदस्य उपस्थित हुए प्रधान जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई एक्शन एड से जिला समन्वयक निशा कुरैशी द्वारा सभी का स्वागत व अभिवादन करते हुए एक्शन एक्शन एड के उद्देश्यों के बारे में चर्चा किया संस्था के कार्यक्रम का तीन मुख्य उद्देश्य 1-विद्यालय में उपस्थित को बढ़ाना 2-किशोरियों को सशक्त करना 3-गरीब व वंचित समुदाय को सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ समुदाय को दिलवाने में सहयोग करना) बाल अधिकारों के संरक्षण एवं बच्चों के नेतृत्व विकास को लेकर किया।

# बाइक सवार युवक की अनियंत्रित होकर गिरने से मौत

**बबेरू/बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक सवारी युवक की बाइक अनियंत्रित हो जाने से गिरने से बाइक सवारी युवक की मौत हो गई है मौत की खबर शंकर परिवार में कोहरा मचा हुआ है। मामला बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के किटहाई मोड के पास का है, जहां एक बाइक सवार युवक करनजीत पुत्र झल्लू निवासी खटान कमासिन से अपने गांव बाइक द्वारा जा रहा था, तभी किटहाई मोड़ के पास नशे की हालत में बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिरने से मौत हो गई है। जैसे ही राहगीरों ने देखा तो एंबुलेंस की मदद से कमासिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, और परिजनो को सूचना दिया वही डॉक्टर द्वारा देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया, उधर सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, वहीं सूचना मिलते ही कमासिन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लायें अध्यापक

**जिलाधिकारी ने निपुण विद्यालय अभियान के तहत शिक्षकों को किया संबोधित**

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा मेरा विद्यालय-निपुण विद्यालय अभियान के अन्तर्गत जनपद के 2373 विद्यालयों के अध्यापकों के साथ यूट्यूब के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिये कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लायें तथा इस सुधार की प्रक्रिया में टीचर विशेष रूचि लेकर बच्चों द्वारा की जाने वाली गलतियों को बार-बार सुधार कराकर तथा कोर्स का सप्ताह में दो बार रिवीजन करायें। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की शत्-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने हेतु अभिभावकों की प्रत्येक माह के अंतिम बुद्धवार को पीटीए मीटिंग आयोजित की जायें, इस कार्य में सम्बन्धित ग्राम प्रधानों का सहयोग प्राप्त कर अधिक से अधिक बच्चों के अभिभावकों का प्रतिभाग कराया जाए। पीटीए मीटिंग की सूचना बच्चों की नोटबुक में अंकित कर प्रेषित की जाए। बच्चों की नोटबुक में प्रतिदिन होमवर्क दिया जाए तथा उसको अगले दिन चेक भी करें। उन्होंने निपुण एप के सम्बन्ध में भली-भांति अध्यापकों को जानकारी कर अपने विद्यालय को निपुण बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अपने विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के कमजोर बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें प्रथम पंक्ति में बैठकार उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बच्चों के पास पठन-पाठन की पुस्तकें अवश्य उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि जिन अध्यापकों द्वारा अपने विद्यालय को निपुण बनाने में उत्कृष्ट कार्य किया जायेगा, उन्हें चौम्पियन स्कूल/अध्यापक चयनित कर प्रोत्साहित/सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बेहतर शिक्षण कार्य करने वाले प्रत्येक माह में विकास खण्ड स्तर से एक विद्यालय का चयन कर अध्यापकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।उन्होंने प्रेरणा पोर्टल के अन्तर्गत स्कूल का निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को भी कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए निरीक्षण करें एवं यदि कोई कमी मिले तो सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, अध्यापक एवं सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर तत्काल समस्या का निराकरण करें। उन्होंने विद्यालयों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रखे जाने हेतु प्रत्येक कक्षा में दो ट्यूब लाइट/बल्ब की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत 1676 स्कूलों में नये फर्नीचर की व्यवस्था की गयी है।

# भूमि पैमाइश एवं सीमांकन का कार्य लम्बित नहीं रहने पायें

**डीएम ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं**

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पैलानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए तहसील के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पैमाइश एवं सीमांकन का कार्य लम्बित नही रहने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पैलानी में कुल 118 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिये गये कि सम्बन्धित आवेदन पत्रों का समयबद्धता से गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, शिक्षा व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम बहरेटा के एक फरियादी द्वारा राजकीय नलकूप को ठीक कराये जाने के प्रार्थना पत्र पर अधिशाषी अभियंता नलकूप को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बरेठी कला के लेखपाल के द्वारा अपने कार्य में शिथिलता बरतने एवं समय से कार्य न पूर्ण करने पर सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। सांडी ग्राम निवासी रामविशाल के द्वारा भूमि की पैमाइश कराये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वेंडर मीट का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग भारत सरकार एवं केन्द्रीय सतर्कता कार्यालय, एन टी पी सी लिमिटेड के निर्देशानुसार विंध्याचल परियोजना मे दिनाँक 30 अक्तूबर 2023 से 05 नवम्बर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 03.11.2023 को परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में वेंडर/सप्लायर सम्मेलन का आयोजन सी एंड एम और सतर्कता विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया, जिसमे महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज, परियोजना के सभी महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्ष एवं संविदाकार उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) उद्यमियों के बीच वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को प्रोत्साहित करना,अद्यतन करना और बढ़ाना देना था। साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल में वेंडर मीट 2023 एमएसएमई उद्यमियों को सशक्त बनाने और वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस अवसर पर संकाय सदस्य के रूप मे (एमएसएमई डी एफ ओ) वाराणसी से सहायक निदेशक श्री राजेश कुमार चौधरी एवं श्री वीरेंद्र कुमार राणा उपस्थित रहे। इनके अलावा गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस,आरएक्सआईएल ट्रेड्स,विक्रेता भुगतान पोर्टल और वाराणसी से एमएसएमई विकास और सुविधा कार्यालय सहित सहित विभिन्न संगठनों से सम्मानित संकायों को आमंत्रित किया गया था। इन सभी विशेषज्ञों द्वारा जेम पंजीकरण, एमएसएमई योजनाओं और चालान छूट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 80 वेंडर एवं संविदाकार उपस्थित रहे । सभी लोगों नें अपनी-अपनी समस्याएँ महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण)के समक्ष व्यक्त किये जिसे सभी विभगाध्यक्षों ने उनकी समस्याओं को सुना एवं उनका समाधान किया।

अपर महाप्रबंधक(सतर्कता) श्री एस आर दान द्वारा सभी वेंडर और सप्प्लायर को वेंडर्स से संबन्धित विभिन्न पॉलिसी के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई एवं साथ ही संविदाकारों द्वारा पूछे गए सवालो का उत्तर भी दिया गया।

# अंधाव गांव में जल योद्धा को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जनपद के अंधाव गांव निवासी वाटर हीरो रामबाबू तिवारी ने जल संचयन में अच्छा कार्य करने हेतु किसानों को किया सम्मानित। आपको बताते चलें कि बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा जनपद के अंधाव में तालाब एवं जल संचयन में कार्य कर रहे है किसानों ने गांव-गांव जाकर पानी चौपाल, पानी पंचायत लगाकर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से 3 से तालाबों का जीर्णोद्धार कराया है। गांव में अभियान ष्खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव मेंष् मिशन के तहत गांव में बरसात के पानी को रोकने का खेतों में मेड बंदी कराकर गांव के किसानों ने बारिश की एक एक बूंद को सहजने का कार्य किया है।इससे गांव पानी दार बना हैं।इसके साथ ही साथ गौ आधारित प्राकृतिक खेती भी करने लगे है। परंपरागत खेती मोटे अनाजों को भी बढ़ावा दे रहे हैं।इस अभियान की सराहना 27 जून 2021 को भारत के प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात के रेडियो कार्यक्रम में कर चुके हैं।मिशन संयोजक रामबाबू तिवारी ने बताया कि सामूहिक श्रम साधना के माध्यम गांव में जल संचयन का कार्य किया गया है।यह



जल संचयन का जो सफलतम कार्य गांव में गांव के किसानों द्वारा ही किया गया है वास्तविक लाभ के पात्र किसान ही हैं किसानों का मनोबल बढ़ाने हेतु गांव के किसानों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा है की गांव में जल्द ही वाटर बजट भी पास किया जायेगा।

प्रमुख सम्मानित किसानों में से स्वामी सीताराम महाराज, ब्रजकिशोर दीक्षित, नंद किशोर, देवनाथ गर्ग, सुनील, राजेंद्र तिवारी, शिवबरन यादव, गोरेलाल पासवान, सीताराम सविता प्रमुख रूप से रहे।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति पर किसानों को मिले हर सुविधा: भूपेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** शनिवार को रावटसगंज नगर स्थित रावटसगंज क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड सभा कक्ष का लोकार्पण व कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री शंभू नारायण सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि समिति पर कॉमन सर्विस सेंटर खुलने से क्षेत्र के किसानों व क्षेत्र वासियों को आय, जात, निवास, जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान पंजीयन व सीएससी से जुड़ी अन्य सुविधायें आसानी से कम खर्च पर उपलब्ध हो सकेंगी । बैठक के दौरान समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य सुविधाएं जैसे क्षेत्र वासियों को जेनेरिक दवाएं सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र व उन्नत किस्म के बीज सस्ते मूल्य पर जल्द ही उपलब्ध होगी। सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानो को समृद्ध बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है, सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय दुगनी करने के लिए सरकार दृण संकल्पित है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा ,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा धर्मवीर तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र मिहिर पात्र, रावटसगंज क्रय विक्रय सहकारी समिति के उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी सचिव प्रदीप कुमार, जिला सहकारी बैंक के संचालक सदस्य बलदेव सिंह, अलोपी चंद्र अग्रवाल , संतोष बैसवार, अवधेश पटेल , मंडल अध्यक्ष भाजपा बलराम सोनी , अपर जिला सहकारी अधिकारी अजय कुमार व डॉक्टर सुरेश , इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सतीश कुमार सिंह, समिति के संचालक अनूप तिवारी , रजनीश रघुवंशी ,राजू मिश्रा , पप्पू दुबे , पूर्व सचिव बैकुंठ नाथ शुक्ला समेत क्षेत्र के तमाम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिये एकमुश्त समाधान योजना लागू

- उपभोक्ताओं को 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक मिलेगा लाभ
- किसानों को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा
- उपभोक्ता अपने बकाये का किश्तों में भी भुगतान कर सकेगा
- 30 नवम्बर तक पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलेगा सर्वाधिक लाभ
- विद्युत चोरी में आर.सी. वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट
- ऊर्जा मंत्री की अपील सभी उपभोक्ता योजना का शीघ्र लाभ लेकर अपना बकाया बिल जमा करने का करें प्रयास



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशा अनुरूप तथा ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देशन में प्रदेश की सम्मानित उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की जा रही। यह योजना 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खण्डों में लागू की जायेगी। इस योजना का पहला चरण 08 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा तीसरा चरण 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी गई है तथा अधिकतम 12 किश्तों में अपने बकाये राशि के भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत समस्त विद्युत भार वाले उपभोक्ता में एल.एम.वी.-1 (घरेलू), एल.एम.वी.-2 (वाणिज्यिक), एल.एम.वी.-4बी (निजी संस्थान), एल.एम.वी.-5 (निजी नलकूप) एवं एल.एम.वी.-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को उनके सरचार्ज राशि पर अधिकतम छूट प्रदान की गयी है। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बकाये पर किश्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है। योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को भी एकमुश्त भुगतान या किश्तों के माध्यम से भुगतान की सुविधा दी गई है। उन्हें उनके मूल बकाये और जुर्माने की राशि पर 75 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया है।

योजनान्तर्गत एक किलोवाट तक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं तथा एलएमवी-5 तक के किसान उपभोक्ताओं को 15 दिसम्बर तक बकाये के पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज राशि में 100 प्रतिशत तक की छूट तथा इस दौरान बकाये को 12 किश्तों में जमा करने पर 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके पश्चात पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत तथा 12 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

इसी प्रकार एक किलावाट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किश्तों में भुगतान के दो विकल्प दिये गये हैं। 30 नवम्बर तक अपने बकाये का पूर्ण भुगतान पर 90 प्रतिशत की छूट, तीन किश्तों में भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट तथा 06 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 01 से 15 दिसम्बर तक पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत की छूट, 03 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत तथा 06 किश्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत की छूट, 16 दिसम्बर के बाद पूर्ण भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट, 03 किश्तों में भुगतान पर 60 प्रतिशत तथा 06 किश्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार 03 किलोवाट भार तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा 30 नवम्बर तक अपने बकाये का पूर्ण भुगतान पर 80 प्रतिशत तथा 03 किश्तों में भुगतान पर 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके पश्चात के चरणों में दोनों विकल्पों में भुगतान पर क्रमशः 10 प्रतिशत कम की छूट मिलेगी। इसी प्रकार तीन किलोवाट से अधिक के भार वाले वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा 30 नवम्बर तक पूर्ण भुगतान पर 60 प्रतिशत तथा 03 किश्तों में भुगतान पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## ऊर्जा मंत्री ने की रिन्युएवेल एनर्जी कान्क्लेव की शुरूआत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के विजन वर्ष-2070 तक जीरो नेट एमीशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गैर-परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत उत्पादन बढ़ावा दे रही। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में रिन्युएवल एनर्जी के क्षेत्र में आने वाले निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा और निवेशकों व उद्योगपतियों को सहूलियतें भी प्रदान की जा रही हैं। इससे जहां बिजली उत्पादन में कोयले के प्रयोग में धीरे-धीरे कमी आयेगी और अक्षय ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण को जीवन के अनुकूल बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नभ, वायु, जल, पेड़-पौधों को पूजा जाता है। प्राचीनकाल से ही इनका संरक्षण किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा आज यूपीनेडा द्वारा कृषि उद्यमी कृषक विकास चैम्बर के सहयोग से लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित निवेशकों एवं उद्यमियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश में बायो एनर्जी सेक्टर में नवाचार तकनीकों एवं थर्ड पार्टी निरीक्षण को बढ़ावा दिए जाने हेतु यूपीनेडा एवं आईआईटी दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

## अब तक 57170 ग्राम पंचायतों में किया गया ग्राम चौपालों का आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1531 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4954 प्रकरणो का निस्तारण ग्राम पंचायतों में ही कर दिया गया।

## सहेली शक्ति संस्था ने आयोजित किया डांडिया नाइट



- संगीत की धुन में झूमी संस्था की महिलाएं

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सहेली शक्ति संस्था द्वारा तुलसी शोध संस्थान,रामलीला मैदान,ऐशबाग में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक संगीता, रितु, शालिनी, आरती, रीता, रेनु वंदना गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले कई वर्षो से सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में डांडिया के कार्यक्रम में लोगो ने शालिनी जैन का लाइट और बंधन बार स्टॉल, राशि गुप्ता का चॉकलेट स्टॉल, फूड स्टाल्स प्रखर श्रीवास्तव, नाथ एंटरप्राइजेज द्वारा कपड़ो का स्टॉल, मानसी बंसल द्वारा इयरिंग स्टॉल, सुभाष जायसवाल का वाटर स्टॉल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, दीपावली के फैंसी दीए व सजावट के स्टाल्स में लोगो ने खरीदारी करने के साथ साथ बॉलीवुड संगीत की धुन में महिलाएं जम कर झूमी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेत्री अर्पणा यादव, एडिशनल एसपी कानून व्यवस्था/ महिला अपराध डा. जया शांडिल्य, पूर्व पार्षद शशि गुप्ता, शासकीय अधिवक्ता, शशि पाठक, पूर्व पार्षद साकेत शर्मा,उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी,अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, सौरभ, ममता, अर्चना, मीनल, अनुराधा, रेनू, इशिता, अंश्रिका, अनोखी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में सुन्नी इंटर कॉलेज, विक्टोरियागंज, लखनऊ, राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, मोहान रोड़, लखनऊ तथा प्राथमिक विद्यालय, फतेहगंज में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगता पुर्नवास एवं प्रोस्थेटिक्स व ओर्थोटिक्स के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सुन्नी इंटर कॉलेज विक्टोरियागंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य शकील अहमद, राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय, मोहान रोड़, लखनऊ की प्रधानाचार्या श्रीमती नवीता यादव तथा प्राथमिक विद्यालय, फतेहगंज की प्रधानाचार्या राहिसा खातून अन्य शिक्षकगणों के साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, फतेहगंज यदुनाथ गौतम, अन्य ग्रामवासियों के साथ उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं हस्तक्षेप, कृत्रिम अंग एवं प्रत्यंग पुनर्वास की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई तथा पुनर्वास के क्षेत्र में भविष्य बनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तद्उपरान्त दिव्यांगता के प्रारम्भिक लक्षणों की पहचान हेतु विद्यार्थियों के पैरों तथा रीढ़ की हड्डी का परीक्षण भी किया गया। कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में अध्ययनरत छात्रों के साथ प्रो0 सूरज कुमार, एचओडी, फिजियोथेरेपी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के सभागार में तर्क-वितर्क एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें कुल 196 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजेता प्रतिभागियों को 06 नवम्बर 2023 को पुरस्कृत किया जायेगा।

## टैली कोर्स पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण-पत्र

**महाविद्यालय के बच्चों को कोर्स पूर्ण करते हुये देखता हूँ, तो मुझे बहुत ही गर्व की अनुभूति होती है: प्रो. अजीज़ हैदर**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शिया महाविद्यालय व एम.एस.एम.ई के बीच हुए एमओयू के अर्न्तगत महाविद्यालय में विभिन्न कोर्स संचालित किए जा रहे है। 30 छात्र-छात्राओं को एम.एस.एम.ई. के अर्न्तगत संचालित टैली ई आर पी-09 (एकाउंटेन्सी) कोर्स को पूर्ण करने पर, महाविद्यालय के प्रबन्धक, प्रो. अजीज़ हैदर द्वारा खतीब-ए-अकबर मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर लाइब्रेरी में प्रमाण-पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रबन्धक प्रो. अजीज हैदर ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि जब मैं अपने महाविद्यालय के बच्चों को कोर्स पूर्ण करते हुये देखता हूँ, तो मुझे बहुत ही गर्व की अनुभूति होती है, और एकाउंटेसी के क्षेत्र में तरक्की करें। एम.एस.एम.ई. के समन्वयक डॉ. कीर्ति प्रकाश तिवारी ने कहा कि एम.एस.एम.ई के अन्तर्गत महाविद्यालय में अभी और रोजगारपरक नये कोर्स संचालित किये जायेंगे, जो भविष्य में होने वाली जरूरतों को ध्यान में रखते हुये तैयार किये गये हैं। इस प्रकार के कोर्स को पूर्ण करने पर छात्र/छात्राएं अपना स्वयं का उद्यम भी शुरू कर सकते हैं, और लोगों को रोजगार भी मुहैया करा पाने में समर्थ हो सकते हैं। इस मौके पर वाणिज्य संकायाध्यक्ष, प्रो. अंजुम अबरार, सम्पति अधिकारी, डॉ. एजाज़ अब्बास, प्रो. नवाब मसूद अब्दुल्लाह, प्रो. नूरुल हसन, डॉ. कीर्ति प्रकाश तिवारी, डॉ. अंकुर सिंह सहित महाविद्यालय के अध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## यूपी पीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा व तीसरा मैच संपन्न

- पीडी पैंथर्स टीम की 62 रन से जीत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी पीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब के महामंत्री पंकज यादव ने अवगत कराया पांचवें पीडब्ल्यूडी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच मल्टी आशियाना में आज पैंथर्स और बलरामपुर की टीम के बीच में खेला गया जिसमें बलरामपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पैंथर्स की टीम ने 20 ओवरों में 226 रन बनाए , जिसमें कप्तान सचिन ठाकुर ने शानदार 93 रन की और गौरव ने 38 रन की पारी खेली। बलरामपुर की तरफ से अजय शुक्ला ने दो विकेट लिए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलरामपुर की टीम 20 ओवर में 165 रन बन पाई। बलरामपुर की तरफ से आलोक दुबे ने 51 और संतोष ने 32 रन की पारी खेली। पीडी पैंथर्स टीम ने यह मुकाबला 62 रन से जीत लिया। कप्तान सचिन ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, टूर्नामेंट के तीसरे मैच में आज पीडब्ल्यूडी स्ट्राइकर और पी डी गोरखपुर के बीच सहारा सीएसडी ग्राउंड में खेला गया। स्ट्राइकर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाएं ,जिसमें विवेक सोनी ने 38 और अंशुमन यादव ने 35 रन की पारी खेली। गोरखपुर की तरफ से नितेश और रोहित ने दो-दो विकेट लिए ,जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर की टीम 102 रन बन पाई। गोरखपुर की तरफ से सूरज ने 31 रन बनाए। स्ट्राइकर की तरफ से राजेश सिंह ने चार और आलोक चौधरी ने तीन विकेट लिए। चार विकेट लेने के लिए राजेश सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

पुरस्कारों का वितरण स्पोर्ट क्लब के सचिव पंकज दीक्षित, शिवेश मोहन, आकाश अग्रवाल व विवेक यादव ,अभिजीत व सुमित द्वारा किया गया।

## डॉ. वला जमाल की शायरी हमारे दिलों की धड़कन: प्रो. रेशमां

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** खुन खुन जी डिग्री कॉलेज के उर्दू विभाग में आज ऐन शम्स विश्वविद्यालय, काहिरा, मिश्र की एसोसिएट प्रोफेसर वला जमाल एल असीली उपस्थित हुई। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अंशू केडिया जी ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत करते हुए कहा कि आपके आने से हमारे कॉलेज में एक हर्षोल्लास का माहौल सा छा गया है। हिन्दी और उर्दू दोनों बहने है सिर्फ लिपि का अंतर है, आपका आगमन हिन्दी और उर्दू का संगम है।डॉ. वला जमाल ने छात्र एवं छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि उर्दू से मुझे बहुत मोहब्बत है। इस भाषा के प्रेम में मै खोई रहती हूँ । उन्होंने कहा कि खुनखुन जी पी. जी. कॉलेज प्रो. रेशमा परवीन की दावत में आई हूँ, यहाँ मेरा जो भव्य स्वागत हुआ है उससे मेरा रोम रोम खुशी से झूम उठा है। मै जब भी भारत आउंगी, खुन खुन जी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज जरूर आउंगी।मेरी खुदा से ये दुआ है कि ये चमन ऐसे ही गुलजार रहे। प्रो. रेशमा परवीन जी ने वला जमाल जी का परिचय कराते हुए बताया कि आप कवयित्री और कथाकार है। आप का काव्य सीधा दिलों पर असर करता है। वला जमाल जी के लिए कहा गया ये कथन एकदम सत्य है। इसका सबूत उनका कलाम है। डॉ.वला जमाल ने जो शायरी सुनाई उसे सुनकर छात्र और छात्राएं ही नहीं शिक्षिकाएं भी मंत्रमुग्ध हो गई।

**इस तरह अश्क़ बहाये है तेरी फुरकत में,**
**हो गई है आँखे बेनूर जुलेखा की तरह।**
**हिन्द वालों से दूर रहती मै अगर, उर्दू अदब नहीं होता।**
**सोचती हूँ दरमियाँ अपने बहरे अरब नहीं होता**

तमाम रिश्तों को तोड़ा नहीं अकी उसने, खफा खफा है मगर बोलचाल रखता है।

इस प्रोग्राम में मुमताज़ पी. जी. कॉलेज की उर्दू विभाग की प्रो. परवीन सुजात अपने शिष्यों के साथ आई थी।उन्होंने कार्यक्रम के अंत में वला जमाल जी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों का जबरदस्त योगदान रहा।

## 07 नवम्बर तक मिलेगा एनएचएम कर्मियों को वेतन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दीपावली पर्व के दृष्टिगत प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के लिए 07 नवम्बर तक प्रत्येक दशा में अक्टूबर माह का वेतन निर्गत करने का निर्देश जारी किया गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0 द्वारा समस्त जनपदों को इस संबंध में पत्र दिनांक 04.11.2023 प्रेषित कर निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों में कार्यरत समस्त कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) के अक्टूबर माह का वेतन 07 नवम्बर तक प्रत्येक दशा में निर्गत कर दिया जाए। पूर्व में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 द्वारा भी प्रत्येक माह समसमय वेतन जारी किए जाने के दृष्टिगत समस्त जनपदों को निर्देश जारी किया गया है।

## रोजगार मेला 10 नवम्बर को

**लखनऊ।** राज कुमार यादव, प्रधानाचार्य ने बताया कि 10 नवम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 5 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि कम्पनी में अभ्यर्थी की विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई एवं स्नातक किया हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें आयुसीमा 18 से 35 वर्ष तथा वेतन रूपये 10,638 से 17,186 प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में महिला व पुरूष दोनो अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कुल 550 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## लुलु मॉल में चित्र प्रदर्शनी का सफल समापन

- इस कार्यक्रम से लोगों को भारत के इतिहास को जानने का मौका मिला

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ के द्वारा लुलु मॉल, लखनऊ में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक आर.पी.सरोज, वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गेश त्रिपाठी, अपरमहानिदेशक विजय कुमार और निदेशक मनोज कुमार वर्मा के कर कमलों द्वारा हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक आर पी सरोज ने कहा कि एकता दिवस के मौके पर मॉल में इस तरह की प्रदर्शनी के आयोजन से नई पीढ़ी को सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी, कार्यो और प्रयासों व भारत के इतिहास को जानने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि यहां पर दूसरे विषय की प्रदर्शनी जो 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर थी, उससे आम जनता को केंद्र सरकार द्वारा विगत 9 वर्षो में चलाये गये कार्यक्रमों, नीतियों और उनकी उपल्बधियों का ज्ञान मिला और आम जनमानस को सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वूपर्ण योजनाओं की जानकारी हुई। समापन समारोह सत्र को संबोधित करते हुये पीआईबी के अपर महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि पिछले नौ सालों में विकास की एक नई धारा देश में बह रही है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के ध्येय को सामने रखकर काम करने के कारण दुनिया भर में एक नए और सशक्त भारत की छवि तैयार हुई है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस एवं 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन महिलाओं, बच्चों, विद्यार्थियों, बुजुर्गो और आमजनों ने किया। वर्मा ने कहा कि उनका विभाग इस तरह के आयोजन उतर प्रदेश के अन्य शहरों में करता रहेगा। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी के आयोजन में सहयोग देने के लिये रिजीनल मैनेजर लुलु बीजू सुगाथन, जनरल मैनेजर रीटेल लुलु नुमान अजीज खान और जनरल मैनेजर लुलु माल समीर वर्मा को धन्यवाद दिया। इस आयोजन में केन्दीय संचार ब्यूरो लखनऊ की ओर से लक्ष्मण शर्मा, योगेश कुमार, प्रेम सिंह नेगी, जितेंद्र पाल सिंह और रविन्द्र शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

